निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में 'सबका बीमा सबकी रक्षा विधेयक, 2025' पेश किया

• बोकारो, बुधवार 17 दिसम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 210 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

## अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** जिले के पेंक नारायणपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। यह छापेमारी 13 दिसंबर 2025 को थाना क्षेत्र के कंजकीरो ग्राम स्थित पूर्वाभीता के एक अर्धनिर्मित मकान में की गई। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में अवैध शराब, निर्माण सामग्री और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने कंजकीरो ग्राम निवासी सुरेश महतो को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के पास से अवैध शराब निर्माण और पैकिंग से संबंधित विभिन्न सामग्री जब्त की गई। कुल मिलाकर लगभग 24.06 लीटर अवैध शराब बरामद हुई है। अभियुक्त के पास से एक नीले रंग का मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। छापेमारी के दौरान 20 प्लास्टिक बोरियों में लगभग 800 छोटी-बड़ी खाली शराब की कांच की बोतलें, 200 लीटर का एक प्लास्टिक ड्रम और शराब भरने के लिए 20 छोटे तथा लगभग 100 बड़े खाली प्लास्टिक बोतलें मिलीं। पुलिस ने 40 लीटर के 2 प्लास्टिक जार, 20 लीटर के 20 पानी वाले जार, कार्टून के 8 बंडल, व्हिस्की, माल्टा, पाइनएप्पल जैसे विभिन्न प्रकार के फ्लेवर केमिकल सहित अन्य रसायन भी जब्त किए। इसके अतिरिक्त लोहा एवं स्टील से बना शराब बनाने का यंत्र, शराब की बोतलों के ढक्कन, स्टिकर और बारकोड भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार इस मामले में आगे की जांच जारी है और अवैध शराब नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

## ओल चिकी लिपि के शताब्दी समारोह में शामिल होंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रही हैं। वह 28 दिसंबर को रांची पहुंचेंगी। 28 और 29 को उनका रांची स्थित लोकभवन (राजभवन) में विश्राम करेंगी। अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह 29 को जमशेदपुर जाएंगी जहां अपने पहले कार्यक्रम के तहत संथाली भाषा की ओल चिकी लिपि के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित शताब्दी समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद एनआईटी जमशेदपुर के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद 30 दिसंबर को गुमला दौरे के बाद फिर दिल्ली रवाना हो जाएंगी। संथाली भाषा की ओल चिकी लिपि के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शताब्दी समारोह का भव्य समापन जमशेदपुर में होगा। समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। यह जानकारी ऑल इंडिया संथाली राइटर्स एसोसिएशन के महासचिव रवींद्र नाथ मुर्मू ने दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन जाहेरथान कमेटी और ऑल इंडिया संथाली राइटर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 22वें संथाली भाषा दिवस के तहत किया जा रहा है। आठ दिवसीय यह शताब्दी समारोह 22 से 29 दिसंबर 2025 तक दिल्ली, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम और झारखंड में आयोजित होगा। जमशेदपुर में 27, 28 और 29 दिसंबर को विशेष कार्यक्रम होंगे जिसमें देशभर से संथाली साहित्यकार, बुद्धिजीवी और सामाजिक कार्यकर्ता भाग लेंगे। शताब्दी समारोह के दौरान संथाली समाज से जुड़े कई समसामयिक और संवेदनशील विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसमें नारी चेतना, समाज में महिलाओं की



भूमिका, संथाली कवि सम्मेलन, शहरीकरण का संथाली भाषा पर प्रभाव और डिजिटल युग में संथाली भाषा व संस्कृति के विकास जैसे विषय प्रमुख हैं। आयोजकों के अनुसार समापन समारोह में झारखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मयूरभंज के सांसद कालीचरण सोरेन और ओडिशा की दामयंती बेसरा भी मौजूद रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस अवसर पर संथाली भाषा और संस्कृति के संरक्षण व विकास को लेकर अपने विचार साझा करेंगी। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में सीमित संख्या में लोगों को ही प्रवेश दिया जाएगा और इसके लिए पूर्व रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 29 दिसंबर को दूसरा महत्वपूर्ण कार्यक्रम राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर में प्रस्तावित है। यहां वह 15वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। एनआईटी के निदेशक प्रोफ़ेसर गौतम सूत्रधार के अनुसार राष्ट्रपति का कार्यक्रम लगभग एक घंटे का होगा। इस दौरान वह बीटेक और एमटेक की एक-एक छात्रा को गोल्ड मेडल से सम्मानित करेंगी। दीक्षांत समारोह में करीब 1000 छात्र-छात्राओं के बीच डिग्रियों का वितरण किया जाएगा। इसी कार्यक्रम में राष्ट्रपति शामिल होंगी। राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की लगातार समीक्षा की जा रही है। सरायकेला के उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह और एसपी मुकेश लुनायत सहित कई वरीय प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने एनआईटी परिसर और करनडीह स्थित दिशोम जाहेर परिसर का सघन जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन का कहना है कि राष्ट्रपति के दौरे के दौरान किसी भी स्तर पर कोई चूक न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम कर रहे हैं।

### संक्षिप्त समाचार

#### शराब घोटाला मामले में डीसी का बयान दर्ज

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** शराब घोटाला मामले में रांची के सिविल कोर्ट परिसर स्थित न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मंगलवार को अपना बयान कमलबद्ध कराया है। आइएएस अधिकारी कर्ण सत्यार्थी उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के पूर्व आयुक्त उत्पाद सह झारखंड स्टेट बेवरेजेज कारपोरेशन लिमिटेड के पूर्व प्रबंध निदेशक थे। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 183 के तहत उक्त बयान दर्ज कराया है। उनके बयान की कापी को भी सीलबंद करके एसीबी कोर्ट में सुपुर्द किया जाएगा।

#### नवविवाहिता की संदेहास्पद मौत

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी के लोअर बाजार इलाके में रहने वाली एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। सजबीन परवीन का शव उसके कमरे में संदेहास्पद हालत में मिला है। परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी को मार कर आत्महत्या का रूप दिया गया है। जैसे ही परवीन की मौत की जानकारी उसके मायके वाले को हुई उन्होंने आनन-फानन में रांची पहुंचकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान ससुराल पक्ष और मायका पक्ष के बीच मारपीट भी हुई। मामले की जानकारी मिलते ही लोअर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

#### गैस टैंकर पलटा चालक की मौत

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पालकोट प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को एक गैस टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में चालक की मौत हो गई जबकि उपचालक सुरक्षित बच गया। यह घटना बंगरू हरजोड़ा के पास हुई। मृतक चालक की पहचान नालंदा निवासी 40 वर्षीय अजय कुमार सिंह के रूप में हुई है। उपचालक 23 वर्षीय कुणाल कुमार को कोई चोट नहीं आई। सूचना मिलने पर पालकोट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल गुमला भेज दिया है।

## 26 इनामी समेत 34 नक्सलियों ने 'पूना मार्गेम' के तहत किया समर्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को 34 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, जिनमें से 26 पर कुल 84 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इनमें सात महिलाएं भी शामिल हैं। ये कैडर दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी), तेलंगाना स्टेट कमेटी और आंध्र-ओडिशा बॉर्डर डिवीजन में सक्रिय थे। मुख्य कैडरों में पांडू पुनेम (45), रुकनी हेमला (25), देवा उइका (22), रामलाल पोयम (27) और मोटू पुनेम (21) शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक पर आठ लाख रुपये का इनाम था। आत्मसमर्पण वरिष्ठ पुलिस एवं सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष 'पुना मार्गेम' (पुनर्वास से सामाजिक पुनर्स्थापन) पहल के तहत हुआ। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव के अनुसार, राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत प्रत्येक को तत्काल 50 हजार रुपये की सहायता के साथ कौशल विकास प्रशिक्षण एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।सरकार की इस नीति से प्रभावित होकर पिछले दो वर्षों में दंतेवाड़ा जिले में 824 नक्सलियों ने हिंसा छोड़ मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया है। आत्मसमर्पित कैडरों के परिवार भी उन्हें सामान्य जीवन जीने की प्रेरणा दे रहे हैं। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि ये कैडर दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी, तेलंगाना राज्य कमेटी और माओवादियों के आंध्र ओडिशा बॉर्डर डिवीजन में सक्रिय थे। राज्य सरकार की पुनर्वास नीति माओवादियों को हिंसा छोड़ने के लिए आकर्षित कर रही है। यादव ने कहा कि जिन लोगों ने सरेंडर किया है, उनके परिवार भी चाहते हैं कि वे सामान्य जीवन जिएं और समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलें। उन्होंने बताया कि सरकार की सरेंडर और पुनर्वास नीति से प्रेरित होकर, पिछले दो साल में दंतेवाड़ा जिले में 824 माओवादियों ने हिंसा छोड़ दी है और सामाजिक मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं।

## महिला चौकीदार की हत्या कर हमलावर ने लगायी फांसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला मुख्यालय से सटे पोटका थाना क्षेत्र में महिला चौकीदार की गला रेतकर हत्या करने के बाद हमलावर ने फांसी लगाकर जान दे दी। नवनियुक्त चौकीदार ज्योतिका हेम्ब्रोम की मंगलवार को दिनदहाड़े हत्या कर दी गयी। उसकी लाश हाता-जादूगोड़ा मुख्य मार्ग पर छोटा सिगदी की ओर जाने वाली सड़क पर मिली है। घटना दोपहर 12 बजे की है। चौकीदार ज्योतिका हेम्ब्रोम अंचल कार्यालय में हाजिरी बनाकर स्कूटी से ड्यूटी क्षेत्र में जा रही थी तभी हमलावर ने गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार हो गया। ज्योतिका हेम्ब्रोम की स्कूटी बगल में सही सलामत खड़ी थी। हेमलेट सीट के ऊपर रखा था। पोटका थाना प्रभारी मनोज कुमार मुर्मू ने बताया कि सूचना मिलने के बाद हमलावर को पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू की गयी। ज्योतिका हेम्ब्रोम कालिकापुर के केंडमूड़ी की रहने वाली थी, जो घर की इकलौती पुत्री थी। चौकीदार के रूप में उनकी नियुक्ति 8 माह पूर्व अप्रैल 2025 में हुई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि इस घटना को जाहातू गांव के युवक गणेश माझी ने अंजाम दिया था। ज्योतिका की हत्या करने के बाद गणेश माझी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खबर है कि गणेश मांझी चौकीदार ज्योतिका हेम्ब्रोम से प्रेम करता था। पुलिस ने दोनों के शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

#### अज्ञात युवक का शव बरामद

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** तोपचांची थाना अंतर्गत भंवरदाहा बाका पुल के नीचे मंगलवार को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। राहगीरों ने सुबह पुल के पास शव देखा जिसके बाद उन्होंने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही तोपचांची थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। हालांकि युवक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

## छात्रवृत्ति का जल्द भुगतान नहीं हुआ तो होगा उग्र आंदोलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** लंबित छात्रवृत्ति की भुगतान की मांग तेज हो गई है। राज्य सरकार के खिलाफ छात्रों के साथ-साथ अब राजनीतिक संगठन से जुड़े युवा भी मुखर होने लगे हैं। पिछले दो वर्ष से राज्य के लाखों छात्रों को नहीं मिल रही छात्रवृत्ति को लेकर मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। इस दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जिला स्कूल से अल्बर्ट एक्का चौक तक अर्थी जुलूस निकालकर सरकार विरोधी नारे लगाए। आंदोलन कर रहे भाजयुमो कार्यकर्ताओं की मांग लंबित छात्रवृत्ति के भुगतान को लेकर था। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज के नेतृत्व में जुलूस जिला स्कूल से अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचा जहां अर्थी जुलूस लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। सरकार विरोधी नारे के बीच भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने बीच चौराहे पर पुतला दहन किया। इस मौके पर भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि एक तरफ छात्र परेशान हैं और सरकार निश्चिंत है। छात्रवृत्ति नहीं मिलने का कारण सरकार टेक्निकल वजह बताकर अपनी खामी छुपाने में लगी है। यदि छात्रों को छात्रवृत्ति का भुगतान जल्द नहीं किया जाएगा तो इससे भी उग्र आंदोलन भाजयुमो के कार्यकर्ता करेंगे। इस अवसर पर महानगर भाजपा के वरुण साहू ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दो वर्ष से राज्य के लाखों छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है और राज्य सरकार सिर्फ बहाना बना रही है।

## आग लगने से दो की मौत, बेटे-बहू की हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** जिले के सरायढेला थाना क्षेत्र के विकास नगर स्थित चिंतामणि निवास में सोमवार देर रात भीषण आग लग गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि छह लोग बुरी तरह झुलस गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद सरायढेला थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की पहचान 70 वर्षीय चिंता देवी और 18 वर्षीय गोलू के रूप में हुई है। बताया जाता है कि प्रशांत कुमार उर्फ गोलू 15 दिन पहले पटना से अपनी नानी चिंतामणि देवी के घर आया था। घटना के समय घर में कुल 15 लोग मौजूद थे। पहले तल्ले पर 8 लोग, दूसरे तल्ले पर 3 लोग और तीसरे तल्ले पर 4



लोग सो रहे थे। वहीं चिंतामणि देवी के बड़े बेटे कुंदन प्रसाद और बहू ज्योति बच्चों के साथ ग्राउंड फ्लोर पर सोई हुई थी। इसमें चिंतामणि देवी और उसका नाती गोलू भी सोया हुआ था। चिंतामणि देवी रात करीब 12 बजे हीटर चालू करके अपने कमरे में सो रही थीं। इस दौरान करीब एक बजे लोगों को आग लगने का पता चला। परिजन और स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग के भयावह होने के कारण उसपर काबू नहीं पाया जा सका। हादसे में कुंदन का भांजा गोलू प्रसाद और उसकी नानी चिंता देवी गंभीर रूप से झुलस गए जिससे दोनों की मौत हो गई। वहीं ग्राउंड फ्लोर पर सो रहे छह लोग भी आग की चपेट में आ गए जिनमें से कुंदन प्रसाद और बहू ज्योति की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। सूचना पाकर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निशमन विभाग के प्रभारी दीपक उरांव ने बताया कि घर संकरी गली में होने के कारण दमकल गाड़ियों को मौके पर पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घर के मेन गेट पर भी ताला लगा था, नहीं तो सभी की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने कहा कि घर में रूम हीटर लगा था जिससे आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट से ही लगा है।

## गिरिडीह व आसपास के क्षेत्रों में रेलवे का होगा विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** रेलवे के विकास को लेकर आज एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल सामने आई है। गिरिडीह चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से नई दिल्ली में मुलाकात कर गिरिडीह एवं आसपास के क्षेत्रों से जुड़ी प्रमुख रेलवे मांगों पर विस्तार से चर्चा की। यह बैठक कोडरमा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के विशेष प्रयासों और सहयोग से संभव हो सकी, जिनके माध्यम से प्रतिनिधिमंडल को रेल मंत्री से समय प्राप्त हुआ। प्रतिनिधिमंडल को संगठित कर रेल मंत्री तक पहुंचाने में जिला कोषाध्यक्ष मुकेश जलान एवं ज़रूसीसी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष गुनवंत सिंह मोंगिया, सीए व कोषाध्यक्ष विकास खेतान, जीडीसीसी मुकेश जलान जिला कोषाध्यक्ष एवं सदस्य, जेडआरयूसीसी तथा संजीव कुमार प्रदेश मंत्री, भाजपा युवा मोर्चा झारखंड उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम हावड़ा गया वंदे भारत एक्सप्रेस का विषय रखा गया, जिस पर यह सहमति बनी कि यह ट्रेन न्यू गिरिडीह होकर सप्ताह में तीन दिन चलाई जाए, जिससे गिरिडीह, पारसनाथ और कोडरमा क्षेत्र को तेज़ एवं आधुनिक रेल सेवा का लाभ मिलेगा। इसके बाद देवघर-जसीडीह वाराणसी वंदे भारत को न्यू गिरिडीह कोडरमा होकर सप्ताह में तीन दिन चलाने का प्रस्ताव रखा गया ताकि बाबाधाम, काशी विश्वनाथ और पारसनाथ जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों को एक मजबूत



आध्यात्मिक रेल कॉरिडोर से जोड़ा जा सके। प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली-गोड्डा वंदे भारत को भी सप्ताह में तीन दिन चलाने की मांग रखी, क्योंकि वर्तमान में गोड्डा नई दिल्ली ट्रेन अत्यधिक भीड़ और लंबी प्रतीक्षा सूची से जूझ रही है। इस पर भी सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया गया। माल ढुलाई के विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रतिनिधियों ने न्यू गिरिडीह स्टेशन पर रैक प्वाइंट को और लंबा करने तथा बढ़ते औद्योगिक उत्पादन को देखते हुए एक अतिरिक्त नया रैक प्वाइंट विकसित करने की आवश्यकता बताई। इस पर सहमति बनी कि न्यू गिरिडीह को एक मजबूत लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित किया जाए। साथ ही यह भी बताया गया कि महेशमुंडा रैक प्वाइंट का टेंडर हो चुका है लेकिन अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। इस विषय पर भी संज्ञान लेते हुए निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया गया। इसके अतिरिक्त गिरिडीह-कोडरमा-मधुपुर रेलखंड पर डबल लाइन, पारसनाथ गिरिडीह सेक्शन पर यात्री सुविधाओं में सुधार तथा स्टेशन विस्तार एवं शेड निर्माण जैसे विषयों पर भी संक्षिप्त लेकिन सार्थक चर्चा हुई और सभी बिंदुओं पर सकारात्मक रुख सामने आया प्रतिनिधिमंडल ने गिरिडीह की औद्योगिक और खनिज महत्ता कोयला, अभ्रक, स्टोन चिप्स, डोलोमाइट आदि का उल्लेख करते हुए कहा कि बेहतर रेल अवसंरचना से रेलवे राजस्व में भारी वृद्धि होगी और क्षेत्र में रोजगार एवं व्यापार को नया बल मिलेगा। गिरिडीह चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए आभार व्यक्त किया तथा विशेष रूप से अन्नपूर्णा देवी की सराहना की, जिनकी सक्रिय भूमिका, संवेदनशीलता और सहयोग से गिरिडीह की वास्तविक आवश्यकताएं केंद्र सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचीं। चैंबर का विश्वास है कि इन निर्णयों के क्रियान्वयन से गिरिडीह जिले के उद्योग, व्यापार, धार्मिक पर्यटन और समग्र आर्थिक विकास को नई दिशा मिलेगी और यह क्षेत्र झारखंड के प्रमुख विकास केंद्रों में शामिल होगा।

## जेल में एसीबी ने विनय सिंह से की पूछताछ

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** जमीन व शराब घोटाला के अलावा आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले के आरोपित आटोमोबाइल कारोबारी विनय सिंह से एसीबी के अधिकारियों की एक टीम ने मंगलवार को जेल में पूछताछ की। न्यायालय से अनुमति के बाद एसीबी के अधिकारियों की टीम जेल में पूछताछ करने गई थी। कारोबारी विनय सिंह वर्तमान में हजारीबाग के लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में बंद हैं। उनसे सर्वाधिक सवाल हजारीबाग में वन भूमि घोटाले में ही की गई है। विनय चौबे के हजारीबाग के उपायुक्त के कार्यकाल में वन भूमि की रजिस्ट्री विनय सिंह व उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह के नाम पर हुई थी, जिसकी जांच एसीबी हजारीबाग की टीम कर रही है।

# उपायुक्त के जनता दरबार में आमजनों ने रखीं अपनी समस्याएं, त्वरित समाधान के निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आज 16 दिसंबर को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने आवेदन एवं शिकायतों के साथ उपस्थित हुए।

उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित पदाधिकारियों को मामलों के त्वरित एवं संवेदनशील निपटारे का निर्देश दिया। जनता दरबार में मुख्य रूप से पेंशन स्वीकृति, राशन कार्ड त्रुटि सुधार,आवास, आपूर्ति, भूमि विवाद, ऑनलाइन रसीद निर्गतिकरण, पारिवारिक विवाद, विद्यालय में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के संबंध में रोजगार एवं विभिन्न योजनाओं से जुड़ी आवेदन सामने आईं।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदन निर्धारित समयसीमा में निष्पादित किए जाएं।

**आज आए प्रमुख मामले एवं दिए गए निर्देश**

केरेडारी प्रखंड की सुमा देवी ने अपनी निजी जमीन के बगल में सुबोध साव व अन्य द्वारा अवैध चिमनी भट्ठा लगाने तथा इसके कारण बगल की भूमि पर लगे फसल एवं पौधों को नुकसान पहुंचने के सम्बद्ध में शिकायत की, इस पर उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। इचाक के सूरज कुमार दास द्वारा बंदोबस्ती जमीन पर मुंशी साव एवं पुतिन साव द्वारा जबरन जमीन से बेदखल करने के संबंध में आवेदन दिया,इस पर उपायुक्त ने सीओ इचाक से रिपोर्ट की मांग की तथा एसडीओ, सदर को मामले की जांच करने का निर्देश दिया। नाजीर हुसैन द्वारा मौजा अतिया कटकमसांडी अंचल द्वारा जमीन का ऑनलाइन रसीद नहीं निर्गत करने के संबंध में आवेदन दिया,इस पर उपायुक्त में सीओ से अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।



सदर के मंडई खुर्द के मनोज कुमार सोनी ने परिवारजनों द्वारा बिना घरेलू बटवारा किए जमीन बिक्री करने से रोकने हेतु जमीन बिक्री पर रोक लगाने के संबंध में गुहार लगाई,इस पर उपायुक्त में सब रजिस्ट्रार को नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

सदर मंडई कला निवासी सुषमा सिन्हा द्वारा मंडई कला स्थित पूर्वजों के नाम हासिल जमीन पर भू माफियाओं के गिरोह द्वारा गैर कानूनी तरीके से जमीन हथियाने एवं महिला से गंभीर रूप से मारपीट करने के संबंध में न्याय हेतु आवेदन दिया। इस पर उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक को मामले की जांच करने को लेकर आवेदन अग्रसारित किया।

इस अवसर पर उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि—प्रशासन का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना है। सभी अधिकारी जनता की शिकायतों को प्राथमिकता पर लेकर निर्धारित समयसीमा में निष्पादित करें।

# 'प्रशासन की उदासीनता का खामियाजा भुगत रहे नौनिहाल, कीचड़ भरे गड्ढे से स्कूल जाने को मजबूर बच्चे'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित विद्यालय कोनहारा कला के छात्र-छात्राएं इन दिनों गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। विद्यालय आने-जाने का मुख्य रास्ता किचड़ युक्त गड्ढे में तब्दील हो चुका है, जिससे बच्चों को प्रतिदिन जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। मंगलवार को हालात इतने खराब हो गए कि बच्चे स्वयं गड्ढे को भरते हुए नजर आए।



विद्यालय की प्रधानाध्यापिका चंपा देवी ने बताया कि विद्यालय की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। इसके अलावा, विद्यालय आने-जाने वाले रास्ते पर एक व्यक्ति द्वारा गलत मंशा से लगातार पानी बहाया जा रहा है, जिससे रास्ता कीचड़मय हो गया है। इस स्थिति में न सिर्फ बच्चों बल्कि शिक्षकों और शिक्षिकाओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि स्कूल की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर पहले ही बरकट्ठा अंचल कार्यालय और थाना में लिखित आवेदन दिया जा चुका है। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिसका खामियाजा मासूम बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। बच्चों के फिसलने और चोटिल होने का खतरा बना रहता है, जिससे अभिभावकों में चिंता बढ़ गई है। प्रशासन की उदासीनता के चलते समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय की जमीन से अतिक्रमण हटाया जाए और आने-जाने के रास्ते को अविलंब दुरुस्त किया जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित और सुगम वातावरण में शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार मिल सके।

# 'इरादे नेक हों तो बदलाव संभव : नगड़ी गांव के बिरहोर टोला में लौटी गरिमा और उम्मीद'

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के चुरचू प्रखंड अंतर्गत नगड़ी गांव का बिरहोर टोला वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन कर रहा था। जर्जर मकान, बरसात में टपकती छतें, अंधकार, गंदगी और सर्दियों में बच्चों की परेशानी—यह सब उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन चुका था। कठिन हालात थे, पर सुनने और बदलने वाला कोई नहीं था।

इसी बीच प्रशासनिक भ्रमण के दौरान उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह नगड़ी गांव पहुँचे। गांव की बदहाली, बच्चों की मासूम आँखें और समुदाय की असहाय स्थिति देखकर वे द्रवित हो उठे। मौके पर ही उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इन घरों को तत्काल रहने योग्य बनाया जाए और इसे प्राथमिकता पर लिया जाए।

उपायुक्त के निर्देश के बाद परिवर्तन की प्रक्रिया तेजी से शुरू हुई। सीएसआर मद से एनटीपीसी के सहयोग से घरों की मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया गया। जर्जर दीवारें सुदृढ़ हुईं, टूटे छप्पर बदले गए और कमरों को सुरक्षित व व्यवस्थित रूप दिया गया। कुछ ही समय में गांव की तस्वीर बदल गई। जहाँ पहले दीवारों से पानी रिसता था, वहाँ अब मजबूत छतें हैं। जहाँ अंधेरा और गंदगी थी, वहाँ रोशनी और स्वच्छता का माहौल है। सर्दियों में ठिठुरने वाले बच्चे अब सुरक्षित कमरों में सुकून की नींद ले रहे हैं।



सबसे सुखद परिवर्तन यह है कि बिरहोर समुदाय के बच्चे अब खिलखिलाते हुए व्यवस्थित कमरों में पढ़ाई कर रहे हैं और नए सपने देख रहे हैं। यह पहल केवल मकानों की मरम्मत नहीं, बल्कि गरिमा, सुरक्षा और उम्मीद की पुनर्स्थापना है।

नगड़ी गांव में आया यह बदलाव दशार्ता है कि सही दिशा में लिया गया एक संवेदनशील निर्णय पूरे समुदाय का भविष्य बदल सकता है। इस परिवर्तन के केंद्र में माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार की सकारात्मक सोच और उनके निर्देश पर हजारीबाग के उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की तत्परता, संवेदनशीलता और दृढ़ संकल्प रहा, जिसने बिरहोर समुदाय के जीवन में नई रोशनी ला दी। 'इरादे अगर नेक हों, तो हर मुश्किल आसान हो जाती है—नगड़ी गांव इसका जीता-जागता उदाहरण है।'

## भीषण ठंड में राजद जिला अध्यक्ष ने गरीबों के बीच कंबल का किया वितरण

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरिडीह में नगर निगम वार्ड नंबर 5 में राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष इरफान आलम तथा उनकी धर्मपत्नी गुलनाज प्रवीण के द्वारा गरीब बुजुर्ग पुरुष महिलाओं के बीच इस ठंड के मौसम में ठंड से बचाव के लिए गरम पोशाक सहित कंबल का वितरण जिला अध्यक्ष इरफान आलम एवं उनकी मैडम के कर कमलों द्वारा वितरित किया गया तथा उन पिता तुल्य बूढ़े बुजुर्गों और माता तुल्य बूढ़ी महिलाओं को कंबल देकर सम्मानित किया गया जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने कहा कि गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र में हमारा दायित्व बनता है कि हम गिरिडीह के गरीब गुरबों की उम्मीदों को पूरा करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकूं।

# बरही में विशेष वाहन जांच अभियान, 11 वाहनों से 15 हजार रुपये का जुर्माना वसूला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** सड़क सुरक्षा को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से सोमवार को बरही थाना परिसर के बाहर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान प्रभारी थाना प्रभारी संतोष कुमार के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान के दौरान करीब 25 दोपहिया वाहनों की जांच की गई।

जांच में 10 बाइक सवार बिना हेलमेट के तथा एक बाइक सवार बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के पाया गया। नियमों के उल्लंघन पर कुल 11 वाहनों से 15 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया। साथ ही बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में यातायात नियमों का पालन करें और हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं। इस मौके पर प्रभारी थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाने और आम लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की जांच आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी। वाहन जांच के दौरान मौके पर कई सशस्त्र बल के जवान भी तैनात रहे, जिससे अभियान शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न हुआ।



# सूर्यकुंड मेला की बंदोबस्ती 86.50 लाख रुपये में संपन्न, विजय नायक को मिला ठेका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा प्रखंड के प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल सूर्यकुंड में मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित होने वाले 15 दिवसीय ऐतिहासिक सूर्यकुंड मेला की बंदोबस्ती की प्रक्रिया बरकट्ठा अंचल कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई। मेला नीलामी के लिए आयोजित डाक बोली में कुल सात लोगों ने भाग लिया।

डाक बोली के दौरान पांच पांडव के विजय नायक ने सर्वाधिक 86 लाख 500 रुपये की बोली लगाकर मेला बंदोबस्ती हासिल की। वहीं धीरेंद्र पांडेय ने 86 लाख रुपये और सी.के. पांडेय ने 85 लाख रुपये की बोली लगाई। सबसे अधिक बोली के आधार पर अंचल पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग ने विजय नायक के नाम मेला बंदोबस्त की घोषणा की। गौरतलब है कि सूर्यकुंड मेला मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित होने वाला एक विशाल एवं ऐतिहासिक मेला है, जिसमें सूर्यकुंड के गर्म जल में मकर स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। झारखंड के अलावा बिहार, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु मकर स्नान कर मेले का आनंद उठाते हैं। मेला नीलामी की प्रक्रिया के दौरान प्रमुख रेणु देवी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, उप प्रमुख सुरजी देवी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी, संतोष कुमार देव, रीतलाल प्रसाद, देवेन्द्र पांडेय, जागेश्वर नायक, शिशिर पांडेय, प्रदीप कुमार, राजकुमार मंडल, ज्ञानी प्रसाद, अर्जुन राणा, महादेव यादव, त्रिवेणी यादव, अंचल प्रधान लिपिक राजेश कुमार, अंचल नाजिर अजीत कुमार, अंचल अमीन अजमल अंसारी, इमरान अंसारी, संजय साव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।



## वोट चोर गद्दी छोड़ जिला में हो इस बात पर भी चर्चा : धनंजय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के राजू से कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने मंगलवार शाम को दिल्ली के इंदिरा भवन में मुलाकात किया सिंह ने बताया कि प्रभारी ने वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में जिले से कितनी भागीदारी हुई इस पर बात हुई साथ ही 20सूत्री कमिटी सहित कई मुद्दे पर बातचीत हुई।

सिंह ने उन्हें गिरिडीह आने का आमंत्रण दिया और एक रैली वोट चोर गद्दी छोड़ जिला में हो इस बात पर भी चर्चा हुई।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष के बीच मारपीट, आठ घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पचंबा थाना क्षेत्र के तेलोडीह में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में एक पक्ष के आठ लोग घायल हो गए, सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

घायलों में नूरजहां खातून, अमना खातून, सरफुद्दीन अंसारी, आशमा खातून, अफशाना खातून, मुस्लिम अंसारी, नाजवून खातून और कुलसुम बीबी शामिल है, घटना के संबंध में घायल नूरजहां खातून ने बताया कि लंबे समय से गोतिया लोगों के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। सोमवार को जब दूसरे पक्ष द्वारा विवादित जमीन पर बाउंड्री कराए जाने की जानकारी मिली तो वे लोग मौके पर पहुंचकर विरोध करने लगे। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी, डंडा और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पचंबा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा. पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# रोटरी गिरिडीह ग्रेटर व गोवर्धन लाल नर्सिंग होम के संयुक्त तत्वाधान में स्नेहदीप वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए आज रोटरी गिरिडीह ग्रेटर एवं गोवर्धन लाल नर्सिंग होम के संयुक्त तत्वाधान में स्नेहदीप वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें बुजुर्ग महिलाओ एवं पुरुषों को स्वास्थ्य का परीक्षण डॉक्टर विकास लाल के द्वारा किया गया और सभी वृद्ध जनों को दवाई दी गई।

साथी ही दोपहर का भोजन का व्यवस्था भी किया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटरी गिरिडीह ग्रेटर के अध्यक्ष सीए शंकर अग्रवाल, सचिव सीए रवि गाड़ियां, कार्यक्रम समन्वयक अनिल मिश्रा, कोषाध्यक्ष सीए दीपक संथालिया, पूर्व अध्यक्ष सुजय राज गुप्ता, आईपीपी सीए ब्रह्मदेव प्रसाद, सीए आकाश रोशन, पूर्व अध्यक्ष विकास शर्मा, इंजीनियर अजय कुमार गुप्ता,मनीष गुप्ता एवं गोवर्धन लाल नर्सिंग होम के नर्सिंग स्टाफ का विशेष योगदान रहा।



# 'वृद्धजनों की पीड़ा पर संसद में सवाल : सांसद मनीष जायसवाल ने वृद्ध आश्रमों की बढ़ती संख्या पर सरकार को घेरा'

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान मंगलवार को बुजुर्गों से जुड़े एक गंभीर और संवेदनशील सामाजिक मुद्दे को मजबूती से उठाया। उन्होंने सदन में उन वरिष्ठ नागरिकों की स्थिति पर चिंता जताई, जिन्हें पारिवारिक उपेक्षा के कारण वृद्धा आश्रमों में जीवन बिताने के लिए विवश होना पड़ रहा है।



सांसद मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि बुजुर्ग किसी भी राष्ट्र की अनुभवी धरोहर और संस्कारों के वाहक होते हैं। वर्तमान में देश में लगभग 10 करोड़ बुजुर्ग हैं और अनुमान है कि वर्ष 2050 तक यह संख्या बढ़कर 30 करोड़ तक पहुँच जाएगी। आज भारत एक युवा राष्ट्र है, लेकिन भविष्य में यही देश बुजुर्ग राष्ट्र के रूप में भी जाना जाएगा, जिसके लिए अभी से ठोस नीति और संवेदनशील दृष्टिकोण आवश्यक है। उन्होंने सरकार से सवाल करते हुए पूछा कि पारिवारिक मूल्यों में आ रही गिरावट, रिश्तों में बढ़ती खटास और स्वास्थ्य व देखभाल की कमी के कारण बुजुर्गों को वृद्धा आश्रमों में छोड़े जाने की प्रवृत्ति को रोकने के लिए सरकार क्या ठोस पहल कर रही है। इसके जवाब में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री बी. एल. वर्मा ने कहा कि बुजुर्ग समाज का गौरव और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 से ही 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की भावना के साथ समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने पर बल दिया है। मंत्री ने 2011 की जनगणना का हवाला देते हुए बताया कि उस समय देश में लगभग 10 करोड़ 38 लाख बुजुर्ग थे और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने स्वीकार किया कि छोटे परिवारों की बढ़ती प्रवृत्ति, रोजगार के कारण पलायन और सामाजिक बदलावों के चलते वरिष्ठ नागरिकों का परिवार से अलग होना आज एक बड़ी चुनौती बन चुका है। मंत्री जब अपने उत्तर को विस्तार दे रहे थे, तभी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें हस्तक्षेप करते हुए सांसद के प्रश्न का सीधा उत्तर देने को कहा। इसके बाद मंत्री ने संक्षेप में बताया कि सरकार शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से भावी पीढ़ी को बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए प्रयास कर रही है। इसके तहत स्कूलों में दादा-दादी और शिक्षकों के साथ 'ग्रैंड पेरेंट्स मीटिंग' का आयोजन किया जा रहा है, ताकि पीढ़ियों के बीच आपसी प्रेम और सम्मान की भावना विकसित हो सके। मंत्री के उत्तर से असंतुष्ट होकर सांसद मनीष जायसवाल ने दोबारा सवाल उठाया और कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति का वास्तविक पैमाना यह है कि वह अपने बुजुर्गों को कितना सम्मान, सुरक्षा और सहारा देता है। उन्होंने एकीकृत वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रम के तहत देश में संचालित वरिष्ठ नागरिक गृहों की संख्या, विशेष रूप से बिहार और झारखंड में उनकी स्थिति तथा भविष्य में इनकी संख्या बढ़ाने को लेकर सरकार की योजना पर स्पष्ट जानकारी मांगी। जवाब में मंत्री बी. एल. वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर वरिष्ठ नागरिक गृहों का डाटा तैयार किया जा रहा है। वर्तमान में देश भर में कुल 706 वरिष्ठ नागरिक गृह संचालित हैं, जिनमें बिहार में 8 और झारखंड में 15 वरिष्ठ नागरिक गृह शामिल हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नए वरिष्ठ नागरिक गृहों की स्थापना राज्यों की मांग और आवश्यकता के आधार पर की जाती है। सांसद मनीष जायसवाल द्वारा इस मुद्दे को संसद में प्रमुखता से उठाए जाने से बुजुर्गों से जुड़ी भविष्य की एक बड़ी सामाजिक चुनौती पर समाज और सरकार का ध्यान केंद्रित हुआ है। यह ऐसा विषय है, जिस पर अक्सर जनप्रतिनिधियों की चर्चा सीमित रह जाती है, लेकिन इस पहल ने इसे राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बना दिया है।

# 'बुंडू में राजकीय माध्यमिक विद्यालय के जीर्णोद्धार व नए भवन निर्माण को लेकर हुई आम सभा'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम बुंडू में राजकीय माध्यमिक विद्यालय के जीर्णोद्धार एवं नए भवन निर्माण को लेकर एक आम सभा का आयोजन किया गया। सभा का मुख्य उद्देश्य विद्यालय की जर्जर आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना तथा ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाना रहा।

कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि ग्राम के मुखिया विजय यादव की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। आम सभा में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय से संबंधित विभिन्न समस्याओं, वर्तमान भवन की स्थिति तथा छात्रों को हो रही असुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की। सभा को संबोधित करते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए मजबूत भवन और मूलभूत सुविधाएं अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि विद्यालय के जीर्णोद्धार एवं नए भवन निर्माण के लिए संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक पहल की जाएगी। वहीं मुखिया विजय यादव ने भी शिक्षा के विकास को गांव के भविष्य से जोड़ते हुए सभी के सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। आम सभा में बाबूलाल यादव, जागेश्वर यादव, पिंटू कुमार, संतोष यादव, मनोज पंडित, मुकेश कुमार, रामलखन यादव, मनीष कुमार, बासुदेव यादव, प्रदीप यादव, बिनोद यादव, धर्मेन्द्र कुमार, राहुल कुमार, दीपक कुमार, लालो पंडित, लक्ष्मण सिंह, राजकुमार यादव, बालगोविंद यादव, महेश यादव, सिकंदरा सिंह, आशा देवी, मुन्नी देवी, पिंकी देवी, प्रदीप कुमार यादव, जागेश्वर ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने एक स्वर में विद्यालय के शीघ्र जीर्णोद्धार एवं नए भवन निर्माण की मांग करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी।



# खींचेंगे विकास की ऐसी लकीर जो कोई मिटा न सके : आलोक चौरसिया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)**। विकास एक सतत प्रक्रिया है। डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों ने जिस विश्वास व उम्मीद के साथ तीसरी बार मुझे अपना जनप्रतिनिधि चुना है, उस पर मैं खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र में विकास की ऐसी लकीर खींचेंगे, जो कोई मिटा ना सके। उक्त बातें डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने कही। वे मंगलवार को सुआ-कौड़िया पंचायत क्षेत्र में चार बड़ी सड़क योजनाओं के शिलान्यास करने के पश्चात सुआ में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। विधायक आलोक चौरसिया ने सदर प्रखंड क्षेत्र के लहसुनिया, गणके, कौड़िया व सुआ गांव में करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले पथ का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि क्षेत्र की जनता की देन है कि वह विधायक के रूप में यहां मौजूद हैं। कहा कि बड़ी-बड़ी योजनाओं का तो निर्माण हो जाता है लेकिन छोटी-छोटी योजनाएं नहीं हो पाती हैं। क्षेत्रवासियों ने उन पर बड़ी ही उम्मीद लगाई है। वे माताओं-बहनों व युवाओं को आह्वान करते हैं कि कोई भी छोटी से छोटी जन समस्या हो उसे बताएं। हर हाल में उन समस्याओं का समाधान करेंगे। मौके पर पूर्व मुखिया भीष्म प्रसाद चौरसिया में कहा कि विधायक आलोक चौरसिया ने डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई लकीर खींची है। गरीबों, वंचितों व जरूरतमंदों को अधिकार देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में कोई ऐसा गांव का रास्ता नहीं बचेगा जो बगैर निर्माण के रहेगा। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जुन सिंह ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन हृदया सिंह ने किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य बासो देवी, सदर बीस सूत्री सदस्य व सुआ के पूर्व मुखिया प्रेम प्रकाश ठाकुर, लखन ठाकुर, सुरेंद्र कुमार, देवदत्त उरांव, कन्हाई चौधरी, उप प्रमुख चेरो शीतल सिंह, मंडल अध्यक्ष आनंद कुमार, पंसस अजीत कुमार सिंह विनेश्वर मेहता, उदय ठाकुर, ठाकुराई सिंह, पंकज ठाकुर, हरि ठाकुर, ब्रह्मदेव, शंभु ठाकुर व अनिल मेहता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत करने की भाजपा की घोषणा योग्यता को सम्मान : अविनाश वर्मा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)**। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राजनीतिक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश कुमार वर्मा ने बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत करने पर केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही नितिन नवीन को बधाई व शुभकामना व्यक्त की है। अविनाश वर्मा ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी में ही यह संभव है, जहां एक साधारण कार्यकर्ता भी पार्टी में शिखर तक पहुंच सकता है। इसका सुखद उदाहरण 14 दिसंबर को सभी राजनैतिक दलों के साथ पूरी दुनिया को देखने को मिला। अविनाश वर्मा ने कहा कि एक सुखद संजोग है जब पार्टी गत अप्रैल माह से पार्टी के 45 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रही है, ऐसे में ठीक आठ माह बाद 45 वर्षीय कायस्थ परिवार के सदस्य व पटना मध्य से लगातार पांच बार के विधायक व वर्तमान में बिहार सरकार के मंत्री नीति नवीन को कार्यकारी अध्यक्ष बनाना यह भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक इतिहास की पहली सुखद घटना है। यह सर्वाधिक युवा को जिम्मेवारी दी गई है, जो पूरे कायस्थ परिवार के साथ देश के युवाओं के लिए भी ऊर्जा का विषय है।

# गैस रिसाव के 15वें दिन बोरहोल और नाइट्रोजन फिलिंग की प्रक्रिया शुरू



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद**। केन्दुआडीह इलाके में जहरीली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के रिसाव की घटना के 15वें दिन लोगों को राहत की किरण नजर आई है। केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों तथा जांच एजेंसियों ने इलाके को रहने के लिए खतरनाक घोषित किया था और घरों की दीवारों पर पोस्टर भी चिपकाए गए थे। गैस रिसाव से दो लोगों की मौत हो चुकी है और कई लोग बीमार पड़ गए थे। दहशत के कारण लोग राहत शिविरों में शरण लेने लगे थे और बच्चों को रिश्तेदारों के घर भेज दिया गया था।

**बोरहोल प्रक्रिया शुरू, विशेषज्ञ टीम मौजूद**

मंगलवार से बोरहोल की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एमईसीएल (मिनरल एक्सप्लोरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड) द्वारा बोरहोल कार्य चल रहा है। केन्दुआडीह थाना के बगल में ही यह प्रक्रिया जारी है। सीएमपीडीआई, आईआईटी-आईएसएम, पीएमआरसी और सिम्फर के विशेषज्ञों की टीम मौके पर मौजूद है। बोरहोल स्थल के चारों ओर सीआईएसएफ की टीम सुरक्षा के लिए तैनात है और प्रक्रिया के दौरान किसी को भी वहां जाने की मनाही है।

बोरहोल के बाद जमीन के अंदर की आग और गैसों की स्थिति का सटीक आकलन किया जाएगा। इसके आधार पर नाइट्रोजन गैस की फिलिंग की जाएगी, ताकि आग का प्रभाव कम हो सके और गैस उत्सर्जन पर अंकुश लगे। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे गैस रिसाव रुकने की पूरी संभावना है। फिलिंग के लिए नाइट्रोजन गैस पहले ही मंगवा ली गई है। विशेषज्ञों की टीम पूरी प्रक्रिया को सफल बनाने में जुटी हुई है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

(पुटकी बलिहारी) पीबी एरिया के जीएम जेके मेहता ने कहा कि वैज्ञानिक अध्ययन का कार्य जारी है। जमीन के अंदर लगी आग और गैस की स्थिति का आकलन किया जाएगा। बोरहोल प्रक्रिया चल रही है। कितने बोरहोल किए जाएंगे, यह अभी कहना मुश्किल है। एक के बाद दूसरा और फिर तीसरा बोरहोल किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर और भी बोरहोल बनाए जाएंगे। 14 किलोलीटर नाइट्रोजन गैस मंगवाई गई है। पीएमआरसी के चीफ साइंटिस्ट प्रो. नागेश्वर सहाय ने कहा कि फिलहाल गैस की मात्रा कम हुई है। हम आगे अध्ययन कर रहे हैं। बोरहोल के बाद गैस के सैंपल लिए जाएंगे, जिससे नीचे की स्थिति की जानकारी मिल सकेगी। गैस की सही जानकारी मिलने के बाद नाइट्रोजन गैस की फिलिंग कर आग को ठंडा किया जाएगा। सभी विशेषज्ञ टीम मिलकर गैस रोकने की दिशा में प्रयास कर रही हैं।

आइआइटी-आईएसएम के असिस्टेंट प्रोफेसर अंकुश ने कहा कि नाइट्रोजन फिलिंग से गैस के प्रभाव को कम किया जा सकता है। पहले भी ऐसे कार्य सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। हमारी कोशिश है कि पहले जैसी सामान्य स्थिति बहाल हो सके।

स्थानीय पार्षद कृष्णा राउत ने कहा कि बोरहोल के जरिए नाइट्रोजन भराई की प्रक्रिया शुरू होना पूरे केन्दुआडीह क्षेत्र के लोगों की जीत है। लोगों के आंदोलन से प्रशासन और बीसीसीएल प्रबंधन बैकफुट पर आया। जनता की मांग पूरी हुई। पहले डराकर शिफ्टिंग कराना चाहते थे, लेकिन आंदोलन के आगे उन्हें झुकना पड़ा। अब विस्थापन पर कोई बात नहीं होगी।

# करंट की चपेट में आने से पत्रकार सह चिकित्सक अरुण सिंह की हुई मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)**। छतरपुर के पत्रकार सह चिकित्सक अरुण कुमार सिंह की करंट लगने से मौत हो गया। उनकी मौत से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। अरुण कुमार सिंह एक निर्भिक, सजग व जनसरोकार से जुड़े पत्रकार की पहचान रखते थे। उनका असमय जाना पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी मौत की सूचना मिलते ही लोग हतप्रभ रह गए। रांची प्रेस क्लब के पूर्व प्रवक्ता आरजे अरविंद उर्फ चुनमुन ने इसे पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि उनके निधन से छतरपुर में एक रिक्तता पैदा हो गई। वे एक निर्भिक व सजग पत्रकार थे। इधर सोशल मीडिया के माध्यम से शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति व शोकसंतप्त परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। छतरपुर स्थित उनके आवास पर शोक व्यक्त करने वाले लोगों की भीड़ लग गई। परिवार व परिजनों को रोते बिलखते देख सभी की आंखें नम हो गई।

# अवैध अफीम खेती के विरुद्ध पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)**। पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पांकी थाना क्षेत्र के मुक्ता के जंगली क्षेत्र में वन भूमि पर अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। सूचना के आधार पर पांकी थाना व वन विभाग की संयुक्त टीम ने उक्त स्थल पर कार्रवाई करते हुए लगभग पांच एकड़ वन भूमि में लगी अवैध अफीम की फसल को शुरुआती अवस्था में ही ट्रैक्टर में रोटावेटर चलाकर पूर्ण रूप से विनष्ट किया गया। विनष्टीकरण अभियान में पांकी थाना के पदाधिकारी पुअनि गोपाल कुमार राय, सअनि मृत्युंजय महतो, सअनि सुनील सुभाष भेंगरा, पांकी थाना व ताल पिकेट के जवानों के साथ-साथ वन विभाग की टीम संयुक्त रूप से शामिल थी। अवैध अफीम की खेती में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। नाम-पता सत्यापन उपरांत वन विभाग, वन अधिनियम के अंतर्गत वन वाद दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस व वन विभाग द्वारा आगे भी अवैध मादक पदार्थों की खेती एवं तस्करी के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।


## पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-15, दिनांक: 15.12.2025।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए वैध विद्युतीय ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस रखने वाले तथा निम्नलिखित कार्य को आर्थिक रूप से पूरा करने में सक्षम सम्माननीय निविदादाताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा केस संख्या: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-15। कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल में साइबर सुरक्षा के कार्यान्वयन सहित अंडाल-साँइथिया तथा अंडाल-सीतारामपुर (बारा बानी खंड होकर) में अत्यंत पुराने एससीएडीए सिस्टम की बदली। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,51,81,646.17। **बयाना राशि:** ₹ 2,25,900। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 13.01.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 06 (छह) महीना। **कार्य हेतु प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तारीख से 45 दिन। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ASN-274/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में उठाया नदियों से कटाव का मामला, तटबंध बनाने का आग्रह




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)**। सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू और गढ़वा में कोयल, सोन और अमानत नदी से होने वाले कटाव का मामला उठाया है। लोकसभा में पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने बताया कि गढ़वा के कांडी के मोखापी से सूड़ीपूर, जयनगरा, खरौंधा, गाड़ा, गाड़ा खुर्द, कसनद तक कोयल नदी और सूड़ीपूर से श्रीनगर तक गांव नारायणपुर, बाराडीह, बनकट, गाड़ाखुर्द, सोनपुरवा, नरवाडीह, कालागाढ़ा, बलियारी, बुनियाद विगहा, सड़की, शिवरी, डुमरसोता और श्रीनगर तक सोन नदी के तेज बहाव में किसानों की जमीन का कटाव हो रहा है। वहीं मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के सिंह राठौड़ सदर प्रखंड के बड़कागांव जोड़ खनवा इलाके में कोयल और अमानत नदी से कटाव हो रहा है। दोनों नदियों से 6 से 7 किलोमीटर तक किसानों की जमीन का कटाव हो रहा है और कई इलाकों में कृषि योग्य भूमि नदियों में समा गई है। लोकसभा में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पहले भी सदन में इस महत्वपूर्ण प्रश्न को उठाया गया है, लेकिन स्थिति गंभीर बनी हुई है। लोकसभा में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय से कटाव रोकने के लिए तटबंध का निर्माण कराने और अन्य उपाय पर भी विचार करने की आग्रह किया है।

# निजी स्कूल का आयरन स्टीम बॉयलर फटा, पांच लोग घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोडरमा**। जिले के तिलैया डैम स्थित एक निजी स्कूल में आयरन स्टीम बॉयलर फटने से पांच लोग घायल हो गए। जिसमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल सभी घायलों का इलाज एक निजी क्लीनिक में जारी है। हादसे में घायल एक व्यक्ति ने बताया कि स्कूल का आयरन स्टीम बॉयलर पिछले चार दिनों से खराब था। जिसे बदलने के लिए स्कूल प्रबंधक को कहा गया था।

**बॉयलर बदलने की बात को टाल मटोल करते रहे प्रबंधक**

घायल व्यक्ति ने कहा कि स्टीम बॉयलर बदलने के लिए स्कूल प्रबंधक की ओर से आज-कल किया जा रहा था। बॉयलर नहीं बदलने की स्थिति में मंगलवार को घटना घट गई। इधर घटना को लेकर स्कूल प्रबंधक अविनाश सेठ ने कहा कि स्कूल की लॉन्ड्री में आयरन स्टीम बॉयलर फटने से घटना घटी है। उन्होंने कहा कि घटना में घायल सभी लोगों का इलाज करवाया जा रहा है। वहीं बॉयलर खराब होने के सवाल पर उन्होंने इंकार किया है।

# धान खरीद में हो रही गड़बड़ी! नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। राज्य सरकार द्वारा 15 दिसंबर से धान खरीदारी शुरू की गई है। सरकार ने पिछले वर्षों के अनुभव के आधार पर इस बार धान खरीद को लेकर कई परिवर्तन भी किए हैं। इन सबके बीच नेता प्रतिपक्ष और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। जिसमें पिछले साल गुमला जिला के एक लैम्प्स में हुए गड़बड़ी की जांच कर दोषी अधिकारी और कर्मियों पर कारवाई करने का आग्रह किया है।


## पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्या: एनआईटी/02/25/71, दिनांक 15.12.2025।** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, 17 नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंज़िल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **[क] क्रम संख्या; निविदा संख्या; विवरण; निविदा की कीमत; बयाना राशि** और **निविदा खुलने की तारीख एवं समय** निम्नानुसार हैं : **1; 11251037;** बफर प्लंजर के लिए फेस प्लेट की प्राप्ति आदि; ₹ 0; ₹ 1,83,750 और 09.02.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **2; 08251069ए;** इलेक्ट्रॉनिक रेक्टिफायर-कम-रेगुलेटिंग यूनिट की प्राप्ति आदि; ₹ 0; ₹ 2,60,680 और 30.12.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **3; 20251001ए;** 3 फेज एसी ट्रैक्शन मोटर के लिए केबल और दोनों सिरों पर फिट किये गए कनेक्टर सहित टेम्परेचर सेंसर असेंबली; ₹ 0; ₹ 4,55,100 और 20.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **4; 05251194;** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या एम एंड सी/एनडीटी/105/2001 के अनुसार विजिबल डाई पेनिट्रेंट किट की प्राप्ति, (विजिबिलिटी: टाइप II) जिसमें तीन मद शामिल हैं: (क) रेड विजिबल डाई पेनिट्रेंट, विजिबिलिटी: टाइप II और वॉशेबिलिटी मेथड-सी (सॉल्वेंट रिमूवेबल)-01 कैन, (ख) नॉन-हैलोजेनेटेड (क्लास-2) सॉल्वेंट रिमूवर और क्लीनर-02 कैन, (ग) नॉन-एक्वियस वेट डेवलपर्स (प्रपत्र डी)-03 कैन। प्रत्येक 525 मिली. की क्षमता के एयरोसोल कैन में आपूर्ति किया जाना है जिसमें प्रत्येक में 400 मिली. सामग्री हो। शेल्फ लाइफ: सामान्य पर्यावरणीय परिस्थितियों में 12 से 18 महीने; ₹ 0; ₹ 1,67,260 और 07.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **5; 21251457;** मॉडिफाइड इलास्टोमेरिक पैड डिज़ाइन-बी आदि; ₹ 0; ₹ 14,06,590 और 02.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **6; 16251159ए;** पोर्सिलेन ब्रैकेट इंसुलेटर (आरआई नंबर 6030-1) (1050 मिमी. सीडी); ₹ 0; ₹1,28,720 और 19.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **7; 20255034;** डीईटीसी/यूएस (इलेक्ट्रिक ट्रांसमिशन के साथ) कोचों के लिए एयर ब्रेक इक्विपमेंट की आपूर्ति; ₹ 0; ₹ 4,25,530 और 20.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **8; 11251106ए;** ओवर हेड एल्युमिनियम वॉटर टैंक असेंबली की प्राप्ति आदि; ₹ 0; ₹ 1,08,240 और 06.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **9; 20255037;** हाइड्रॉलिक रूप से संचालित लिफ्टिंग और स्विवलिंग प्लेटफॉर्म; ₹ 0; ₹ 4,03,560 और 12.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **10; 11252617सी;** स्फेरोइलास्टिक रबर बेयरिंग; ₹ 0; ₹ 2,51,220 और 01.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **11; 12255873;** आरडीएसओ ड्राइंग संख्या टी-6782 के अनुसार कॉम्बिनेशन एसईजे 60किग्रा./52किग्रा.; ₹ 0; ₹ 19,55,310 और 02.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **12; 21251210ए;** डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व कम्प्लीट आदि; ₹ 0; ₹ 6,66,280 और 05.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **13; 22255511ए;** इंजेक्शन रिकॉम्बिनेंट सोमाट्रोपिन 36 आईयू (12 एमजी/मिली.) आइटम कोड संख्या: एम140302, एआई 25-26; ₹ 0; ₹ 0 और 22.12.2025 को दोपहर 1.30 बजे।

**[ख] क्रम संख्या; निविदा संख्या; संक्षिप्त विवरण; निविदा बंद होने की तारीख** और **अनुमानित निविदा मूल्य** इस प्रकार हैं: **1; 52257596ए;** आरसीएफ ड्राइंग संख्या: एलडब्ल्यू03245, ऑल्ट.सी टीएस 17.358 100, टीएस 17.358 105 के लिए ब्रेक सपोर्ट; 12.01.2026 और ₹ 1,64,72,894.40। **2; 52257635;** संलग्न ड्राइंग और अनुलग्नक-ए के अनुसार 38 मदों वाले कॉयल स्प्रिंग सस्पेंशन फ़िएट बोगी फ्रेम के लिए किट सामग्री का सेट; 12.01.2026 और ₹ 2,51,29,280। **3; 52257614ए;** संलग्न ड्राइंग और अनुलग्नक-ए के अनुसार 10 मदों वाली किट सामग्रियों का सेट; 12.01.2026 और ₹ 67,94,074.20। **4; 52256635;** अनुलग्नक-ए के अनुसार एयर स्प्रिंग सस्पेंशन एलएचबी बोगी फ्रेम के लिए 41 मदों वाली किट सामग्री का सेट; 14.01.2026 और ₹ 3,30,91,726.48। **5; 52257610;** कंट्रोल आर्म सपोर्ट का सेट (1) आरसीएफ ड्राइंग संख्या एलडब्ल्यू03246, ऑल्ट बी के अनुसार कंट्रोल आर्म सपोर्ट राइट-08 अदद। (2) आरसीएफ ड्राइंग संख्या एलडब्ल्यू03247, ऑल्ट बी के अनुसार कंट्रोल आर्म सपोर्ट लेफ्ट-08 अदद; 14.01.2026 और ₹ 1,26,67,890। **6; 52257594ए;** ड्राइंग नंबर 1267452, संस्करण - 00 के अनुसार स्प्रिंग पॉट और स्पेसिफिकेशन नंबर डीआईएन 2448: डीआईएन 1630 एसटी52.4 और एमडीटीएस-149 रिव-0 के अनुसार सीमलेस ट्यूब से मशीन्ड; 16.01.2026 और ₹ 98,67,820.80। **7; 52256637ए;** ड्राइंग संख्या (1) एलडब्ल्यू03304, ऑल्ट. शून्य-04 अदद, (2) एलडब्ल्यू03303; ऑल्ट.ए-08 अदद के अनुसार एलएचबी बोगी के लिए ट्यूब (फिनिश्ड) का सेट; 16.01.2026 और ₹ 2,09,24,581.50। **द्रष्टव्य:** ऊपर उल्लिखित सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं तथा सभी निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिये अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं से सम्बंधित और अधिक जानकारी के लिए कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट देखें।

(STORES-55/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **[वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा]। क्रम संख्या:** 1। **ई-निविदा संख्या: 215_2025-26, दिनांक: 15.12.2025। कार्य का विवरण:** एडीईएन/आजिमगंज के खंड के अधीन तकिपुर, लोहापुर, गोसांईग्राम, खागड़ाघाट रोड, काजीपाड़ा हाल्ट एवं बाजारसौ स्टेशन के नज़दीक गैंग हट का निर्माण। **अनुमानित लागत:** ₹ 94,32,190.46। **बयाना राशि:** ₹ 1,88,700। **क्रम संख्या:** 2। **ई-निविदा संख्या: 216_2025-26, दिनांक: 15.12.2025। कार्य का विवरण:** एईएन/ कटवा के अधीन एलएचएस संख्या 7सी/ई पर तथा एईएन/आजिमगंज के अधिकार क्षेत्र में एलएचएस संख्या 279/ए एवं 286ए पर नए सम्प, पंप हाउस, पंप, कवर शेड का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** ₹ 98,25,253.37। **बयाना राशि:** ₹ 1,96,500। **क्रम संख्या:** 3। **ई-निविदा संख्या: 217_2025-26, दिनांक: 15.12.2025। कार्य का विवरण:** एईएन/आजिमगंज के अधिकार क्षेत्र में एलएचएस 261/ए, 262/ए एवं 268/ए पर नए सम्प, पंप हाउस, पंप, कवर शेड तथा निकासी व्यवस्था का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** ₹ 1,40,26,324.69। **बयाना राशि:** ₹ 2,20,100। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किए जाने तारीख से 06 (छह) महीना (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 02.01.2026 को दोपहर 2.00 बजे (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान- ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत एवं जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये स्वीकार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में सावधि जमा रसीद (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-461/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# वर्षों से छाए अंधकार का खात्मा, सोलर लाइट से गांव जगमग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लातेहार**। वर्षों तक विकास से वंचित रहने वाले बूढ़ा पहाड़ की तलहटी में बसे गांव तिसिया में अब जिंदगी जवान होने लगी है। पुलिस, सुरक्षा बल और जिला प्रशासन की पहल से अब गांव में छाया अंधेरा भी खत्म हो गया है। पूरा गांव सोलर लाइट से जगमग हो गया है। गांव में लाइट आने के बाद ग्रामीणों के जीवन में भी बदलाव आने लगे हैं।

दरअसल, बूढ़ा पहाड़ की तलहटी में तिसिया गांव कभी नक्सलियों का गढ़ हुआ करता था। इस कारण यहां विकास पूरी तरह बाधित था। गांव में किसी प्रकार की कोई सरकारी योजनाएं नहीं चलती थी और ना ही यहां कोई विकास के कार्य पहुंचते थे। यहां के ग्रामीण सरकारी योजनाओं के बारे में जानते भी नहीं थे। बल्ब और ट्यूबलाइट की बात तो दूर, यहां के ग्रामीणों के घर में लैंप भी नहीं जलता था। इस स्थिति में शाम ढलते ही पूरा गांव अपने घरों में दुबक जाता था। अगर कभी रात में कहीं रोशनी दिखती थी तो उससे साफ था कि वहां नक्सलियों का जमावड़ा लगा हुआ है।

**वर्दी का रंग बदला तो गांव में दिखने लगा विकास**

जब तक गांव में काली वर्दी वाले नक्सलियों का प्रभाव रहा, तब तक न तो गांव का कोई विकास हुआ और न ही यहां के ग्रामीणों के जीवन में खुशी के कोई क्षण आए। लेकिन कहा जाता है कि समय हमेशा परिवर्तनशील रहता है। इसी कहावत की तर्ज पर तिसिया गांव का भी समय बदलने लगा। लगभग 3 वर्ष पहले पहली बार इस गांव में काली वर्दी के बदले खाकी वर्दी का प्रवेश हुआ था।

**गांव से काली वार्दी का हुआ अंत**

तत्कालीन एसपी अंजनी अंजन के नेतृत्व में नक्सलियों के खिलाफ पूरे इलाके में बड़ा अभियान चलाया गया था। यह अभियान लगातार जारी रहा और वर्तमान समय में इस इलाके को लगभग नक्सलियों के चंगुल से मुक्त कर दिया गया। गांव में अब विकास विरोधी काली वर्दी वाले नक्सलियों के बदले गांव को विकास के रास्ते पर ले जाने वाले खाकी वर्दी वाले सुरक्षा बलों की उपस्थिति हो गई है। इसका असर भी दिखने लगा है।

**हर घर तक पहुंची सोलर सिस्टम से बिजली**

गांव में पहली बार सोलर सिस्टम से प्रत्येक ग्रामीण के घर में बल्ब जलने लगे हैं। जिससे ग्रामीणों में काफी खुशी है। ग्रामीण लक्ष्मण नगेसिया, विजय किसान और संतोष यादव ने बताया कि पहले गांव में रोशनी की कोई व्यवस्था नहीं थी। जिसके कारण ना तो बच्चे पढ़ पाते थे और न ही गांव में कोई दूसरा कार्य हो पाता था। गांव में सुरक्षा बलों का कैंप स्थापित होने के बाद काफी बदलाव आए हैं। वर्तमान समय में गांव के सभी ग्रामीणों के घर में बल्ब जलने लगे हैं। जिससे रात में अब बच्चे पढ़ाई भी करते हैं।

**गांव में पहुंचेगी सभी सुविधाएं**

लातेहार एसपी कुमार गौरव द्वारा ग्रामीणों को सुरक्षा के साथ-साथ सुविधा मुहैया कराने को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में एसपी कुमार गौरव ने बताया कि वर्तमान समय में सोलर एनर्जी के माध्यम से ग्रामीणों के घर में रोशनी की व्यवस्था की गई है। यह इलाका पलामू टाइगर रिजर्व का है। इस कारण वैकल्पिक व्यवस्था के तहत यहां सोलर एनर्जी के माध्यम से बिजली आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास के लिए लातेहार जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं तैयार की गई हैं और उसे धरातल पर उतारा भी जा रहा है।

# राजगीर महोत्सव के सफल आयोजन हेतु डीएम ने किया स्थल निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने राजगीर महोत्सव 2025 के सफल आयोजन हेतु स्थलीय निरीक्षण किया। विदित हो कि राजगीर महोत्सव- दिनांक 19/20 एवं 21 दिसम्बर 2025 को मुख्य कार्यक्रम स्थल आर आईसीसी एवं हॉकी मैदान, राजगीर के निकट खाली भूखंड पर आयोजन निर्धारित है। आगामी राजगीर महोत्सव के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां शामिल की गई हैं। निरीक्षण के क्रम में विधि व्यवस्था/ सुरक्षा व्यवस्था/ समारोह स्थल की तैयारी /लाइटिंग/ प्रचार प्रसार /सांस्कृतिक कार्यक्रम/ प्रदर्शनी /स्टॉल/ कृषि मेला/ व्यंजन मेला /महिला महोत्सव/ सद्भावना मार्च/ तांगा तथा पालकी सज्जा / साफ सफाई/ पेयजल/ शौचालय/ जन सुविधा की व्यवस्था /खेल महोत्सव / नुक्कड़ नाटक /आमंत्रण पत्र का वितरण / सर्व धर्म मंगलाचरण / वाहन पार्किंग/ यातायात व्यवस्था /चिकित्सा व्यवस्था/ सड़क मरम्मती /विद्युत प्रकाश एवं लाइटिंग/ निजी घरों, होटलों एवं अन्य भवनों का साज सज्जा प्रतियोगिता /प्रचार प्रसार /उद्घाटन एवं समापन/ पुरस्कार वितरण आदि विषयों पर चर्चा के क्रम में संबंधित कार्य को ससमय पूर्ण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर को निर्देश देते हुए कहा कि संपूर्ण राजगीर में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय ,राष्ट्रीय पर्यटकों की सुविधा के बारे में अवगत कराया जाए , रात्रि सुविधा उपलब्ध कराई जाए, पैकेज टूर की सुविधा, संपूर्ण पर्यटन क्षेत्रों में लाइटिंग की सुविधा, विधि व्यवस्था, पुलिस की सॉफ्ट ट्रेनिंग, मल्टी स्टोरेज पार्किंग, वेंडिंग जोन को सुदृढ़ किया जाए। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधा प्रदान करना है,ताकि ज्यादा से ज्यादा पर्यटक राजगीर पर्यटन हेतु आकर्षित हो सके। इस अवसर पर नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, अनुमंडल पदाधिकारी, राजगीर, नजारत शाखा उपसमाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक निदेशक समाज कल्याण विभाग, कृषि आदि विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित सभागार में मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमिटी, खूंटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में योजना के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं झारखंड शिक्षा परियोजना, खूँटी अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की भी समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा मुख्य रूप से स्कूली बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, मध्याह्न भोजन एवं इससे संबंधित एसएमएस भेजने की स्थिति, रसोईया-सह-सहायिका को मानदेय भुगतान, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, रसोइयों और सहायिकाओं को मानदेय भुगतान, शत प्रतिशत बच्चों का स्वास्थ्य जांच, आईएफए की गोली का वितरण समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि विद्यालयों में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति, नियमित एवं मेनू अनुसार मध्याह्न भोजन की उपलब्धता और मध्याह्न भोजन में पौष्टिकता का विशेष ध्यान रखते हुए अनिवार्य रूप से हरी सब्जी तथा अन्य पोषक आहार का समावेश किया जाए।

शत प्रतिशत बच्चों का स्वास्थ्य जांच एवं आईएफए की गोली वितरण की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करने




एवं दवा का वितरण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने निर्देशित किया कि बीईओ समेत अन्य संबंधित अधिकारी प्रत्येक माह अपने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर ऑनलाइन रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि विद्यालयों का संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जा सके।

झारखंड शिक्षा परियोजना अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ, सर्टिफिकेट, विद्यालय भवन निर्माण कार्य एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ ससमय दिया जाए। शिक्षक अनिवार्य रूप से बॉयोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें।

विद्यालयों की नियमित मोनिटरिंग एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित की जाए। शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें, पूरी तत्परतापूर्वक बच्चों के पठन-पाठन के अलावा बच्चों को स्वच्छता, शिष्टाचार समेत अन्य जरूरी विषयों के प्रति उन्हें जागरूक करें, जिससे बच्चों का सवार्गीण विकास हो सके।

इस बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीईओ सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आभूषण दुकान में चोरी

**गयाजी।** फतेहपुर थाना क्षेत्र के बदउआं गांव बाजार में स्थित ज्वेलरी दुकान में चोरी की बड़ी घटना सामने आई है। बदमाशों ने फतेहपुर-वजीरगंज रोड स्थित गिन्नी ज्वेलर्स का शटर और चेनगेट काटकर दुकान में घुसकर नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। हालांकि दुकान में रखी तिजोरी को तोड़ने में असफल रहने के कारण एक बड़े नुकसान से दुकानदार बच गया। घटना के बाद से क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत और असुरक्षा का माहौल है।जानकारी के अनुसार, आधी रात करीब 12.30 बजे पांच की संख्या में बदमाश मुंह में गमछा लपेटे दुकान के सामने पहुंचे। उन्होंने पहले शटर और चेनगेट को काटा और फिर दुकान के अंदर प्रवेश कर काउंटर में रखी नकदी तथा कुछ सोने-चांदी के जेवर उठा लिए। बदमाशों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, ताकि उनकी पहचान न हो सके। इसके बावजूद चोरी की पूरी वारदात कुछ कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। दुकान संचालक अवध वर्मा ने बताया कि रात में नींद खुलने पर उन्होंने मोबाइल पर सीसीटीवी अलर्ट देखा।

# आवास योजना के अभ्यर्थियों का सर्वे शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिवान।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास का लाभ देने के लिए सर्वे की गई दो लाख 42 हजार 754 परिवारों के सत्यता की जांच शुरू हो गई है। इसके लिए पंचायतवार, प्रखंडवार व जिला स्तर पर पदाधिकारियों और कर्मचारियों की विशेष टीम बनाई जा रही है। जांच हो जाने के बाद उसी रिपोर्ट के आधार पर जिले में नए आवास बनाने का लक्ष्य तय किया जाएगा।

बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास विहीन लोगों का सर्वे आवास प्लस पोर्टल के माध्यम से किया गया था। इसमें 20 हजार 638 पुरुष, दो लाख 22 हजार 116 महिला, 14 हजार 240 अनुसूचित जनजाति वर्ग, 38 हजार 432 अनुसूचित जाति, एक लाख 90 हजार 82 अन्य तथा दो हजार 671 दिव्यांग लाभुक शामिल हैं।

जिला ग्रामीण विकास विभाग कार्यालय से मिली सत्यापन के बाद पंचायत स्तरीय समिति के सत्यापन प्रतिवेदन की जांच ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक, प्रखंड लेखपाल, लेखा सहायक व कार्यपालक सहायक करेंगे। इनके स्तर से पूर्व के वर्षो में आवास का लाभ देने संबंधी तथ्य का सत्यापन किया जाएगा। साथ ही अभिलेख मिलान के पश्चात उक्त प्रतिवेदन के आधार पर चेकर मॉड्यूल के तहत प्रखंड कार्यालय स्तर से आवास साफ्ट पर प्रविष्टि किया जाएगा।

वहीं, प्रखंड स्तरीय समिति पंचायतवार सर्वेक्षित डेटा का सत्यापन कर इसकी प्रविष्टि प्रखंड लागिन से की जाएगी। उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार ने बताया कि जिला स्तर पर गठित समिति प्रखंडवार गठित समिति द्वारा दो फीसदी सर्वेक्षित डेटा का सत्यापन करते हुए इसकी प्रविष्टि जिला लागिन से की जाएगी।

ऐसे परिवारों को आवास योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

# हिजाब से छेड़छाड़ शर्मनाक, माफी मांगें सीएम : इन्तेखाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** बिहार सचिवालय संवाद कार्यक्रम के दौरान आयुष विभाग की एक मुस्लिम महिला डॉक्टर को नियुक्ति प्रमाण पत्र देते समय मुख्यमंत्री द्वारा हिजाब से छेड़छाड़ किया जाना अत्यंत आपत्तिजनक और निंदनीय है। यह घटना न केवल एक महिला की गरिमा पर आघात है, बल्कि पूरे अल्पसंख्यक समाज की भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इन्तेखाब आलम ने इस कृत्य की कड़ी निंदा की है।

इन्तेखाब आलम ने कहा कि हिजाब किसी महिला की धार्मिक आस्था, निजी स्वतंत्रता और सम्मान से जुड़ा विषय है। किसी भी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को यह अधिकार नहीं है कि वह सार्वजनिक मंच से किसी महिला के पहनावे या धार्मिक पहचान से छेड़छाड़ करे। मुख्यमंत्री जैसे उच्च पद पर आसीन व्यक्ति से ऐसी असंवेदनशील हरकत बेहद चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान वहां मौजूद बिहार सरकार के मुख्य सचिव दीपक कुमार की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। इन्तेखाब आलम ने कहा कि जब मुख्यमंत्री द्वारा आपत्तिजनक व्यवहार किया जा रहा था, उस समय एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का मौन रहना और मुस्कुराना प्रशासनिक मर्यादा के खिलाफ है। यदि मुख्यमंत्री से भूल हो रही थी, तो मुख्य सचिव का दायित्व था कि वे तुरंत हस्तक्षेप करते।इन्तेखाब आलम ने स्पष्ट मांग की कि मुख्यमंत्री इस शर्मनाक और असंवैधानिक व्यवहार के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। यह मामला केवल एक महिला का नहीं, बल्कि समाज की बेटियों के सम्मान और संविधान की मूल भावना से जुड़ा है। सत्ता में बैठे लोगों को यह समझना चाहिए कि धार्मिक आस्था और महिला सम्मान से खिलवाड़ किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

## लिंडसे क्लब में पोष पार्बन मेला 19 से

**धनबाद।** लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी में क्लब द्वारा 19 से 21 दिसंबर तक पोष पार्बन मेला लगाया जाएगा। इसकी जानकारी क्लब के अध्यक्ष डॉ अमलेंदु सिन्हा ने मीडिया को दी है।

डॉ.अमलेंदु सिन्हा ने कहा कि पोष पार्बन मेला लिंडसे क्लब का एक वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव है जो बंगाली पोष महीने के आगमन का जश्न मनाता है। इस वर्ष पोष पार्बन मेला में मुख्य अतिथि के रूप में बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि आईआईटी आईएसएम के डायरेक्टर पर्सनल धीरज कुमार शामिल होंगे।

क्लब के सेक्रेटरी सलिल विश्वास ने बताया कि अब तक 23 स्टॉल की बुकिंग हो चुकी है जिसमें वेज एंड नॉन वेज समेत अन्य ब्रांडेड कंपनियों की स्टाल लगेगी।

क्लब के अध्यक्ष अमलेंदु सिन्ह के अलावा सचिव सलिल विश्वास, असिस्टेंट कल्चरल सेक्रेट्री अरुण कुमार बनर्जी, मिताली बनर्जी, डोली बनर्जी समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान, बदला बाजार व सड़क का स्वरूप

## अब आवागमन व सुगम व्यापार में होगी सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा।** पूर्व घोषित तिथि व कार्रवाई के तहत नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र में वर्षों से बाजार की पहचान बने अतिक्रमण पर नगर पंचायत व प्रखंड सह अंचल प्रशासन ने पुलिस बल के सहयोग से सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत की। यह अभियान मंगलवार से प्रारंभ हुआ है, जिसे अगले कुछ दिनों में पूर्ण रूप से संपन्न करने का लक्ष्य रखा गया है। पहले दिन ब्लॉक रोड, स्टेशन रोड व परसागढ़ मोड़ पर सरकारी रास्तों, गलियों व नालों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने का कार्य शुरू कराया गया।

इस अभियान में नगर पंचायत एकमा बाजार के कार्यपालक पदाधिकारी रमण राज, जेई लालू कुमार, एकमा बीडीओ डॉ अरुण कुमार, अंचलाधिकारी अमलेश कुमार, राजस्व पदाधिकारी रामप्रवेश साहू, थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह, राजस्व कर्मचारी प्रमोद कुमार सिंह, अमीन संजीत कुमार, विभा कुमारी, सरोज कुमार, नपं कर्मी कमल किशोर, प्रवीण कुमार शर्मा के साथ एकमा थाना व छपरा मुख्यालय से आयी अतिरिक्त पुलिस बल के साथ-साथ नगर पंचायत, प्रखंड व अंचल कार्यालय के कर्मी भी शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अतिक्रमणकारियों को समझाने-बुझाने में प्रशासनिक टीम की भूमिका सराहनीय रही।

नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रमण राज ने बताया कि पहले दिन ब्लॉक रोड, स्टेशन रोड व परसागढ़ मोड़ पर सरकारी रास्तों,



गलियों व नालों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने का कार्य शुरू कराया गया है। अभियान के तहत अस्थायी दुकानें, टेंट, शेड आदि अन्य ढांचे हटाकर वर्षों से संकुचित हो चुके मार्गों को फिर से आवागमन योग्य बनाया जा रहा है। हालांकि पूर्व से दिए गए अल्टीमेटम के बाद अधिकांश दुकानदारों के द्वारा खुद ही अपना अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया कर लिया गया है। बावजूद इसके जहां पर अतिक्रमण रह गया था, उसे हटाने का काम बुलडोजर के माध्यम से मंगलवार को पूरे दिन अभियान चला कर किया गया।

अतिक्रमण हटने के बाद बाजार क्षेत्र में अब लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिल रही है। पहले जहां ग्राहकों को संकरी गलियों में जाम से दो-चार होना पड़ता था। परेशानी झेलनी पड़ती थी, वहीं अब ई-रिक्शा, ऑटो-रिक्शा, दो पहिया वाहनों आदि का संचालन सहज हो गया है। इससे न सिर्फ खरीदारी आसान हुई है, बल्कि एंबुलेंस वाहन व अग्निशमन वाहन जैसी आपातकालीन सेवाओं को भी समय पर पहुंचने में मदद मिलेगी।

स्थानीय व्यापारियों ने सहयोग पूर्ण व्यवहार दिखाते हुए प्रशासन की इस पहल की सराहना की है। व्यापारियों का कहना है कि अतिक्रमण हटने से दुकानों तक पहुंच सुगम हुई है, जिससे ग्राहकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है, व्यापार को भी नई रफ्तार मिलेगी।

नगर पंचायत की ओर से बताया गया कि अतिक्रमण-मुक्त बाजार को स्थायी रूप से बनाए रखने की दिशा में ई-रिक्शा सेवा को सुव्यवस्थित करने की योजना भी तैयार की जा रही है। एकमा बाजार में आए इस बदलाव से स्थानीय लोगों को जाम-मुक्त व सुगम आवागमन का नया अनुभव मिलने की उम्मीद है।

# डीआईजी के फर्जी आईडी से ठगी करने वाला राजस्थान से गिरफ्तार

## सिम कार्ड और मोबाइल जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** चंपारण रेंज के डीआईजी हर किशोर राय के फोटो और नाम का उपयोग कर फेसबुक पर फेक आईडी बना लोगों से ठगी करने के अपराधी को साइबर थाना की पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है।

साइबर थाना के डीएसपी गौतम शरण ओमी ने बताया कि राजस्थान के अलवर जिला के रामगढ़ थाना क्षेत्र के शेरापुर निवासी तस्लीम खान को गिरफ्तार किया गया है। उसकी गिरफ्तारी उसके घर से हुई। जिस सिम से उसने फेक आईडी बनाया था, वह सिम कार्ड और मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।डीएसपी ने बताया कि विगत नवंबर माह में अपराधी ने डीआईजी




के फोटो का उपयोग कर उनके नाम से फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाया था। इस आईडी से वह लोगों को मैसेज भेज झांसा देता था कि उनके एक मित्र, जो सेना के अधिकारी हैं, उनका स्थानांतरण हो गया है।

वे अपना फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचना चाहते हैं। सामान बेचने के नाम पर वह लोगों को झांसा देकर ठगी करता था। वह कई लोगों को ठग चुका था। इस मामले में साइबर थाना में 12 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

अनुसंधान के दौरान पता चला कि अपराधी अलवर जिला का रहने वाला है। इसके बाद पुलिस की टीम अलवर गई और उसे गिरफ्तार कर ली।

डीएसपी ने बताया कि इस मामले में उसे रिमांड पर लिया जाएगा। बता दे कि गिरफ्तार अपराधी ने इसके पूर्व भी तत्कालीन डीआईजी के नाम पर फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर लोगों को ठगने का कोशिश किया था। छापेमारी टीम में साइबर थाना के इंस्पेक्टर रविंदर कुमार यादव, इंस्पेक्टर राजेश कुमार आदि शामिल रहे।

# कूड़ा फेंकने के विवाद में बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दावां गांव स्थित दर्जी मुहल्ला में कूड़ा फेंकने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई।

इस दौरान लाठी-डंडा व राड से हमला कर एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई, जबकि दूसरी बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतका 65 वर्षीय रौशनी बीबी, दावां गांव वार्ड नंबर नौ निवासी स्व. जैनुद्दीन की पत्नी थीं। सिर पर जख्म पाए गए है।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह रौशनी बीबी अपने दीवार में बकरी बांधी थी और घर के बाहर कूड़ा फेंक रही थीं।

इसी दौरान सामने के पड़ोसियों ने यह कहते हुए विरोध किया कि बकरी की गंदगी उनके घर के सामने न डाली जाए। इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो कुछ ही देर में हाथापाई में बदल गई।

स्वजन आरोप लगा रहे हैं कि विवाद के दौरान पड़ोसी विक्की कुमार तथा उसके घरवालों ने लाठी-डंडे व राड से रौशनी बीबी और हसीना बीबी (मैनूदीन की पत्नी) के सिर पर हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं।

घटना के बाद दोनों घायलों को जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां रौशनी बीबी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।सदर अस्पताल से पटना ले जाने के क्रम में रौशनी बीबी ने बिहटा के पास रास्ते में दम तोड़ दिया।

वहीं, हसीना बीबी का इलाज आरा सदर अस्पताल में चल रहा है। सूचना पर जगदीशपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने राहुल उर्फ विक्की कुमार, उसकी मां अंजू एवं खुशबू सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

## अतिक्रमण मुक्त कराने की गुहार

**धनबाद।** उपायुक्त ने जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम जनों की समस्या सुनी। इसमें गोमो लोको बाजार से आए लोगों ने वहां के एक सामूहिक रास्ते पर किए गए अतिक्रमण के संबंध में उपायुक्त को विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सामूहिक रास्ते से अतिक्रमण दूर करने की गुहार लगाई। वहीं तोपचांची से आए लोगों ने जमीन पर जबरन कब्जा कर रास्ता बंद करने की शिकायत उपायुक्त से की। जयरामपुर कोलियरी से आए व्यक्ति ने जमीन का म्यूटेशन नहीं होने, पाथरडीह से आए व्यक्ति ने रजिस्ट्री एवं म्यूटेशन होने के बाद भी जमीन पर दखल कब्जा नहीं मिलने, टुंडी से आए व्यक्ति ने ऑनलाइन लगान रसीद निर्गत कराने, राजगंज से आए व्यक्ति ने एनएच चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भाइयों द्वारा हड़प लेने की शिकायत की। वहीं प्रीत विहार कॉलोनी, हीरापुर से आई महिला ने सड़क के दोनों ओर बनी नालियों में एक तरफ की नाली बंद कर देने, झरिया बोरा पट्टी से आए व्यक्ति ने जल संकट दूर करने, बोर्रागढ़ में चल रहे अवैध जुआ संचालन बंद कराने सहित अन्य विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

# झारखण्ड में शीतलहर का प्रकोप जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में कनकनी का असर लगातार जारी है। उत्तर पश्चिमी दिशा से आ रही ठंडी हवा के कारण सुबह और शाम कनकनी बढ़ जाती है।

राजधानी रांची व आसपास के क्षेत्रों का तापमान भी गिर गया है। देर रात बेघरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रतजगा कर वे अलाव का सहारा ले रहे हैं जबकि कई दुकानदार देर रात अपनी अपनी दुकानों के बाहर अलाव की व्यवस्था कर ठंड से राहत पा रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी पूवार्नुमान में बताया गया कि राज्य में अगले पांच दिनों यानी 16, 17, 18, 19 और 20 दिसंबर को न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। ऐसे में खिली धूप के बाद भी ठंड से राहत की उम्मीद नहीं है।

राजधानी रांची में 20 दिसंबर तक सुबह में हल्के और मध्यम दर्जे का कोहरा और बाद में आसमान मुख्यतः साफ रहेगा। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो पूरे राज्य में मौसम शुष्क बना रहा। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस चाईबासा का जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस गुमला का रिकार्ड किया गया।

वहीं, राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम 10.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। राज्य के निकटवर्ती मध्य भाग यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और खूंटी में शीतलहर का असर लगातार जारी है। उत्तर-पश्चिमी हवाओं का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि पूरे राज्य में उत्तर-पश्चिमी हवाओं का प्रभाव बढ़ गया है, जिससे उत्तर और उत्तर-पश्चिमी जिलों में ठिठुरन बढ़ गई है।

# फर्जी दारोगा और सिपाही अवैध वसूली करते धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** टाउन थाना पुलिस ने दारोगा एवं सिपाही बताकर पब्लिक से शराब में फंसाने के नाम पर अवैध वसूली करते दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी धरहरा इलाके से हो सकी। पकड़े गए आरोपितों में यूपी के जौनपुर जिले के महाराजगंज थाना के बदलापुर गांव निवासी अभिषेक सिंह एवं मेरठ जिले के इंचोली थाना के मवाना गांव निवासी सोनू उर्फ शाह नजर शामिल है।

दोनों के पास से अवैध वसूली के करीब एक हजार रुपये बरामद किया गया है। इसे लेकर चंदन यादव के बयान पर दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है। पीड़ित ने स्वयं को पुलिस बता धमकाने एवं रंगदारी के रूप में नकदी लेने का आरोप लगाया है।

इस संबंध में नवादा थाना के श्रीटोला निवासी चंदन यादव के बयान पर दोनों के विरुद्ध रंगदारी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि दोनों व्यक्तियों ने स्वयं को पुलिसकर्मी बताकर धमकाया और रंगदारी के रूप में नकदी ले ली।

जानकारी के अनुसार, रविवार की शाम चंदन यादव अपने दोस्त से मिलने धरहरा अनुसूचित जाति टोला गए थे। इसी दौरान दो व्यक्ति पहुंचे और स्वयं को टाउन थाना का पुलिसकर्मी बताकर उनसे पूछताछ करने लगे। उन्होंने शराब पीने आने का आरोप लगाते हुए कहा कि पैसा नहीं दोगे तो शराब के केस में फंसा देंगे।

इसी दौरान एक व्यक्ति स्वयं को दारोगा बता रहा था। दोनों आरोपितों ने पीड़ित की जेब से जबरन एक हजार रुपये निकाल लिए। शोरगुल होने पर भीड़ जुट गई और टाउन थाना की क्रास मोबाइल टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखकर दोनों भागने लगे, लेकिन पीछा कर उन्हें दबोच लिया गया।

## सर्कुलर जारी करने की मांग

**बोकारो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने अधिशासी निदेशक मानव संसाधन को पत्र लिखकर एस –6 ग्रेड से उपर के कर्मचारियों के लिए सी टाईप आवास आवंटित कराने का सर्कुलर निकालने की मांग की है । यूनियन पूर्व में भी कई माध्यम से उक्त मांग कर चुकी है। पत्र के माध्यम से यह सुझाव भी दिया गया है कि जिन जिन आवासो को 10 बार आवंटन होने के बाद भी कर्मचारी नही लेते है, तो उन्ही आवासो को लाईसेंस पर या थर्ड पार्टी आवंटित किया जाय। सी टाईप आवास के सर्कुलर में अभी भी 429 सी टाईप आवास खाली दिखा रहा है। वर्तमान डी तथा ई टाईप आवासो का क्षेत्रफल वर्तमान समय के हिसाब से, कर्मचारियों के पुरे परिवार के लिए कम साबित हो रहा है । सेल के भिलाई इस्पात संयंत्र , भद्रावति इस्पात संयंत्र में काफी समय पहले से ही बड़ा आवास वरिष्ठ कर्मचारियों को आवंटित किया जा रहा है ।

यूनियन के अनुसार सी टाईप आवास आवंटन शुरू होने से डी टाईप आवासो पर भार कम होगा तथा वर्षो से बेहतर लोकेशन मे आवास आवंटन का इंतजार कर रहे कार्मिको को बड़े क्षेत्रफल और बेहतर लोकेशन में आवास मिल पायेगा ।

# निरीक्षण में डीएम ने किया बच्चों संग मध्याह्न भोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के एक कदम की जमकर सराहना हो रही है, जिसमें वह स्कूल के बच्चों के साथ जमीन में बैठकर मध्याह्न भोजन करती हुई नजर आ रही हैं।

जिला पदाधिकारी महनार प्रखंड अंतर्गत पंचायत महिन्दवारा एवं सरमस्तपुर के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों, विद्यालयों तथा खाद-बीज प्रतिष्ठानों का विशेष औचक निरीक्षण करने पहुंची थीं। इस निरीक्षण का उद्देश्य जमीनी स्तर पर सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, सेवाओं की गुणवत्ता तथा प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करना था।निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय सिमराचक फातिमा का भी निरीक्षण किया गया। विद्यालय में पहुंचते ही जिला पदाधिकारी बच्चों के बीच घुल-मिल गईं और एक शिक्षक की भूमिका में नजर आईं।

उन्होंने बच्चों से पढ़ाई के विषय में संवाद किया, उनकी समझ का आकलन किया तथा स्वयं उन्हें पढ़ाकर उत्साहित किया। निरीक्षण का सबसे भावनात्मक एवं प्रेरणादायक क्षण तब आया, जब जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह बच्चों के साथ जमीन पर बैठीं और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की स्वयं जांच की।उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर भोजन को चखा तथा उसकी गुणवत्ता, स्वाद, स्वच्छता और पौष्टिकता का गंभीरता से आकलन किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से भोजन की नियमितता, मात्रा और पसंद के संबंध में भी जानकारी ली।

जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत बच्चों को स्वच्छ, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा आज रोटरी भवन, चीरा चास में प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निशुल्क मोतियाबिंद जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग्य नेत्र विशेषज्ञ डॉ मेहराब आलम, डॉ राजेश कुमार, डॉ ओरोफील और उनकी टीम द्वारा मोतियाबिंद की जाँच, परामर्श दिया गया। शिविर में ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को चंदनक्यारी स्थित ममता मूर्ति नेत्रालय में जाने की व्यवस्था पूर्णतः निशुल्क उपलब्ध कराया स्थानीय विधायक श्वेता सिंह ने फिता काटकर एवं दीप प्रज्वलित करके उद्घाटन किया। उद्घाटन करते हुए कहा कि रोटरी क्लब चास किया मानवीय पहल अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम के संयोजक मुकेश अग्रवाल ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद मरीजों को नेत्र रोगों से राहत प्रदान करना तथा अंधत्व रोकथाम के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है।

क्लब की सचिव श्वेता रस्तोगी ने बताया कि आज जांच शिविर में 40 लोगों की स्क्रीनिंग तथा 7 को ऑपरेशन के लिए उपयुक्त पाया गया। श्वेता ने बताया की सभी 7 लोगों को चंदनक्यारी स्थित ममता मूर्ति अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। अगले दिन सभी लाभार्थियों को अस्पताल से विमुक्त कर दिया जाएगा।इस अवसर पर संजय बैद, विनोद चोपड़ा, सिद्धार्थ पारख, विजय अग्रवाल, मंजीत सिंह, प्रेम शंकर सिंह,दीपक झांझरिया, राजेश केड़िया, संजय रस्तोगी,ज्योति अग्रवाल पूर्वी केजरीवाल, अर्चना सिंह, शैल रस्तोगी, आदि उपस्थित रहे।

## लगाया गया जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** सदर प्रखंड के खनवा गांव में एक व्यक्ति की दर्जनों मुर्गियों को जहर देकर मार दिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष स्वर्गीय बिरजू उरांव के स्वजन हैं।घटना की जानकारी मिलते ही गांव के मुखिया पति नरेंद्र मेहता मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से पूछताछ की। जांच में सामने आया कि गांव के ही गुलाब शर्मा द्वारा लगातार मुर्गियों को लेकर धमकी दी जा रही थी। इसके बाद मुर्गियों की मौत हो गई। मामले को लेकर गांव में पंचायत बैठाई गई। पंचायत के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आरोपी गुलाब शर्मा पीड़ित परिवार को दो हजार रुपये जुर्माना के रूप में देगा।

# बिहार में खुलेगा तलवारबाजी का ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर : डॉ.मनसुख मंडाविया

## खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने केंद्रीय मंत्री डॉ.मनसुख मंडाविया और राज्य मंत्री रक्षा एन. खडसे से की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण, उप निदेशक हिमांशु सिंह तथा राज्य के दो खेल सलाहकारों के साथ, खेल एवं युवा मामले के केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और राज्य मंत्री रक्षा एन. खडसे से दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की।

श्रेयसी सिंह ने खेल के क्षेत्र में सुदृढ़ता के साथ वैश्विक स्तर पर बिहार की उभरती छवि और उपलब्धियों के लिए बिहार सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों और सहयोगों के बारे में उन्हें अवगत कराया। डॉ. मनसुख मंडाविया ने प्रयासों और उपलब्धियों की सराहना करते हुए बिहार में खेल और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र द्वारा हर संभव प्रयास और सहयोग करने का आश्वासन दिया। खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने बिहार में भी ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर खोलने का आग्रह और प्रस्ताव डॉ.मंडाविया के समक्ष रखा जिस पर तलवारबाजी के लिए बिहार में ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर खोलने के संबंध में केंद्रीय खेल मंत्री ने अपनी मौखिक सहमति दे दी। जनवरी महीने में होने वाली खेल मंथन शिविर में हिस्सा लेने के लिए मनसुख मंडाविया ने बिहार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ.बी. राजेंदर और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण को आधिकारिक तौर पर आमंत्रित किया। इस खेल मंथन शिविर में मिशन ओलंपिक के तहत देश में ज्यादा से ज्यादा ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर खोलने और ओलंपिक में पदक जीतने संबंधी महत्त्वपूर्ण विषयों पर देश भर के खेल विशेषज्ञों, खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के साथ विचार मंथन होगा। श्रेयसी सिंह ने मई महीने में चीन में होने वाले स्पोर्ट्स एक्सपो में शामिल होने के लिए एक प्रस्ताव केंद्रीय खेल मंत्री के सामने रखा जिसे मनसुख मंडाविया ने तत्काल सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि केन्द्र और बिहार के अधिकारियों की एक टीम इस स्पोर्ट्स एक्सपो में जरूर शामिल होगी।

रक्षा खडसे ने विशेषकर स्कूल के बच्चों के बीच खेल संस्कृति के विकास और उनके बीच प्रतिभा चयन को लेकर चर्चा की साथ ही साथ खेल के अनुरूप उनकी सेहत, स्वास्थ्य और वैज्ञानिक तरीके से उनके प्रशिक्षण संबंधी विषयों पर भी विस्तार से अपनी राय रखी। श्रेयसी सिंह ने डॉ.मंडाविया और रक्षा खडसे को मधुबनी पेंटिंग्स से सुसज्जित साड़ी, अंग वस्त्र और बोधि वृक्ष का प्रतीक चिन्ह उन्हें देकर उनका अभिनंदन किया।

## डॉ दिलीप जायसवाल को भागलपुर जिला का प्रभारी मंत्री बनाए जाने पर भाजपा जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता ने दी बधाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** बिहार भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष व बिहार सरकार के उद्योग मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल को भागलपुर जिला का प्रभारी मंत्री बनाए जाने पर भागलपुर भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार एवं जिला प्रवक्ता इंदु भूषण झा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि डॉ दिलीप जायसवाल का संगठनात्मक अनुभव, प्रशासनिक दक्षता और जमीनी जुड़ाव निश्चित रूप से भागलपुर के विकास को नई गति देगा तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से धरातल तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। जिला प्रवक्ता इंदु भूषण झा ने बताया कि डॉक्टर दिलीप जायसवाल के मार्गदर्शन में क्षेत्र और संगठन दोनों और अधिक सशक्त होंगे।

# बिहार भाजपा अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देने वालों को संजय सरावगी ने जताया आभार


## संगठन को सशक्त बनाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** दरभंगा के विधायक संजय सरावगी को बिहार भाजपा अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद आज दिनभर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। विभिन्न संगठनों के लोग, समर्थक और राजनीतिक कार्यकर्ता उनके आवास पहुंचते रहे और बधाई और शुभकामनाएं देते रहे। बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने बधाई देने वाले सभी लोगों का आभार जताया। उन्होंने बधाई देने वाले स्नेहीजनों, सम्मानित कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का हृदय से आभार और धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग, विश्वास और संगठनात्मक ऊर्जा से पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने हेतु सदैव प्रतिबद्ध रहूंगा। इससे पहले आज प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद विधायक संजय सरावगी दरभंगा के शिवाजीनगर, जीतूगाछी स्थित प्रसिद्ध श्री श्याम बाबा मंदिर पहुंचकर खाटू नरेश की पूजा-आर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से करने तथा पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करते रहने के लिए बाबा खाटू श्याम से प्रार्थना की और बिहार के लोगों के लिए कल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक अमरनाथ गामी सहित पार्टी के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा नेतृत्व ने दी बधाइयां







नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता नितिन नवीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर देशभर से शुभकामनाओं का सिलसिला जारी है। दिल्ली पहुंचने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। इसके बाद पूर्व उपप्रधान मंत्री लालकृष्ण आडवाणी, पूर्व भाजपा अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा चार बार औरंगाबाद से सांसद रह चुके सुशील कुमार सिंह ने भी नितिन नवीन को शुभकामनाएं दीं। राजनाथ सिंह ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने नितिन नवीन की लगन, मेहनत और संगठनात्मक कौशल को देखते हुए उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नितिन नवीन इस दायित्व का निर्वहन पूरी कुशलता और प्रतिबद्धता के साथ करेंगे। नितिन गडकरी ने कहा कि नितिन नवीन जनता से जुड़े नेता हैं। श्री नितिन नवीन ने भाजपा के वरीय नेता लालकृष्ण आडवाणी से भेंट की। संगठन के साथ-साथ प्रशासन और सरकार चलाने का उन्हें लंबा अनुभव है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने इन्हीं क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी है जो पूरी तरह स्वागत योग्य है। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि नितिन नवीन एक कुशल और प्रभावशाली संगठनकर्ता हैं। उन्होंने बेहद कम उम्र में अपनी योग्यता और क्षमता का परिचय दिया है। चाहे छत्तीसगढ़ का चुनाव हो या बिहार का, नितिन नवीन ने कार्यकर्ताओं और जनता से सीधे संवाद के माध्यम से पार्टी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे पार्टी कार्यकर्ताओं से गहराई से जुड़े हैं और क्षेत्र की जमीनी हकीकत से भली-भांति परिचित हैं। सुशील कुमार सिंह ने विश्वास जताया कि नितिन नवीन अपने नेतृत्व और कार्यशैली से भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में एक नया और मजबूत अध्याय जोड़ेंगे।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा में बड़ी राजनीतिक भागीदारी

## उपेंद्र कुशवाहा की उपस्थिति में दर्जनों नेताओं ने ग्रहण की सदस्यता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नई दिल्ली/पटना।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित एक महत्वपूर्ण मिलन समारोह में लोकजन विभिन्न राजनीतिक-सामाजिक संगठनों से जुड़े बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर दिल्ली सहित अन्य राज्यों से आए नेताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया। सम्मेलन में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं लोकजनशक्ति पार्टी के संस्थापक सदस्य ए. के. बाजपेयी, राष्ट्रीय वरिष्ठ अध्यक्ष एवं मुख्य प्रवक्ता, जो वर्ष 1985 से स्व. रामविलास पासवान के निकट सहयोगी रहे हैं, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ-साथ सदस्यता ग्रहण करने वाले प्रमुख नेताओं में पृथ्वी राज यादव (राष्ट्रीय महासचिव,लोजपा), एस. के. मिश्रा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, किसान प्रकोष्ठ), हर प्रकाश (पूर्व दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष), विनोद नागर (पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक सदस्य) तथा सुनैना वाल्मीकि (पूर्व अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ, दिल्ली प्रदेश) शामिल रहे। इसके अतिरिक्त नवीन सिंह (पूर्व भाजपा प्रवक्ता एवं जनसुराज नेता), अनिल तंवर (पूर्व सचिव, दिल्ली प्रदेश), बी. कौशिक (वरिष्ठ नेता, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस), शबनम खान (मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं पूर्व प्रवक्ता, राष्ट्रीय लोकदल), तनिष्क चंदेला (अधिवक्ता एवं जिला अध्यक्ष) एवं नितिन बाजपेयी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ऑल इंडिया लीगल सेल) सहित कई प्रमुख चेहरों ने सम्मेलन में सहभागिता की। लोकजनशक्ति पार्टी की संपूर्ण जम्मू-कश्मीर इकाई एवं लगभग 50 वरिष्ठ नेता-कार्यकर्ता भी इस अवसर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान दिल्ली प्रदेश लोकजनशक्ति पार्टी की कार्यकारिणी एवं बड़ी संख्या में पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा में औपचारिक रूप से शामिल होकर संगठन को मजबूती प्रदान की। इनमें प्रदेश, जिला, विधानसभा एवं वार्ड स्तर के अनेक पूर्व अध्यक्ष, महासचिव, सचिव और संयोजक शामिल रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए राष्ट्रीय लोक मोर्चा एक सशक्त वैकल्पिक मंच के रूप में उभर रहा है। उन्होंने नए साथियों का स्वागत करते हुए संगठन को जन-आंदोलन से जोड़ने का आह्वान किया।

## बिहार संस्कृत संजीवन समाज की ओर से नितिन नवीन एवं संजय सरावगी को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने मंत्री नितिन नवीन को भाजपा का नया राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तथा दरभंगा के विधायक संजय सरावगी को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नीतिन नवीन पार्टी के सौम्य और समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं तथा संजय सरावगी भी पार्टी के कुशल और अनुभवी नेता हैं। इन दोनों के नेतृत्व में देश और बिहार में भारतीय जनता पार्टी का चहुंमुखी विकास होगा।

## नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन अवार्ड से सम्मानित हुआ क्रॉम्पटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**पटना।** भारत के एक सबसे भरोसेमंद और अभिनव कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल ब्रांड, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को ऊर्जा दक्षता के लिए भारत के सबसे बड़े राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने क्रॉम्पटन को नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन अवॉर्ड 2025 प्रदान किया। यह पुरस्कार कंपनी के स्टेशनरी स्टोरेज टाइप इलेक्ट्रिक वॉटर हीटर श्रेणी में ऊर्जा संरक्षण के लिए उसके उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है। यह पुरस्कार विद्युत मंत्रालय द्वारा ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) के माध्यम से प्रदान किया जाता है, इसने क्रॉम्पटन के ऐसे उपकरणों को डिजाइन करने पर दृढ़ फोकस को सम्मानित किया है जो ऊर्जा खपत को काफी कम करते हैं और बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। क्रॉम्पटन के ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ प्रोमीत घोष ने कंपनी की ओर से यह पुरस्कार स्वीकार किया जो संगठन की नवाचार, स्थिरता और उपभोक्ता-केंद्रित समाधानों के प्रति प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस अवसर पर प्रोमीत घोष, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ ने कहा कि नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन अवॉर्ड से एक बार फिर सम्मानित होना, विशेष रूप से भारत की राष्ट्रपति द्वारा एक जबरदस्त सम्मान है और क्रॉम्पटन के ऊर्जा-दक्ष नवाचारों को आगे लाने के निरंतर फोकस का प्रतिबिंब है। हमारे बीईई 5-स्टार रेटेड स्टोरेज वॉटर हीटर प्रोडक्ट के लिए एप्लायंस फॉर द ईयर का यह सम्मान, प्रदर्शन से समझौता किए बिना स्थिरता को प्राथमिकता देने वाले उपकरण विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

# 21 को मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी का वृहद मेगा हेल्थ कैम्प

## 23 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक करेंगे मरीजों की जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी राजेंद्र नगर रोड नंबर 7 में रविवार 21 दिसम्बर को निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि यह शिविर पटना के राजेन्द्र सुमित्रा, अरविंद पायल एवं अभिषेक स्नेह मित्तल के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने बताया कि शिविर में विभिन्न रोगों के करीब 23 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे। मरीज प्रातः आठ बजे से 10 बजे तक जांच हेतु अपना नम्बर लगा सकेंगे। सोसाइटी के सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इस चिकित्सा शिविर में प्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका, हड्डी रोह विशेषज्ञ डॉ राजेश कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार, एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ गौतम मोदी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्रवण कुमार एवं डॉ कृष्ण केशव ठाकुर, जेनेरल फिजिशियन पूनम नंदन एवं डॉ मुकेश कुमार तथा सज्जन डिडवानिया, कान, नाक एवं गला विशेषज्ञ डॉ दिवेश कुमार, न्यूरो फिजिशियन डॉ हेमंत कुमार, सीनियर न्यूरोथैरेपी विशेषज्ञ नितिन बहुगुणा, पैरालाइसिस विशेषज्ञ डॉ हिमांशु शेखर, मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव सिंह, कॉन्टैक्ट लेंस विशेषज्ञ डॉ प्रवीण कुमार सहित अन्य डाक्टर मरीजों की जांच करेंगे। कोषाध्यक्ष सुजीत सिंघानिया ने बताया कि शिविर में चिकित्सकों द्वारा लिखे गए सभी तरह की पैथोलॉजिकल जांच तथा इसीजी, एक्स रे, शुगर एवं बीपी की जांच उसी दिन काफी रियायती शुल्क पर किये जायेंगे तथा सभी उपलब्ध दवाएं भी निःशुल्क दिए जाएंगे। एम पी जैन ने बताया कि चिकित्सकों द्वारा अनुमोदित मोतियाबिंद के मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन भी कराया जाएगा। साथ ही नजदीक पढ़ने का चश्मा भी मुफ्त में उपलब्ध करवाया जाएगा। शिविर में जांच कराने वाले सभी मरीजों एवं सहयोगियों को नास्ते का पैकेट भी दिया जाएगा।

# राज्य के प्रत्येक पंचायत में स्थापित होंगे कस्टम हायरिंग सेंटर

## आधुनिक यंत्रों से सशक्त होगा किसान, समृद्ध बनेगा बिहार : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि राज्य के लघु एवं सीमांत किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों की सहज, सुलभ एवं किफायती उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि रोड मैप के अंतर्गत राज्य के प्रत्येक पंचायत में कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना की जाएगी। यह योजना बिहार की कृषि को आधुनिक, समयबद्ध और लाभकारी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। मंत्री ने कहा कि आज भी बड़ी संख्या में किसान आर्थिक मजबूरियों के कारण आधुनिक कृषि यंत्र खरीदने में असमर्थ हैं। कस्टम हायरिंग सेंटर ऐसे किसानों के लिए वरदान सिद्ध होंगे जहां से वे मामूली किराए पर जुताई, बुआई/रोपनी, कटाई, हार्वेस्टिंग एवं थ्रेसिंग जैसे कार्यों हेतु सभी प्रकार के आधुनिक कृषि यंत्र प्राप्त कर सकेंगे। इससे खेती की लागत घटेगी, कार्य समय पर पूरे होंगे और उत्पादन एवं उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना हेतु अधिकतम 10 लाख रुपये की परियोजना लागत निर्धारित है जिसके अंतर्गत स्थानीय फसल चक्र के अनुसार किसानों के लिए आवश्यक आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। मंत्री ने बताया कि इस योजना का लाभ प्रगतिशील किसान, जीविका समूह, ग्राम संगठन, क्लस्टर फेडरेशन, आत्मा से संबद्ध फार्मर इंटरेस्ट ग्रुप (एफआईजी), नाबार्ड/राष्ट्रीयकृत बैंकों से संबद्ध किसान क्लब, कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ)/किसान उत्पादक कंपनी (एफपीसी), स्वयं सहायता समूह एवं पैक्स को दिया जा रहा है। ताकि गांव-गांव तक आधुनिक कृषि सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक राज्य में 950 कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जा चुके हैं तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 267 नए कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 4 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# एससी-एसटी जाति के लोगों को जमीन पर दिलाया जायेगा कब्जा : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अनुसूचित जाति एवं जनजातियों को सरकार की ओर से दी गई जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए फिर अभियान शुरू किया गया गया है। इस तरह का अभियान नए मंत्रियों के पदभार ग्रहण करने के समय हमेशा चलता है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भूमि सुधार मंत्री के रूप में अभियान चलाने का ताजा निर्देश दिया है। विभाग के सचिव जय सिंह ने कहा कि विभाग अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति परिवारों को आवंटित एवं बंदोबस्त की गई भूमि पर वास्तविक दखल-कब्जा दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस वर्ग को दी गई सरकारी, अधिशेष, भूदान अथवा क्रय की गई भूमि से यदि किसी भी निजी व्यक्ति द्वारा बेदखल किया जाता है तो इसे गंभीर और दंडनीय अपराध माना जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत सभी पात्र पर्चाधारियों को उनकी आवंटित भूमि पर शत-प्रतिशत दखल-कब्जा दिलाना राज्य सरकार का लक्ष्य है।

# माइक्रोफाइनेंस बैंकों पर लगाम लगाए सरकार, पीड़ित परिवार से मिले राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुजफ्फरपुर जिले में पिता द्वारा अपने बच्चों के साथ फांसी लगाने की अत्यंत दुखद और हृदयविदारक घटना जिसमें चार लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो गई, को लेकर आज बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने शिष्टमंडल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और गहरी संवेदना व्यक्त की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि माइक्रोफाइनेंस बैंकों के कारण लगातार सूबे में अप्रिय घटनाएं घट रही हैं और सरकार इस पर लगाम लगाने के बजाय केवल मीडिया बयानबाजी कर रही है। यह घटना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि समाज और सरकार की नीतिगत विफलताओं का परिणाम है। अत्यधिक गरीबी, बेरोजगारी और माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के कर्ज के दबाव ने एक परिवार को इस भयावह कदम के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को न तो समय पर आर्थिक सहायता मिल रही है और न ही उन्हें शोषण से बचाने की कोई प्रभावी व्यवस्था है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने राज्य सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवार को अविलंब समुचित मुआवजा दिया जाए, जीवित बचे बच्चों की शिक्षा और पालन-पोषण की पूरी जिम्मेदारी सरकार उठाए तथा माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के कर्ज और उनके कार्यप्रणाली की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी इस मामले को गंभीरता से सक्षम मंच पर उठाएगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के साथ वरिष्ठ नेता ब्रजेश प्रसाद मुनन, मयंक मुन्ना एवं स्थानीय कांग्रेस नेता तथा कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना', काम करने के दिनों में होगी बढ़ोतरी

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी मनरेगा गांवों के अकुशल लोगों के लिए काम पाने और अपनी आजीविका चलाने का एक बहुत बड़ा सहारा है। अगर किसी ग्रामीण को और कहीं काम न मिले तो वह मनरेगा के तहत रोजगार पा सकता है। इस कानून के तहत सौ दिन के कार्य की गारंटी दी गई है। केंद्र सरकार ने अब इन कार्य दिवसों की संख्या बढ़ाकर एक सौ पच्चीस करने का फैसला किया है और इससे संबंधित विधेयक को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है।इसे अब मनरेगा नहीं बल्कि 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' के नाम से जाना जाएगा। यानी अब इसके नए स्वरूप में काम की गारंटी होगी या नहीं, इसको लेकर अभी आधिकारिक रूप से स्थिति स्पष्ट नहीं है। मगर कार्य दिवसों की संख्या बढ़ाने का निर्णय देश की ग्रामीण आबादी के लिए रोजगार के लिहाज से एक महत्त्वपूर्ण कदम है, क्योंकि ग्रामीण इलाकों में आज भी रोजगार का अभाव है और अगर सौ दिन काम मिल भी जाए, तो उसके पारिश्रमिक से घर-परिवार चलाना व्यावहारिक रूप से बहुत मुश्किल है। यह दूसरी बार है, जब इस कानून या योजना का नाम बदला गया है। इसे वर्ष 2005 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (नरेगा) के नाम से लागू किया गया था। इसके बाद वर्ष 2009 में इसका नाम बदलकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कर दिया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाना है। इसके तहत प्रत्येक परिवार के अकुशल सदस्यों को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम सौ दिनों का गारंटीकृत रोजगार प्रदान करने का प्रावधान है।अब उसके कार्य दिवस में बढ़ोतरी की पहल स्वागतयोग्य है, लेकिन यह सही मायने में तभी सफल मानी जाएगी, जब इसे जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से अमल में लाया जाए। इसमें दोराय नहीं कि कोविड महामारी के दौरान जब कई उद्योग-धंधे बंद हो गए और हजारों लोग बेरोजगार हुए, तो इसी योजना ने ग्रामीण परिवारों को आर्थिक सहारा दिया था। देश भर में करोड़ों परिवारों की आजीविका का एक हिस्सा इस योजना पर टिका हुआ है। ग्रामीण इलाकों में इस रोजगार योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर पहले से चुनौतियां कम नहीं हैं। शुरुआत से ही इसे लेकर कई तरह की अनियमितताओं के मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें गारंटी के मुताबिक सौ दिन का रोजगार न मिलना, कागजों में फर्जी तरीके से रोजगार देना और वित्तीय गड़बड़ियां प्रमुख हैं। अब काम के दिनों में बढ़ोतरी तभी सार्थक होगी, जब पुरानी गड़बड़ियां और अनियमितताओं को दूर किया जाए।

# भाजपा ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर एक तीर से कई निशाने साधे

**देखा जाए तो भाजपा आलाकमान का यह कदम बिहार में भाजपा की मजबूती को राष्ट्रीय स्तर पर जोड़ता है, जहां नितिन नबीन कायस्थ समाज से आते हैं जो पार्टी का पारंपरिक वोट बैंक है। वहीं, बिहार सरकार में मंत्री रहते हुए उन्हें दिल्ली में आधिकारिक आवास और केंद्रीय मंत्री जैसी सुविधाएं मिलेंगी। समकालीन भाजपा के कुशल सियासी शिल्पी समझे जाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी का चाणक्य करार दिए जाने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की युगल प्रभावशाली जोड़ी ने 14 दिसंबर को यकायक पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में तीसरी पीढ़ी के कद्दावर और सूझबूझ वाले युवा नेता नितिन नबीन के नाम की घोषणा करवाकर न केवल सबको चौंकाया है, बल्कि एक तीर से कई सियासी निशाने भी साधे हैं। इसके सियासी मायने भी दूरगामी और दिलचस्प साबित होंगे।**

(कमलेश पांडे)

मोदी-शाह के सियासी तरकश से निकले इस प्रभावी तीर ने आरएसएस-भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को भी आश्चर्य चकित कर दिया है।बताते चलें कि भारतीय जनता पार्टी ने बिहार में सत्तारूढ़ राजग के नीतीश सरकार में भाजपा कोटे के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को गत दिनोंतत्काल प्रभाव से राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है, जिससे खुद पार्टी के कार्यकर्ता भी पशोपेश में पड़कर चौंक गए हैं और इस अप्रत्याशित निर्णय को सराहा, क्योंकि यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यकाल की समाप्ति और उनको मिले बार-बार कार्य विस्तार की अवधि के दौरान आई है, जो नए पूर्णकालिक अध्यक्ष के चुनाव तक संगठन की कमान संभालेंगे। हालांकि, इस बात की सुगबुगाहट लंबे अरसे से जारी थी और बड़े-बड़े नाम इस होड़ में शामिल थे। इसलिए नितिन नबीन की नियुक्ति से मोदी-शाह का सियासी पलड़ा पुनः भारी प्रतीत हुआ है। जहां तक इस नियुक्ति के कारण की बात है तो पार्टी ने नितिन नबीन के संगठनात्मक अनुभव, जमीनी पकड़, प्रशासनिक क्षमता और सिक्किम/छत्तीसगढ़ में प्रभारी/सह-प्रभारी के रूप में उनकी उल्लेखनीय सफलता को आधार बनाया है। बताया जाता है कि पांच बार विधायक और तीन बार मंत्री रह चुके नितिन नबीन बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र, पटना पश्चिम इलाके से हैं तथा बूथ स्तर प्रबंधन में माहिर माने जाते हैं। यही वजह है कि उनकी इस नई नियुक्ति का बिहार सहित पूर्वी भारत की सियासत पर भी इसका एक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

देखा जाए तो भाजपा आलाकमान का यह कदम बिहार में भाजपा की मजबूती को राष्ट्रीय स्तर पर जोड़ता है, जहां नितिन नबीन कायस्थ समाज से आते हैं जो पार्टी का पारंपरिक वोट बैंक है। वहीं, बिहार सरकार में मंत्री रहते हुए उन्हें दिल्ली में आधिकारिक आवास और केंद्रीय मंत्री जैसी सुविधाएं मिलेंगी। दरअसल पार्टी उनके मनोनयन की राष्ट्रीय रणनीति से सुपरिचित है जोकि जेनरेशन नेक्स्ट को बढ़ावा देती है तथा बंगाल चुनाव जैसी चुनौतियों के लिए समय रहते ही तैयार करती है। यह पीएम मोदी और एचएम अमित शाह की प्रभावशाली सियासी दिशा में एक नई निरंतरता का संकेत है, जिसमें युवा नेतृत्व से नई ऊर्जा की उम्मीद है।

पार्टी मामलों के जानकार बताते हैं कि नितिन नबीन की नई नियुक्ति बिहार की राजनीति में पार्टी के संगठनात्मक विस्तार और कायस्थ वोट बैंक को मजबूत करने का संकेत देती है। यह कदम बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर अधिक प्रतिनिधित्व दिलाता है, जहां नबीन की जमीनी पकड़ और बांकीपुर सीट पर लगातार जीत भाजपा के लिए मॉडल बनी हुई है। जहां तक भाजपा की मजबूती की बात है तो इस नियुक्ति से बिहार में भाजपा का कैडर प्रबंधन और चुनावी रणनीति तेज होगी, खासकर नीतीश कुमार सरकार में मंत्री रहते हुए। यही नहीं, भारत का सर्वाधिक प्रबुद्ध और प्रशासनिक प्रभाव रखने वाला कायस्थ समुदाय, जो



भाजपा का कोर वोटर है, इससे प्रेरित होगा तथा पार्टी का शहरी आधार पटना जैसे इलाकों में और सशक्त बनेगा।

जहां तक एनडीए पर प्रभाव की बात है तो नीतीश कुमार के साथ गठबंधन में भाजपा की स्थिति मजबूत होगी, क्योंकि नबीन का राष्ट्रीय पद बिहार में केंद्रीय नेतृत्व की निगरानी बढ़ाएगा। साथ ही युवा नेतृत्व का उदाहरण स्थापित कर अन्य दलों को चुनौती मिलेगी, विशेषकर आगामी विधानसभा चुनावों में। वहीं, संभावित चुनौतियां यह हैं कि मंत्री पद के साथ राष्ट्रीय जिम्मेदारी से बिहार फोकस कम न हो, यह चिंता बनी रहेगी, हालांकि उनका छत्तीसगढ़ प्रभारी वाला अनुभव आश्वासन देता है। विपक्षी दल इसे भाजपा की बिहार-केंद्रित रणनीति के रूप में देखकर जवाबी हमला बोल सकते हैं। नितिन नबीन भाजपा की नई रणनीति में युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने, संगठनात्मक मजबूती और पूर्वी भारत में विस्तार के प्रमुख स्तंभ बनेंगे। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में वे बूथ स्तर प्रबंधन, चुनावी तालमेल और राज्य इकाइयों के बीच समन्वय संभालेंगे। इससे पार्टी में युवा जुड़ाव बढ़ेगा। नबीन की नियुक्ति से भाजपा 2029 लोकसभा चुनावों के लिए नेक्स्ट जेन लीडरशिप तैयार करेगी, जहां युवाओं से कनेक्ट करना प्राथमिकता होगी। वहीं,, छत्तीसगढ़ प्रभारी के अनुभव से बूथ मजबूती का मॉडल राष्ट्रीय स्तर पर लागू होगा। जहां तक चुनावी रणनीति की बात है तो 2026 में होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव, तमिलनाडु विधानसभा चुनाव और असम विधानसभा चुनावों में नितिन नबीन संगठन विस्तार व तालमेल प्रबंधन करेंगे, और बिहार में मिली हालिया सफलता को दोहराने का लक्ष्य रखेंगे। इससे पूर्वी भारत पर फोकस से पार्टी का क्षेत्रीय आधार सशक्त बनेगा। जहां तक संगठनात्मक भूमिका की बात है तो जेपी नड्डा के बाद वे केंद्रीय नेतृत्व व राज्य नेताओं के बीच पुल का काम करेंगे, और पीएम मोदी की दृष्टि को जमीन पर उतारेंगे। वहीं कायस्थ (पश्चिम बंगाल में राढ़ी कायस्थ) जैसे कोर वोट बैंक को साधते हुए सामाजिक समीकरण मजबूत होंगे। नितिन नबीन की प्रमुख प्राथमिकताएँ भाजपा के संगठन को मजबूत करना, बूथ स्तर पर कार्यकर्ता सक्रियता बढ़ाना और युवा नेतृत्व को बढ़ावा देना रहेंगी। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में वे पार्टी के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने पर जोर देंगे, जिसमें राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण शामिल हैं। वहीं संगठनात्मक मजबूती के लिए वे बूथ प्रबंधन मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करेंगे, जैसा छत्तीसगढ़ में सफल रहा, तथा राज्य इकाइयों में समन्वय सुनिश्चित करेंगे। साथ ही कायस्थ जैसे कोर वोट बैंक को साधते हुए शहरी और प्रबुद्ध मतदाताओं से जुड़ाव बढ़ाना लक्ष्य होगा। जहां तक चुनावी लक्ष्य की बात है तो 2026 के पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में संगठन विस्तार और तालमेल प्रबंधन उनकी प्राथमिकता रहेगा। इस निमित्त वे 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव और 2029 के लोकसभा के लिए युवा कनेक्ट पर फोकस करेंगे। इससे पूर्वी भारत में भाजपा का आधार सशक्त बनाने से पार्टी की रणनीति को एक नई दिशा मिलेगी। उनकी नेतृत्व शैली संतुलित समझी जाती है। भाजपा को आज इसी शैली की दरकार है। लिहाजा नितिन नबीन नई जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाने का संकल्प ले चुके हैं, जिसमें सशक्त नेतृत्व और कार्यकर्ताओं से गहरा जुड़ाव प्रमुख होगा। उनका शांत स्वभाव और जमीन पर काम की छवि इन लक्ष्यों को साकार करने में सहायक बनेगी। यहाँ भाजपा द्वारा नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने का कारण सरल और स्पष्ट है, वह यह कि उनकी नियुक्ति पार्टी की नयी रणनीति, संगठनात्मक मजबूती और नेतृत्व में बदलाव के इर्द-गिर्द केंद्रित है। सवाल है कि आखिर नितिन नबीन को ही यह अहम पद क्यों मिला? तो जवाब होगा कि भाजपा को युवा और सक्रिय नेतृत्व देने के लिए पार्टी ने यह फैसला लिया। दरअसल भाजपा नेतृत्व चाहता है कि पार्टी में युवा, गतिशील और मेहनती नेतृत्व को मौका मिले। अभी नितिन नबीन महज 45 वर्ष के हैं और उन्हें एक युवा, ऊर्जावान तथा कर्मठ नेता के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि उनका संगठनात्मक अनुभव एवं जमीनी पकड़ मजबूत है क्योंकि वे एक अनुभवी संगठनकर्ता हैं, इतनी कम उम्र में पाँच बार विधायक, मंत्री और संगठन से जुड़े रहे हैं। इस अनुभव के कारण उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय संगठन में नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, पार्टी में नई ऊर्जा और संतुलन लाने के लिए भी नेतृत्व का यह बदलाव किया गया है। इससे पार्टी में नई ऊर्जा, संतुलन और रणनीतिक सोच को बढ़ावा मिलेगा। खासकर जब अगले चुनावों से पहले संगठन को मजबूत बनाना है तो नितिन नबीन को लाकर पार्टी ने अपने मकसद को स्पष्ट कर दिया है। निःसन्देह नितिन नबीन को मिली इस नई जिम्मेदारी से बिहार और पूर्वी भारत पर भाजपा की पैठ मजबूत होगी।ऐसा करना उनकी प्राथमिकता होगी। उनकी नियुक्ति इस बात का संकेत भी है कि भाजपा पूर्वी भारत (विशेषकर बिहार-पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, झारखंड व सात बहन पूर्वोत्तर राज्यों) में अपनी पैठ और नेतृत्व को सशक्त करना चाहती है। इसलिए आगामी नेतृत्व परिवर्तन की तैयारी को उसने तेज कर दिया है। पार्टी का यह अप्रत्याशित फैसला एक व्यवस्थापित व महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है- जैसे कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव तक संगठन का संचालन सुचारु रखना। इससे यह भी संकेत मिलता है कि भविष्य के नेतृत्व के लिए पार्टी तैयारी कर रही है। यही वजह है कि पार्टी के बड़े नेताओं ने भी सधी हुई प्रतिक्रियाएँ दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने नितिन नबीन को बधाई दी है और उन्होंने उन्हें कर्मठ, अनुभवी और प्रभावशाली नेता बताया है। क्योंकि उनकी इस नियुक्ति का मुख्य कारण उनके कार्य, संगठन क्षमता और ऊर्जा को माना गया। सरल शब्दों में कहें तो भाजपा ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष इसलिए बनाया क्योंकि वे युवा, अनुभवी, संगठनात्मक रूप से मजबूत और पार्टी को नई दिशा देने वाले नेता माने जाते हैं और यह नियुक्ति भाजपा की भविष्य की राजनीतिक और संगठनात्मक रणनीति का हिस्सा है। इसके साथ ही वह प्रमुख संगठनात्मक पद पर भाजपा युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय महामंत्री और बिहार प्रदेश अध्यक्ष भी रहे। वहीं सिक्किम प्रभारी तथा छत्तीसगढ़ सह-प्रभारी के रूप में पार्टी की चुनावी सफलताओं में योगदान दिया। जहां तक सरकारी जिम्मेदारियों की बात है तो 2021-2022 में पथ निर्माण मंत्री, 2024-2025 में नगर विकास एवं आवास तथा कानून-न्याय मंत्री रहे। वर्तमान में बिहार सरकार में पथ निर्माण मंत्री तथा 14 दिसंबर 2025 से भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हैं। उनकी प्रमुख उपलब्धियों में बांकीपुर सहित बिहार में सड़क निर्माण ढांचा को दुरुस्त किया जाना, शहरी विकास और बुनियादी सुविधाओं पर फोकस के अलावा कानून-न्याय विभागों में मंत्री रहकर बुनियादी ढांचे का विकास किया जाना शामिल है। उनका कायस्थ समाज से जुड़ाव है और बूथ स्तर प्रबंधन में माहिर समझे जाते हैं। अब वह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की जगह लेते हुए संगठन की मजबूती और चुनावी रणनीति संभालेंगे, क्योंकि उनकी जमीनी पकड़ और अनुशासित छवि को केंद्रीय नेतृत्व ने भी सराहा है। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक है)। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## यादों में शिवराज पाटिल-एक विद्वान राजनेता की सादगीपूर्ण यात्रा

(जयसिंह रावत)

शिवराज पाटिल चाकुरकर, जिन्हें भारतीय राजनीति में एक सौम्य, विद्वान और नैतिक मूल्यों के प्रतीक के रूप में जाना जाता है, आज भारतीय राजनीतिक परिदृश्य का एक महत्वपूर्ण अध्याय समाप्त हो गया। 12 दिसंबर 2025 को महाराष्ट्र के लातूर जिले में उनके निधन की खबर ने पूरे देश को शोकाकुल कर दिया। 90 वर्ष की आयु में वे इस दुनिया से विदा हो गए, लेकिन उनके पांच दशक लंबे सार्वजनिक जीवन की विरासत सदैव प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। एक ऐसे नेता, जिन्होंने लोकसभा स्पीकर से लेकर केंद्रीय गृह मंत्री तक विभिन्न पदों पर अपनी विद्वता और निष्पक्षता का परिचय दिया, शिवराज पाटिल का जीवन सादगी, सेवा और सुधारों की मिसाल है। शिवराज विष्णु पाटिल का जन्म 12 अक्टूबर 1935 को महाराष्ट्र के लातूर जिले के चाकुर गांव में एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। तत्कालीन हैदराबाद रियासत के इस छोटे से गांव में पले-बढ़े शिवराज ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय स्तर पर पूरी की। विज्ञान में स्नातक करने के बाद उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय से विधि की डिग्री प्राप्त की। कानून की पढ़ाई के बाद वे कुछ समय के लिए कॉलेज में लेक्चरर बने, लेकिन जल्द ही लातूर लौट आए और वकालत शुरू की। इस दौरान उन्होंने सामाजिक मुद्दों पर गहन अध्ययन किया, जो आगे चलकर उनकी राजनीतिक दृष्टि का आधार बने। शिवराज पाटिल की शादी 1963 में विजया पाटिल से हुई। उनके दो बच्चे थे, पुत्र शैलेश पाटिल, जो कांग्रेस के राज्य सचिव रह चुके हैं, और पुत्री सपना बी. पाटिल, जो एक वकील थीं लेकिन 2002 में आत्महत्या कर लीं। परिवार में पत्नी, पुत्र, पुत्रवधू (जो बीजेपी नेता हैं) और दो पोतियां हैं। शिवराज पाटिल को साहित्य और लेखन का भी शौक था। उन्होंने 'रिमिनिसेंस एंड रिफ्लेक्शंस', 'विजन ऑफ इंडिया', 'एक्स्टेसी एंड एगोनी ऑफ ए प्रेसिडिंग ऑफिसर', 'फ्रेग्रेंस ऑफ इनर सेल्फ' और 'डायलॉग्स' जैसी पुस्तकें लिखीं, जो उनकी गहन चिंतनशीलता को दर्शाती हैं। शिवराज पाटिल का राजनीतिक सफर 1967 में लातूर म्यूनिसिपल काउंसिल के अध्यक्ष बनने से शुरू हुआ। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़ते ही उन्होंने स्थानीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ी। 1972 में वे महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य चुने गए और दो कार्यकाल (1972-1979) तक विधायक रहे। इस दौरान वे विधि एवं न्याय, सिंचाई और प्रोटोकॉल विभागों में उपमंत्री बने। इसके अलावा, पब्लिक अंडरटेकिंग्स कमिटी के चेयरमैन, महाराष्ट्र विधानसभा के डिप्टी स्पीकर (1978) और स्पीकर (1979) जैसे महत्वपूर्ण पद संभाले। उनका राष्ट्रीय स्तर पर उनका प्रवेश 1980 में तब हुआ, जब वे लातूर लोकसभा सीट से सात बार लगातार चुने गए (1980 से 2004 तक)। 1991 से 1996 तक वे लोकसभा के 10वें स्पीकर रहे। इस पद पर उन्होंने संसदीय कार्यप्रणाली में क्रांतिकारी सुधार किए–संसद की कार्यवाही का लाइव टेलीकास्ट, कंप्यूटरीकरण और नई संसदीय लाइब्रेरी की स्थापना जैसे कदमों से लोकसभा को आधुनिक रूप दिया। विवादास्पद मुद्दों जैसे राजनीति में अपराधीकरण और बैंक घोटालों पर बहसों के दौरान भी उन्होंने सदन को शांतिपूर्वक संचालित किया, जिसके लिए उन्हें 'शांतिदूत' कहा गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल में उनकी भूमिका भी उल्लेखनीय रही। 1980-1984 के बीच रक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कार्मिक, खेल एवं युवा कल्याण जैसे विभाग संभाले। 1995-1996 में रेल मंत्री बने। 2004 में यूपीए सरकार में वे गृह मंत्री नियुक्त हुए, जो उनका सबसे चर्चित पद था। हालांकि, 2008 के मुंबई हमलों के बाद सुरक्षा चूक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने इस्तीफा दे दिया। इस घटना ने उन्हें 'भारत का नीरो' जैसे कटु उपनाम भी दिए, लेकिन उनकी सादगी और नैतिकता की प्रशंसा भी हुई। 2010 से 2015 तक वे पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक रहे। शिवराज पाटिल का जीवन भारतीय राजनीति में नैतिक मूल्यों की जीती-जागती मिसाल था। वे कभी विवादों से दूर रहे, हमेशा सादगीपूर्ण जीवन जिया। महाराष्ट्र उप-मुख्यमंत्री अजित पवार ने उन्हें 'संस्कृतिपूर्ण और विद्वान व्यक्तित्व' कहा, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके 'सार्वजनिक कल्याण के प्रति समर्पण' की सराहना की। वास्तव में उनकी विरासत संसदीय सुधारों, ग्रामीण विकास और राष्ट्रीय एकता में योगदान के रूप में बनी रहेगी। लातूर जैसे छोटे शहर से निकलकर दिल्ली की ऊंचाइयों तक पहुंचने वाली यह यात्रा युवा नेताओं के लिए प्रेरणा है। शिवराज पाटिल चाकुरकर का निधन भारतीय लोकतंत्र के एक सुनहरे युग का अंत है, लेकिन उनकी शिक्षाएं सदैव जीवित रहेंगी। यह लेखक के निजी विचार हैं।

# भाजपा में युवा नेतृत्व की नई आहट पर भरोसा

(ललित गर्ग)

नितिन नबीन बिहार की राजनीति में कोई नया नाम नहीं हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं और जमीनी राजनीति की बारीकियों से भलीभांति परिचित हैं। संगठन और सरकार-दोनों के अनुभव से संपन्न नितिन नबीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। भारतीय राजनीति में लंबे समय से जिस क्षण की प्रतीक्षा थी, वह अब एक निर्णायक मोड़ पर आ खड़ी हुई है। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व की बागडोर युवा हाथों में सौंपने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नितिन नबीन को पार्टी का नया कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। यद्यपि यह नियुक्ति औपचारिक रूप से अस्थायी कही जा रही है, किंतु जिस प्रकार से इस निर्णय का पार्टी के भीतर और बाहर स्वागत हो रहा है, उससे यह संकेत स्पष्ट हैं कि भविष्य में उन्हें ही पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया जा सकता है। यह नियुक्ति केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की कार्यशैली, नेतृत्व-चयन और भविष्य-दृष्टि में आए एक बड़े परिवर्तन का उद्घोष है। भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड का यह निर्णय न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अब तक लिए गए साहसिक, अप्रत्याशित और दूरगामी परिणाम देने वाले निर्णयों की श्रृंखला का एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय भी है। नितिन नबीन बिहार की राजनीति में कोई नया नाम नहीं हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं और जमीनी राजनीति की बारीकियों से भलीभांति परिचित हैं। संगठन और सरकार-दोनों के अनुभव से संपन्न नितिन नबीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। इसके साथ ही संगठन के विभिन्न स्तरों पर उन्होंने जिस अनुशासन, रणनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है, वही उन्हें इस पद के लिए स्वाभाविक विकल्प बनाता है। उनका राजनीतिक व्यक्तित्व



केवल भाषणों तक सीमित नहीं, बल्कि संगठन खड़ा करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और वैचारिक प्रतिबद्धता बनाए रखने की क्षमता से परिपूर्ण है। यही गुण भाजपा की आत्मा भी है-जहां व्यक्ति नहीं, संगठन सर्वोपरि होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति का एक स्थायी गुण रहा है-नए चेहरों पर भरोसा और पीढ़ीगत नेतृत्व का निर्माण। चाहे वह केंद्र सरकार में मंत्रियों का चयन हो, राज्यों में मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति हो या संगठन में बदलाव-मोदी ने बार-बार यह साबित किया है कि वे भविष्य की राजनीति को आज गढ़ने में विश्वास रखते हैं। नितिन नबीन का चयन भी इसी विचारधारा का प्रतिफल है। यह निर्णय संकेत देता है कि भाजपा अब केवल चुनाव जीतने की पार्टी नहीं रहना चाहती, बल्कि अगले दो-तीन दशकों के लिए एक स्थायी वैचारिक और संगठनात्मक नेतृत्व तैयार कर रही है। युवा पीढ़ी, विशेषकर पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को आकर्षित करने की दृष्टि से यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि वैचारिक संतुलन का केंद्र भी होता है। इस पद पर नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहमति और समर्थन अनिवार्य माना जाता है। भाजपा की चुनावी सफलताओं में संघ की भूमिका सदैव निर्णायक रही है-चाहे वह विचार-प्रसार हो, कार्यकर्ता निर्माण हो या सामाजिक संपर्क। पिछले कुछ चुनावों में जिन परिस्थितियों का सामना पार्टी को करना पड़ा, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा संगठन और संघ के बीच पूर्ण सामंजस्य कितना आवश्यक है। ऐसे में नितिन नबीन का चयन यह संकेत देता है कि संघ और पार्टी नेतृत्व के बीच गहन विमर्श और सहमति के बाद ही यह निर्णय लिया गया है। यह नियुक्ति भाजपा को वैचारिक रूप से और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। नितिन नबीन के सामने सबसे बड़ी और तात्कालिक चुनौती पश्चिम बंगाल के आगामी चुनाव हैं। यह राज्य लंबे समय से भाजपा के लिए रणनीतिक और वैचारिक दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा है। यहां केवल सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति, राष्ट्रवाद और सामाजिक संतुलन की भी परीक्षा होती है। एक संगठनात्मक अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की वास्तविक कसौटी यहीं होगी। यदि वे बंगाल में संगठन को नई धार देने, कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने और जनता के बीच विश्वास स्थापित करने में सफल होते हैं, तो उनका नेतृत्व स्वतः ही प्रमाणित हो जाएगा। यही वह मंच है, जहां उनका रुतबा, कौशल और रणनीतिक दृष्टि राष्ट्रीय राजनीति के सामने स्पष्ट होगी। भाजपा की राजनीति में एक विशेष परंपरा रही है-जहां कयास कुछ और होते हैं और निर्णय बिल्कुल अलग दिशा से आता है। अनेक नाम चर्चा में रहते हैं, अनेक चेहरे मंजिल के निकट आकर भी ठहर जाते हैं, किंतु अंतिम निर्णय अक्सर सबको चौंकाने वाला होता है। यही भाजपा की 'चमत्कार करने वाली' संगठनात्मक शैली है। नितिन नबीन का मनोनयन भी इसी परंपरा का हिस्सा है। यह निर्णय उन तमाम अटकलों पर विराम लगाने की क्षमता रखता है, जो लंबे समय से अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी के भीतर चल रही थीं। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भाजपा में पद नहीं, क्षमता निर्णायक होती है। नितिन नबीन भारतीय राजनीति की उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने संगठनात्मक निष्ठा, वैचारिक स्पष्टता और सतत जनसंपर्क को अपनी राजनीतिक पहचान बनाया है। छात्र राजनीति से लेकर सक्रिय सार्वजनिक जीवन तक उनका सफ़र अनुशासन, कर्मठता, राष्ट्रीयता और संघर्ष की पाठशाला रहा है। वे जमीनी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करने वाले, जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता से समझने वाले और उन्हें प्रशासनिक व राजनीतिक मंचों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने वाले नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। नितिन नबीन की कार्यशैली में युवाओं के प्रति विश्वास, विकासोन्मुख सोच और पारदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे पद को नहीं, दायित्व को प्राथमिकता देते हैं और संगठन के मूल्यों के अनुरूप निरंतर आगे बढ़ते रहे हैं। नितिन नबीन सिन्हा कायस्थ समुदाय के एक भारतीय राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वह दिग्गज भाजपा नेता नवीन किशोर सिन्हा के बेटे हैं। अभी उन्हें जेपी नड्डा की जगह पर भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है जो अध्यक्ष के चुनाव तक कार्यभार संभालेंगे। कार्यकर्ता के बीच विश्वास, प्रतिबद्धता और परस्पर सम्मान का संबंध दिखाई देता है, जो पार्टी को निरंतर सशक्त और गतिशील बनाए रखता है। नितिन नबीन का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मनोनयन केवल एक व्यक्ति की नियुक्ति नहीं, बल्कि भाजपा के भविष्य की राजनीति का स्पष्ट संकेत है। यह युवा नेतृत्व, वैचारिक प्रतिबद्धता, संगठनात्मक अनुशासन और संघ-समन्वय का संगम है। यदि नितिन नबीन इस जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाते हैं- विशेषकर पश्चिम बंगाल जैसी कठिन राजनीतिक भूमि पर-तो वे न केवल भाजपा के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेंगे, बल्कि भारतीय राजनीति में युवा नेतृत्व की नई परिभाषा भी गढ़ेंगे। यही वह क्षण है, जहां राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि दृष्टि, धैर्य और दूरदर्शिता का प्रमाण बन जाती है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# विभागीय समन्वय बनाकर जनकल्याणकारी योजनाओं में लाएं तेजी : डीएम

## जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** एनआईसी सभागार में जिला पदाधिकारी आइसी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी शामिल हुए।

बैठक के जिला पदाधिकारी ने विभिन्न विभागीय योजनाओं हेतु भूमि उपलब्धता तथा अग्रिम भुगतान की गई राशि के उपयोग की समीक्षा कर अंचलाधिकारियों को प्रखंड में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, खेल मैदान, पानी की टंकी, पंचायत भवन एवं आंगनबाड़ी केंद्र आदि विकास कार्य हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र भूमि कराने का निर्देश दिया।उन्होंने भूमि संबंधी अड़चनों को तत्काल दूर करने को कहा ताकि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सकें।अतिक्रमित भूमि को भी जल्द अतिक्रमणमुक्त सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। डीएम ने अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन को आपदा प्रबंधन कोष से किए गए अग्रिम भुगतान का उपयोगिता प्रमाण-पत्र अंचलों से शीघ्र जिला मुख्यालय में प्रस्तुत करवाने का निर्देश दिया। बैठक में शिक्षा, पर्यटन, कला-संस्कृति एवं युवा, खेल, परिवहन, मद्य निषेध, नगर निगम, श्रम संसाधन, पथ निर्माण प्रमंडल, ग्रामीण पथ प्रमंडल, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल सहित अन्य सभी संबंधित विभागों की गतिविधियों तथा योजनाओं की भी समीक्षा हुई। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय बढ़ाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से आमजनों तक पहुँचाने के निर्देश दिया। इस अवसर पर नगर आयुक्त संतोष कुमार, अपर समाहर्ता डा.बिनोद कुमार, उप विकास आयुक्त अमित कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन सहित अन्य जिलास्तरीय विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# किसान मेले में अव्यवस्था का बोलबाला

## पत्रकारों के लिए कुर्सी नहीं, मेला परिसर बना पार्किंग स्थल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** संयुक्त कृषि भवन के मैदान प्रांगण में मंगलवार को चार दिवसीय 'जिला स्तरीय कृषि सह यांत्रिकीकरण मेले' का आगाज हुआ। जिला प्रशासन और कृषि विभाग की ओर से आयोजित इस भव्य कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक उपकरणों से रूबरू कराना था। लेकिन उद्घाटन समारोह के दौरान जो कुछ देखने को मिला , उन्होंने आयोजन समिति की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मेले के पहले ही दिन अव्यवस्था का आलम यह था कि जिसे जहाँ जगह मिली, उसने वहीं अपना डेरा जमा लिया। ?कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियो को जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने पौध दिया तथा सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद, अपर समाहर्ता बिनोद कुमार, उप विकास आयुक्त अमित कुमार, डीएओ और पूर्व सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री निखिल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मंच से नेताओं और अधिकारियों ने जिले के किसानों की आय दोगुनी करने और खेती में नई तकनीक के इस्तेमाल पर लंबे-चौड़े भाषण दिए।अतिथियों ने कहा कि इस चार दिवसीय मेले से जिले के सुदूर क्षेत्रों से आए किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। मेले की सबसे शर्मनाक तस्वीर तब दिखी जब कवरेज के लिए पहुंचे पत्रकारों को बैठने तक की जगह नहीं मिली। प्रबंधन द्वारा बनाई गई 'पत्रकार दीर्घा' में पहले से ही किसान और अन्य लोग कुर्सियों पर जमे हुए थे। स्थिति यह थी कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को खड़े होकर पूरी रिपोर्टिंग करनी पड़ी। जबकि उनके लिए निर्धारित स्थान पर भीड़ का कब्जा रहा।?मेले में सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के दावे भी खोखले साबित हुए। वाहनों की पार्किंग के लिए कोई निश्चित स्थान तय नहीं होने के कारण लोगों ने जहाँ मन किया, वहीं गाड़ियाँ खड़ी कर दीं। मेले के ठीक बीचों-बीच, जहाँ किसानों की भारी भीड़ चल रही थी, वहां दो दर्जन से अधिक मोटरसाइकिलें अव्यवस्थित ढंग से खड़ी थीं। लाखों रुपये के बजट से होने वाले इस आयोजन में छोटी-छोटी बुनियादी सुविधाओं की कमी चर्चा का विषय बनी रही। उपस्थित लोगों का कहना था कि यदि बीच मेले में गाड़ियाँ खड़ी रहेंगी और बैठने की व्यवस्था सही नहीं होगी, तो चार दिनों तक चलने वाले इस मेले में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। पत्रकारों ने भी इस उपेक्षा को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की है।



# नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** दरभंगा से लगातार विधायक बने संजय सरावगी को बिहार भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने की भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय ने बधाई दिया। उन्होंने कहा कि संजय सरावगी को बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर निश्चित ही सांगठनिक अनुभव एवं कार्यकुशलता से पार्टी को नई ऊर्जा एवं कार्यकताओं को उत्साह मिलेगा।

जिला अध्यक्ष मनोज केंद्र नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक अनुभवी जनप्रतिनिधि के रूप में संजय सरावगी का दूरदर्शी नेतृत्व, संगठनात्मक क्षमता और जनसेवा के प्रति निष्ठा निश्चित ही पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। जिलाध्यक्ष मनोज राय ने बधाई देते हुए कहा कि नवनीत प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के मार्गदर्शन में बिहार में भाजपा संगठन और अधिक सशक्त, अनुशासित एवं जनआकांक्षाओं से जुड़ा हुआ बनेगा तथा राष्ट्रनिर्माण और सुशासन के संकल्प को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को बधाई देने का तांता लगा बधाई देने वालों में उपमुख्यमंत्री तरकिशोर प्रसाद, प्राणपुर विधायक निशा सिंह, कोढ़ा विधायक कविता पासवान, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, पूर्व विधायक विभाष चंद्र चौधरी, पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह, जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, गोविंदा अधिकारी, सौरभ कुमार मालाकार, जिला उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चौधरी, राघवेंद्र सिंह, शोभा जयसवाल, प्रकाश शर्मा, जिला मंत्री धर्मनाथ तिवारी, मंजू चंद्रवंशी,आलोक मंडल, सविता शर्मा, नेहा किरण, संजय मंडल, पिंटू यादव, गौरव पासवान, कोषाध्यक्ष विनीता वाधवानी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रियंका सिंह, के पदाधिकारी मंच मोर्चा के अध्यक्ष एवं कटिहार जिला के सभी कार्यकताओं उन्होंने बधाई व शुभकामनाएं दिया।



# शहर की स्ट्रीट लाइटों में सेंसर लगाने का कार्य शुरू

## पायलट परियोजना के तहत सभी वार्ड में लगेगा सेंसर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** शहर के नगर निगम क्षेत्र में दिन के समय स्ट्रीट लाइट जलती हुई नहीं दिखाई देगी। नगर निगम की ओर से प्रत्येक पोल की स्ट्रीट लाइट में सेंसर लगाया जाएगा। जिससे शाम होते ही लाइट स्वतः चालू हो जाएगी और सुबह अपने-आप बंद हो जाएगी। पायलट परियोजना के अंतर्गत आज से वार्ड संख्याझ्र05 क्षेत्र में सेंसर लगाने का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।



# नितिन नवीन जैसे कर्मठ, ऊजार्वान व युवा नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन और अधिक सशक्त होगा : सौरभ मालाकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** बिहार सरकार में मंत्री एवं बांकीपुर से लगातार पांचवीं बार विधायक बने नीतिन नवीन को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज राय ने बधाई व शुभकामना दिया।

जिलाध्यक्ष यक्ष मनोज राय ने बताया कि बिहार के कर्मनिष्ठ कार्यकर्ता को विश्व के सबसे विशाल राजनैतिक दल का अति महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान करने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सहित समस्त केंद्रीय नेतृत्व का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री नितिन नबीन एक अनुभवी संगठनकर्ता, 5 बार निर्वाचित विधायक और जनसेवा के प्रति समर्पित नेता हैं। उन्होंने कहा कि बिहार ही नहीं पूर्वी भारत से इस पद पर पहुंचने वाले पहले नेता बने नीति नवीन। युवा मोर्चा से लेकर राज्य सरकार में मंत्री पद और राष्ट्रीय संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों तक,उनकी राजनीतिक यात्रा अनुशासन, परिश्रम और जनविश्वास की सशक्त कहानी है। निश्चित रूप से नितिन नबीन जैसे कर्मठ, ऊजार्वान एवं युवा नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन और अधिक सशक्त होकर राष्ट्र सेवा के संकल्प को नई गति देगा। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर पूर्व उपमुख्यमंत्री तरकिशोर प्रसाद, प्राणपुर विधायक निशा सिंह, कोढ़ा विधायक कविता पासवान, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, पूर्व विधायक विभाष चंद्र चौधरी, पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह, जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, गोविंदा अधिकारी, सौरभ कुमार मालाकार, जिला उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चौधरी, राघवेंद्र सिंह, शोभा जयसवाल, प्रकाश शर्मा, जिला मंत्री धर्मनाथ तिवारी,मंजू चंद्रवंशी,आलोक मंडल, सविता शर्मा, नेहा किरण, संजय मंडल, पिंटू यादव, गौरव पासवान, कोषाध्यक्ष विनीता वाधवानी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रियंका सिंह, के पदाधिकारी मंच मोर्चा के अध्यक्ष एवं कटिहार जिला के सभी कार्यकताओं उन्होंने बधाई व शुभकामनाएं दिया।

# कृषि में नवाचार अपनाकर आय में वृद्धि कर सकते हैं किसान : तारकिशोर प्रसाद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** संयुक्त कृषि भवन प्रांगण में आत्मा के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री निखिल कुमार चोधरी, पूर्व उप मुख्यमंत्री सह सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद, अपर समाहर्ता डॉ. विनोद कुमार, उप विकास आयुक्त अमित कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस मौके पर पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री प्रसाद ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा किसानों की आय बढाये जाने की दिशा में उठाये जा रहे कदमों की जानकारी दी. कृषि मे नवाचार को बढावा देने व फसल उत्पाद बढ़ाकर किसानों की आर्थिक दशा मे सुधार को लेकर किये जा रहे प्रयास की चर्चा की। राज्य सरकार की कृषि रोडमैप को क्रांतिकारी कदम बताया। किसान सम्मान निधि, कृषि कार्य के लिए किसानो को बिजली उपलब्ध कराने को किसान हितकारी बताया। अपने संबोधन मे पूर्व केन्द्रीय

**■ एनडीए की सरकार किसानों की आय बढ़ाने को संकल्पित : निखिल**

राज्यमंत्री निखिल कुमार चौधरी ने मखाना वोर्ड की स्थापना कोबिहार सहित सीमांचल के किसानों के लिए लाभदायक बताया।

जिला कृषि पदाधिकारी श्री कुमार ने जिले में सरकार द्वारा चलायी जा रही किसान कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। भूमि की घटती ऊर्वरा शक्ति के मद्देनजर दो फसलों के बीच दलहन फसल लगाने की अपील की. कम जोत की भूमि में समेकित कृषि अपनाकर अधिक पैदावार प्राप्त करने के गुड सीखाये। जैविक व परम्परागत कृषि अपनाने की अपील की। अपर समाहर्ता डॉ. विनोद कुमार ने अपने संबोधन में किसानो से मेले में प्रशिक्षण सहित कृषि उपयोगी उपादान का लाभ उठाने की अपील की। डीडीसी अमित कुमार ने किसानो से सरकारी की कल्याणकारी योजना का लाभ उठाने की अपील की। जिले मे किसानों को निर्धिरित दर पर उन्नत बीज, ऊर्वरक निर्धिरित दर पर उपलब्ध हो सके इस दिशा में सरकारी निगरानी की जानकारी दी। किसानों से निर्धिरित दर से अधिक कीमत वसूलनेवाले अनुज्ञप्तिधारी दूकान पर सख्त कार्वाई की जाएगी। उप परियोजना निदेशक शशिकांत झा ने आत्मा के द्वारा किसानों को तकनीकी, प्रोद्योगिकी व अन्य कृषि उपयोगी प्रशिक्षण की जानकारी दी। मेले में अनुदानित दर पर उपलब्ध कृषि उपस्कर, उपादान की जानकारी दी। इस मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी सनत कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सहायक निदेशक शस्य, उप निदेशक अभियंत्रण, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी प्रिय रंजन कुमार आदित्य कुमार सहायक तकनीकी प्रवंधक मौजूद रहे। मंच संचालन वरीय कृषि समन्वयक अभिनंदन झा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवानी ने की। मेले मे दो दर्जन से अधिक स्टाल सहित किसानों ने अपने बेहतर उत्पाद के प्रदर्श भी लगाये।

# डीआरयूसीसी की 88वीं बैठक में यात्री सुविधाओं पर विशेष फोकस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल में मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति डीआरयूसीसी की 88वीं बैठक मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नराह ने किया। आयोजित बैठक में रेल यात्रियों की समस्याओं, सुविधाओं के विस्तार एवं सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार को लेकर चर्चा की गई।

मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नराह ने कहा कि यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर रेल सेवा उपलब्ध कराना ही उनकी पहली प्राथमिकता है। वही समिति सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों को चरणबद्ध रूप से लागू किया जाएगा। बैठक में बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाने हेतु विशेष टिकट जांच अभियान लगातार चलाया जा रहा है। वही स्टेशनों पर डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए पीओएस मशीनों की व्यवस्था की गई है, साथ ही दिव्यांग यात्रियों के लिए सुविधाओं के विस्तार पर भी कार्य किया जा रहा है। रेलमंडल के सीनियर डीसीएम सह पीआरओ अनूप कुमार सिंह ने बताया कि कटिहार मंडल के 18 स्टेशनों पर 54 ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन एटीवीएम स्थापित की जा चुकी हैं। शेष 47 एटीवीएम को 16 अन्य स्टेशनों पर शीघ्र स्थापित किया जाएगा, जिससे यात्रियों को टिकट लेने में सुविधा मिलेगी। इसके अलावा बैठक में जयनगर, अररिया कोर्ट, कटिहार, किशनगंज, रक्सौल, सहरसा सहित विभिन्न रेलखंडों से संबंधित यात्री समस्याएं रखी गईं।



# विद्यालय में भवन नहीं, बच्चे तीन किलोमीटर दूर शिफ्ट विद्यालय में जाने को विवश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलरामपुर /कटिहार।** बलरामपुर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अहुता में काफी समय से भवन नहीं होने से बच्चे बुन्यादी शिक्षा प्राप्त करने के लिए लम्बी दुरी तय करने को विवश है। जो पोषक क्षेत्र के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ के साथ साथ शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निर्धारित मापडंडों का उल्लंघन भी है। जिसको लेकर अभिभावकों में काफी नाराजगी व्याप्त है। उक्त विद्यालय का स्थापना वर्ष 2007में हुआ है। जिसके बाद से विद्यालय का संचालन वहां के निजी मदरसे एवं सूर्य मंदिर के प्रांगण में हो रहा था। बाद में विद्यालय को करीब तीन किलोमीटर दूर आहुता जबेर टोला विद्यालय में शिफ्ट कर दिया गया है। विद्यालय आने जाने के दौरान बच्चों में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस समस्या को लेकर विद्यालय के प्रधान शिक्षक मोतीलाल साह ने दर्जनों ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन बीईओ सह बीडीओ को सौंपा है। उन्होंने बतायाकि विद्यालय भवन निर्माण हेतु काफी समय पहले पोषक क्षेत्र के अंदर करीब 24 डिसमिल जमीन उपलब्ध हो चूका है। बावजूद इसके शिक्षा विभाग विद्यालय भवन समस्या के समाधान में कोई रूचि नहीं ले रही है। सभी ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अविलम्ब विद्यालय भवन के निर्माण की मांग की है।



# लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322 ई के अंतर्गत बालिका आरोग्य शिविर का सफल आयोजन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322E के अंतर्गत रीजन-1 द्वारा रविंद्र बालिका विद्यालय, राजेंद्र नगर में एक बालिका आरोग्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह सेवा प्रकल्प रीजन-1 के अंतर्गत कार्यरत आठ लायंस क्लबों के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन रीजन चेयरपर्सन लायन सीमा अग्रवाल, जोन चेयरपर्सन लायन अनुप कुमार एवं जोन चेयरपर्सन लायन समता रॉय के कुशल नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रदीप खेतान की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ लायन रचना खेतान, लायन सविता जालान, लायन संगीता खेतान, लायन सीमा जालान, लायन मेघा सिंह सहित अनेक लायन साथी उपस्थित रहे। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा छात्राओं की स्वास्थ्य जाँच की गई। स्त्री रोग विशेषज्ञों में लायन सरिता सहाय, डॉ. चारु मोदी, डॉ. सिम्पी रानी एवं डॉ. कुमकुम सिन्हा ने विशेष रूप से सेवाएँ प्रदान कीं। स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत एनीमिया जाँच शिविर, आई-विजन चेकअप (विजन टीम द्वारा), स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर जागरूकता सत्र, तथा एनीमिया टीम द्वारा परामर्श एवं जाँच की गई। बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जाँच भी की गई। जिन छात्राओं में किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या पाई गई, उनके अभिभावकों से संपर्क कर आगे की आवश्यक चिकित्सा प्रक्रिया हेतु सहयोग प्रदान किया जाएगा। यह बालिका आरोग्य शिविर बालिकाओं के स्वास्थ्य, जागरूकता एवं भविष्य की सुरक्षा की दिशा में एक अत्यंत सराहनीय पहल रहा, जिसकी विद्यालय प्रशासन, अभिभावकों एवं समाज के विभिन्न वर्गों ने प्रशंसा की।

# दो बूंद पोलियो की दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर श्री प्रकाश ने दो बूंद पल्स पोलियो की दवा पिलाकर पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया ।इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर श्री प्रकाश ने बताया कि बिहार के 31 जिलों में पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हुआ।

इस कड़ी में कटिहार जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में भी पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हुआ। इस अभियान में 48 टीम कुल 19196 घरों का भ्रमण करेंगे।जिसमें 20260 बच्चों को दो बूंद पल्स पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य हैं। वहीं सात ट्रांजिट टीम चौक चौराहे पर दवा पिलाएंगे 16 पर्यवेक्षक अपने-अपने क्षेत्र में टीका कर्मी के कार्य क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। वन मैन टीम छः जो चौक चौराहे पर दवा पिलाएंगे। सभी टीका कर्मी एवं पर्यवेक्षक से अपील किया कि सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में बने रहे एक भी नवजात बच्चे छुटना नहीं चाहिए। साथ ही जीरो से पांच वर्ष के ही बच्चे को दवा पिलाना हैं। इस अवसर पर क्लर्क पुष्कर राज,प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अनवर आलम, लेखापाल अनिमेष कुमार,डॉ मनोज कुमार चौधरी, प्रेमराज, बीसीएम कल्पना कुमारी, बीएमसी मधु कुमारी, डाटा ऑपरेटर संतोष कुमार पोद्दार, मो. वारिस, मो. शहाबुद्दीन, पवन कुमार, परिवार कल्याण कार्यकर्ता सुधीर कुमार, कोल्ड चेन होल्डर सेजल जायसवाल, सुजाता कुमारी, कमल किशोर झा, पर्यवेक्षक अशोक झा, भुवनेश्वर दास,शीला कुमारी, चंदा कुमारी, सूर्य नारायण यादव, अभिषेक कुमार रमण, संजन कुमार पासवान, चंद्रशेखर यादव, पुष्पा कुमारी, सुनीता देवी, नीतीश पासवान आदि मौजूद रहे ।




# रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका/ कटिहार।** प्रखंड के बरेटा शिवनारायण सर्वोदय उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित रोजगार सह मार्गदर्शन मेला के अवसर पर कोढ़ा विधायक कविता पासवान एवं प्रखंड प्रमुख दीपशिखा सिंह पहुंचे। मेले में अभ्यर्थियों को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाया गया।

जीविका दीदी के इस प्रयास की सराहना की अभ्यर्थियों को सभी काउंटरों पर जाकर अपनी रुचि व योग्यता अनुसार रोजगार तथा स्वरोजगार चयन की सलाह दी। जीविका प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई के माध्यम से आयोजित इस रोजगार सह स्वरोजगार मेला में 18 से 35 वर्ष के युवाओं ने पंजीयन कराया जा रहा था। छात्रों को ऑन द स्पॉट नियुक्ति पत्र भी वितरित किया गया। मेला में पंजीकृत युवाओं को नियुक्ति प्रक्रिया के अगले चरण के लिए चयनित किया गया। साथ ही युवा जिला ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में भी पंजीयन कराया। इस मौके पर जीविका द्वारा बताया कि इस रोजगार मेला का उद्देश्य अभ्यर्थियों को रोजगार व स्वरोजगार का अवसर उपलब्ध करवाना है. रोजगार मेला में 18 से 35 वर्ष के युवा, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत चलाए जा रहे रोजगार, स्वरोजगार, रोजगार परक प्रशिक्षण संस्थानों की जानकारी ले रहे हैं और युवाओं को इस मेला का अधिक से अधिक लाभ उठाने की सलाह दी। मेले में काफी भीड़ देखी गई।



## खुल गया एक और मेनबोर्ड आईपीओ




**नई दिल्ली, एजेंसी।** केएसएच इंटरनेशल आईपीओ आज यानी 16 दिसंबर से खुल गया है। कंपनी के आईपीओ का साइज 710 करोड़ रुपये का है। यह भी एक मेनबोर्ड आईपीओ है। हालांकि, ग्रे मार्केट में केएसएच इंटरनेशल आईपीओ की स्थिति अच्छी नहीं है। बता दें, यह आईपीओ 1.09 करोड़ फ्रेश शेयर जारी करेगा। वहीं, ऑफर फार सेल के तहत कंपनी 76 लाख शेयर जारी करेगी। केएसएच इंटरनेशल आईपीओ 18 दिसंबर तक खुला रहेगा। केएसएच इंटरनेशल आईपीओ का प्राइस बैंड 365 रुपये से 384 रुपये है। कंपनी ने 39 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से निवेशकों को 14976 रुपये का इंवेस्टमेंट करना होगा। आईपीओ का अधिकतम 50 प्रतिशत हिस्सा क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए रिजर्व रहेगा। वहीं, रिटेल निवेशकों के लिए कम से कम से 35 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित रहेगा। एनआईआई के लिए कम से कम 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व रहेगा। एंकर निवेशकों के लिए यग आईपीओ 15 दिसंबर को खुला था। कंपनी की तरफ से जारी प्रेस रिलीज के अनुसार 55,46,874 शेयर एंकर निवेशकों को 384 रुपये पर जारी किए गए हैं। जिन एंकर निवेशकों ने दांव लगाया है उनमें एचएसबीसी ग्लोबल इंवेस्टमेंट फंड्स, कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी आदि है। बता दें, 41,40,591 शेयर 5 घरेलू म्यूचुअल फंड को जारी किए गए हैं। इंवेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में कंपनी का आईपीओ आज संघर्ष कर रहा है। जीएमपी आज भी जीरो रुपये पर है। कंपनी के जीएमपी में कोई भी हरकत नहीं देखने को मिल रही है। इस कंपनी की स्थापना 1979 में हुई थी। यह देश की तीसरी सबसे बड़ी मैगनेंट वाइंडिंग वायर्स एक्सपोर्ट करने वाली कंपनी है। केएसएच ब्रांड नाम से कंपनी पावर, रिन्यूएबल, रेलवे, ऑटोमोटिव और इंडस्ट्रीयल सेक्टर में अपने प्रोडक्ट की सप्लाई करती है।

## पीयूष गोयल ने औद्योगिक क्षेत्र की हस्तियों से की मुलाकात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोलन ने जापान-भारत व्यापार सहयोग समिति के अध्यक्ष तातसुओ यासुनागा से मुलाकात की। इस बैठक का उद्देश्य दोनो देशों के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रीत रहा। सोशल मीडिया एक्स पर गोयल ने कहा कि जापान-भारत व्यापार सहयोग समिति (जेआईबीसीसी) के अध्यक्ष तातसुओ यासुनागा और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ सार्थक चर्चा हुई। भारत-जापान व्यापार संबंधों को और मजबूत करने, व्यापार सहयोग बढ़ाने और प्रमुख क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने के अवसरों पर विचार-विमर्श किया। पारस्परिक विकास और समृद्धि के लिए इस गतिशील साझेदारी को और गहरा करने की आशा है। भारत-जापान के बीच हुए द्विपक्षीय व्यापार भारत और जापान के बीच मजबूत और लगातार बढ़ते व्यापारिक संबंध हैं। वित्त वर्ष 2025 के दौरान जापान और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 25.17 अरब डॉलर रहा। इसमें से जापान से भारत को निर्यात 18.92 अरब डॉलर और भारत से आयात 6.25 अरब डॉलर का था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में भारत के कुल आयात में जापान के निर्यात का हिस्सा 2.06 प्रतिशत था, जबकि इसी अवधि में जापान को भारत के निर्यात का हिस्सा 0.75 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2025 के दौरान भारत ने जापान को लगभग 3,900 वस्तुओं का निर्यात किया, जो दोनों देशों के बीच व्यापार की विविधता को दर्शाता है।

# 1 डॉलर = 13 लाख, ईरान की करेंसी कैसे हो गई है कूड़ा भारत के सामने भी चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
ईरान की करेंसी रियाल अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को 13 लाख के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिर गई। यानी अब एक अमेरिकी डॉलर खरीदने के लिए 13 लाख ईरानी रियाल खर्च करने पड़ेंगे। इसका सीधा मतलब है कि रियाल का मूल्य लगभग खत्म हो चुका है। यह गिरावट प्रतिबंधों के दबाव और क्षेत्रीय तनावों के बीच आई है। इससे महंगाई बढ़ गई है। घरेलू बजट पर बोझ पड़ रहा है। वहीं, इसी दिन भारत का रुपया भी अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 25 पैसे गिरकर 90.74 के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। इसका मुख्य कारण भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और विदेशी निवेशकों की बिकवाली है। ईरान की मुद्रा रियाल सोमवार को एक बार फिर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गिर गई। यह 13 लाख रियाल प्रति डॉलर के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। रियाल में गिरावट ऐसे समय में आई है जब ईरान पर प्रतिबंधों का दबाव है। क्षेत्रीय तनाव भी बढ़ रहा है। पिछले दो हफ्तों से भी कम समय में रियाल 12 लाख के स्तर को पार कर गई थी। अब यह और भी नीचे चली गई है। तेहरान में मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर का भाव 13 लाख रियाल से ऊपर चला गया है। यह 3 दिसंबर के बाद से गिरावट की सबसे तेज रफ्तार को दिखाता है, जब रियाल अपने तत्कालीन रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंची थी।




रियाल में आई इस तेज गिरावट का सीधा असर ईरान की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। महंगाई का दबाव और बढ़ गया है। खाने-पीने की चीजें और रोजमर्रा की जरूरत की दूसरी चीजें महंगी हो गई हैं। इससे आम लोगों के घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। हाल ही में पेट्रोल की कीमतों में किए गए बदलावों से यह महंगाई और बढ़ सकती है। यह आर्थिक गिरावट ऐसे समय में आई है जब ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही बातचीत ठप होती दिख रही है। इसके अलावा, जून में ईरान और इजरायल के बीच 12 दिनों तक चले युद्ध के बाद दोबारा संघर्ष की आशंका बनी हुई है। ईरान में कई लोग एक बड़े टकराव की आशंका जता रहे हैं, जिससे बाजार की चिंता और बढ़ गई है। यह स्थिति वैश्विक निवेशकों और यहां तक कि ईरानी नागरिकों का भी अपनी राष्ट्रीय मुद्रा और देश की आर्थिक स्थिरता में गंभीर अविश्वास दर्शाती है। ईरान को अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग प्रणाली से अलग कर दिया गया है। इससे विदेशी व्यापार और लेन-देन लगभग असंभव हो गया है। अमेरिका की ओर से लगाए गए कठोर प्रतिबंधों ने ईरान के सबसे बड़े राजस्व स्रोत तेल निर्यात को बुरी तरह प्रभावित किया है। जब ईरान तेल बेच नहीं पाता, तो उसे डॉलर (विदेशी मुद्रा) नहीं मिलता। दूसरी ओर, भारत का रुपया भी सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 25 पैसे गिर गया। यह 90.74 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। रुपये में यह गिरावट भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली के कारण आई है। कारोबार के दौरान रुपया एक समय अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 90.80 तक भी पहुंच गया था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि जोखिम से बचने की धारणा और आयातकों की ओर से डॉलर की मजबूत मांग ने निवेशकों की धारणाओं को और कमजोर किया है।

# बोतलबंद पानी भी अनसेफ

## प्रियागोल्ड बिस्किट और दो वॉटर ब्रांड पर एक्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
कश्मीर में खाद्य सुरक्षा को लेकर बड़ा अलर्ट जारी हुआ है। फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने मुनाफाखोरी के चक्कर में लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की है। प्रियागोल्ड बिस्किट के एक बैच और अजवा पैकेज्ड वॉटर ब्रांड की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। यह फैसला इन उत्पादों के सैंपल की जांच में मिलावट पाए जाने के बाद लिया गया है। अजवा पानी में ई-कोली और कोलीफॉर्म बैक्टीरिया मिले हैं, जो इसे पीने लायक नहीं बनाते। वहीं, प्रियागोल्ड के बटर डिलाइट बिस्किट में सल्फाइट की मात्रा तय सीमा से ज्यादा पाई गई। इससे पहले स्नोड्रॉप वॉटर बॉटल में आर्सेनिक मिलने पर भी बैन लगाया गया था। इन घटनाओं ने कश्मीर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हुर्रियत नेता मीरवाइज उमर फारूक ने इस मामले में जनता को जवाब देने और सुधार के उपाय बताने की मांग की है। जम्मू-कश्मीर में खाद्य पदार्थों में मिलावट का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट लगातार ऐसे मामलों का पर्दाफाश कर रहा है, जिससे आम जनता की सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। हाल ही में, प्रियागोल्ड ब्रांड के बटर डिलाइट बिस्किट के एक बैच में सल्फाइट की मात्रा तय सीमा से बहुत ज्यादा पाई गई। यह पता चलते ही अनंतनाग प्रशासन ने तुरंत इस बिस्किट की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी। सल्फाइट एक ऐसा केमिकल है जिसका ज्यादा सेवन सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। लंबे समय तक इसके संपर्क में रहने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। मुनाफा कमाने के लालच में कुछ लोग किस हद तक जा सकते हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कश्मीर में सिर्फ बिस्किट और पानी ही नहीं, बल्कि अन्य खाने-पीने की चीजों में भी मिलावट की जा रही है।




### अजवा ब्रांड के बोतलबंद पानी पर एक्शन

इसके अलावा, अजवा नाम के पैकेज्ड वॉटर ब्रांड पर भी फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने कड़ा एक्शन लिया है। जांच में इस पानी के सैंपल में ई-कोली और कोलीफॉर्म बैक्टीरिया पाए गए। ये बैक्टीरिया आमतौर पर गंदे पानी में मिलते हैं। इन्हें पीने से पेट की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। नेशनल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी, गाजियाबाद में हुई जांच के बाद पानी को अनसेफ यानी असुरक्षित घोषित कर दिया गया। इस रिपोर्ट के आधार पर पब्लिक हेल्थ और कंज्यूमर सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए अजवा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर की बिक्री, स्टोरेज, डिस्ट्रीब्यूशन और डिस्प्ले पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी गई है। इसका मतलब है कि अब यह पानी कश्मीर में कहीं भी नहीं बिकेगा और न ही इस्तेमाल किया जा सकेगा। यह पहली बार नहीं है जब कश्मीर में पैकेज्ड वॉटर ब्रांड पर बैन लगा है। एक महीने पहले ही अक्टूबर में कश्मीर घाटी के बारामूला जिले में बनने वाले स्नोड्रॉप नाम के पैकेज्ड वॉटर ब्रांड पर भी रोक लगाई गई थी। उस समय जांच में पानी में आर्सेनिक की मिलावट पाई गई थी।

# टैरिफ ने किया अमेरिका का बेड़ा गर्क...! भारतवंशी महिला ने कर दी ट्रंप की खिंचाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
अमेरिकी कांग्रेस की भारतीय मूल की सदस्य प्रमिला जयपाल ने राष्ट्रपति ट्रंप के भारत पर लगाए गए टैरिफ की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि इन शुल्कों से न केवल अमेरिकी लोगों के लिए चीजें महंगी हो रही हैं, बल्कि भारत को अन्य वैश्विक शक्तियों के करीब भी धकेला जा रहा है।




जयपाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ट्रंप के भारत पर लगाए गए टैरिफ सिर्फ अमेरिकियों के लिए कीमतें नहीं बढ़ा रहे हैं- वे भारत को एक व्यापारिक सहयोगी के रूप में हमसे दूर कर रहे हैं और देश को रूस और चीन के साथ साझेदारी करने के लिए अधिक प्रोत्साहन दे रहे हैं। इससे हमारी अर्थव्यवस्था को नुकसान होता है और हम सभी के लिए कम सुरक्षित हो जाते हैं। अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी का भारी टैरिफ लगाया हुआ है।

एक संसदीय सुनवाई के दौरान जयपाल ने एक्सपर्ट विटनेस समीर लालवानी से इन टैरिफ के प्रभाव के बारे में सवाल पूछे। उन्होंने पूछा कि भारत को कैसा महसूस हो सकता है जब उसके पड़ोसी देश, पाकिस्तान और बांग्लादेश, भारत की तुलना में कम टैरिफ दरें हासिल कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि अगस्त में राष्ट्रपति ट्रंप ने कई भारतीय सामानों पर टैरिफ को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर दिया। क्या भारत इस बात को लेकर चिंतित है कि उसके पड़ोसी, पाकिस्तान और बांग्लादेश, भारत की तुलना में कम टैरिफ दरें हासिल कर चुके हैं, जबकि भारत सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है और इस धारणा से कि अमेरिका अब एक विश्वसनीय भागीदार नहीं है, भारत के ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन के साथ संबंधों पर क्या असर पड़ सकता है

### भारत पर क्या असर

लालवानी ने जवाब दिया कि ये टैरिफ भारत के लिए एक बड़ी चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि इससे निर्यात की संभावनाएं सीमित हो रही हैं और लागत बढ़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि ये उपाय भारत को ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन के करीब धकेल सकते हैं, जो टैरिफ के इच्छित लक्ष्यों के विपरीत है।

## अंबानी-अडानी की कुल जितनी कमाई उससे ज्यादा एक साल में कमाया

# मस्क की नेटवर्थ 600 अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने इतिहास रच दिया है। वह दुनिया के पहले ऐसे इंसान बन गए हैं जिनकी कुल संपत्ति 600 अरब डॉलर (लगभग 54 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा हो गई है। पिछले 24 घंटे में उनकी नेटवर्थ 167 अरब डॉलर बढ़ी है। मस्क की नेटवर्थ में यह जबरदस्त बढ़ोतरी उनके रॉकेट बनाने वाली कंपनी स्पेसएक्स के बढ़ते मूल्य की वजह से हुई है। इसी वजह से उनकी दौलत दुनिया के बाकी सभी अरबपतियों से बहुत आगे निकल गई है। मुकेश अंबानी और गौतम अडानी ने अब तक जितनी दौलत कमाई है, मस्क ने इन दोनों की कुल नेटवर्थ से ज्यादा सिर्फ इस साल कमा लिया है।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक एलन मस्क की कुल संपत्ति लगभग 638 अरब डॉलर (लगभग 58 लाख करोड़ रुपये) हो गई है। इतनी संपत्ति के साथ वह दुनिया के दूसरे सबसे अमीर इंसान लैरी पेज से 373 अरब डॉलर से भी ज्यादा आगे हैं। मस्क की इस तरक्की ने अमीर लोगों की लिस्ट में सबसे ऊपर के पायदान पर फासला और बढ़ा दिया है।



इस लिस्ट में ज्यादातर लोग टेक्नोलॉजी से जुड़े हैं, जैसे कि बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनियों के मालिक, लग्जरी सामान बनाने वाले बड़े ग्रुप के मालिक और लंबे समय से निवेश करने वाले लोग। एलन मस्क की प्रमुख कमाई उनकी कंपनियों टेस्ला , स्पेसएक्स , एक्स, एक्सएआई आदि हैं। उनकी कुल संपत्ति का बहुत बड़ा हिस्सा टेस्ला और स्पेसएक्स से आता है। वे टेस्ला के लगभग 13 प्रतिशत और स्पेसएक्स के 42 प्रतिशत हिस्से के मालिक हैं। हाल ही में स्पेसएक्स के मूल्य में जो बढ़ोतरी हुई है, वही उनकी दौलत बढ़ने का सबसे बड़ा कारण है। मस्क टेस्ला से कोई पारंपरिक सैलरी नहीं लेते हैं। उनका मुआवजा कंपनी के शेयरों पर आधारित है। उन्होंने टेस्ला के शेयर बेचकर पैसे निकालने के बजाय, उन्हें लोन के लिए गिरवी रखा है। इससे वे अपनी हिस्सेदारी बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी न केवल भारत के बल्कि एशिया के सबसे अमीर इंसान हैं। वहीं अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी दूसरे स्थान पर हैं। एलन मस्क की साल 2025 की कमाई अंबानी और अडानी की कुल नेटवर्थ से भी ज्यादा है। अंबानी की नेटवर्थ 106 अरब डॉलर और अडानी की नेटवर्थ करीब 85 अरब डॉलर है। ऐसे में दोनों की कुल नेटवर्थ 191 अरब डॉलर होती है। वहीं मस्क ने इस साल 205 अरब डॉलर की कमाई की है। पिछले 24 घंटे में ही मस्क की नेटवर्थ में 167 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।

## 3 प्रतिशत उछला नई नवेली लिस्टेड कंपनी का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में भारी बिकवाली के बीच नई नवेली लिस्टेड कंपनी मीशो लिमिटेड के शेयरों में आज 13 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर आज मंगलवार को बीएसई में 172.45 रुपये के लेवल पर खुला था। लेकिन 13 प्रतिशत से अधिक की उछाल के बाद यह 193.50 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया। यह कंपनी का 52 वीक हाई भी है। बता दें, आज की तेजी के बाद कंपनी के शेयर अपने इश्यू प्राइस 111 रुपये की तुलना में 70 प्रतिशत से अधिक की उछाल के साथ ट्रेड कर रहे हैं। शेयर बाजार में मीशो लिमिटेड की लिस्टिंग 10 दिसंबर को हुई थी। कंपनी की लिस्टिंग 53 प्रतिशत के प्रीमियम पर हुई थी। लेकिन उसके अगले दो दिन मीशो लिमिटेड के शेयरों की बिकवाली देखने को मिली। हालांकि, कंपनी कल यानी सोमवार को एक बार फिर से रिकवर करने में सफल रही। सोमवार को मीशो लिमिटेड के शेयरों का भाव 13 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। शुरुआत के 30 मिनट में ही 5 करोड़ शेयरों की खरीद और बिक्री हुई है। जिसकी कुल कीमत 950 करोड़ रुपये के बराबर है। यह कंपनी के 18 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। बता दें, मीशो लिमिटेड का मार्केट कैप 83 हजार करोड़ रुपये से अधिक बना हुआ है। मीशो के आईपीओ का साइज 5000 करोड़ रुपये से अधिक का था। कंपनी के आईपीओ 79 गुना से अधिक सब्सक्राइब किया गया है। रिटेल कैटगरी में इस आईपीओ को 19 गुना सब्सक्राइब किया गया था। क्यूआईबी कैटगरी में आईपीओ को 120 गुना सब्सक्राइब किया गया था।

# क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में हाहाकार

## बिटकॉइन 86000 डॉलर से नीचे आई

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में मंगलवार को हाहाकार मच गया। बिटकॉइन से लेकर दूसरी प्रमुख करेंसी में 24 घंटे में 4 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई। वहीं क्रिप्टो का ग्लोबल मार्केट कैप 24 घंटे में 3.75 प्रतिशत लुढ़क गया। इस गिरावट के साथ यह फिर से 3 ट्रिलियन डॉलर के नीचे आ गया है। वहीं बिटकॉइन की कीमत भी 4 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 86 हजार डॉलर से नीचे पहुंच गई। इस गिरावट को फेड रिजर्व की ब्याज कटौती से जोड़कर देखा जा रहा है।

सोमवार सुबह 8:30 बजे क्रिप्टोकरेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 3.05 ट्रिलियन डॉलर था। मंगलवार सुबह 8:30 बजे यह गिरकर 2.93 ट्रिलियन डॉलर रह गया। ऐसे में इसमें 0.12 ट्रिलियन डॉलर (करीब 11 लाख करोड़ रुपये) की गिरावट आई। पिछले दो हफ्तों में क्रिप्टोकरेंसी में यह सबसे बड़ी गिरावट है। इस गिरावट के चलते क्रिप्टोकरेंसी की फीयर एंड ग्रीड इंडेक्स 21 पहुंच गया है। यह 100 के मुकाबले जितना कम होगा, लोगों में क्रिप्टो को लेकर उतना ही डर होगा।

पिछले कुछ समय में बिटकॉइन समेत लगभग सभी क्रिप्टो में गिरावट बनी हुई है। बिटकॉइन की कीमत पिछले 24 घंटे में 4.47 प्रतिशत गिरकर करीब 85700 डॉलर पर पहुंच गई है। पिछले 7 दिनों में बिटकॉइन 5 फीसदी से ज्यादा गिर गई है। दो महीने पहले अक्टूबर में बिटकॉइन की कीमत करीब 1.25 लाख डॉलर पहुंच गई थी। ऐसे में इसमें तब से लेकर अब तक बड़ी गिरावट आई है।



बिटकॉइन के अलावा दूसरी क्रिप्टोकरेंसी में भी हाहाकार मचा हुआ है। पिछले 24 घंटे में इथेरियम भी 4 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 3 हजार डॉलर से नीचे आ गया है। वहीं रिपल में भी बड़ी कमी देखी गई है। 24 घंटे में रिपल की कीमत 6 फीसदी से ज्यादा गिरकर 2 डॉलर से नीचे आ गई है। हाइपरलिक्विड क्रिप्टो भी 8 फीसदी से ज्यादा गिरकर करीब 1.50 डॉलर पर पहुंच गया है। पाई नेटवर्क में भी करीब 5 फीसदी की गिरावट आई। क्रिप्टोकरेंसी में गिरावट को फेड रिजर्व से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं कुछ एक्सपर्ट के मुताबिक क्रिप्टोकरेंसी की बिकवाली बढ़ने और लिक्विडेशन बढ़ने के कारण कीमतों में भारी गिरावट आई।

# म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों को होगा फायदा

## आईपीओ के नियम होंगे आसान, सेबी की बैठक में लग सकती है मुहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
शेयर बाजार नियामक सेबी निवेशकों के फायदे के लिए म्यूचुअल फंड के नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी में है। बुधवार को होने वाली बोर्ड बैठक में म्यूचुअल फंड की फीस कम करने, आईपीओ के नियमों को आसान बनाने और निवेशकों के खर्चों में पारदर्शिता लाने पर फैसला हो सकता है। साथ ही, सेबी अपने अधिकारियों के लिए हितों के टकराव से जुड़ी एक्सपर्ट पैनल की रिपोर्ट पर भी विचार करेगा। करीब 30 साल बाद नियमों की इतनी बड़ी समीक्षा की जा रही है। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री 80 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति मैनेज करती है। अक्टूबर में सेबी ने इक्विटी और डेट फंड्स में टोटल एक्सपेंस रेशियो (ञश्वक्र) यानी कुल खर्च को कम करने का प्रस्ताव दिया था। साथ ही ब्रोकरेज फीस घटाने की भी बात कही थी। ञश्वक्र वह फीस है जो सेबी के नियमों के मुताबिक निवेशकों से स्कीम के खर्च के तौर पर ली जाती है। यह मैनेजमेंट और ऑपरेशनल खर्चों को पूरा करने के लिए निवेशकों से वसूली जाती है। अभी यह फीस फंड के साइज के हिसाब से अलग-अलग स्लैब में लगती है। सेबी ने अपने डिस्कशन पेपर में सुझाव दिया है कि म्यूचुअल फंड जो ञश्वक्र चार्ज करते हैं, उसमें 15-20 बेसिस पॉइंट्स की कटौती की जानी चाहिए।



### कैश ट्रांजेक्शन को लेकर बड़ा प्रस्ताव

एक और बड़ा प्रस्ताव कैश मार्केट ट्रांजैक्शन के लिए ब्रोकरेज को 12 बेसिस पॉइंट्स से घटाकर 2 बेसिस पॉइंट्स करना है। वहीं, डेरिवेटिव ट्रांजैक्शन के लिए इसे 5 बेसिस पॉइंट्स से घटाकर 1 बेसिस पॉइंट करने की बात है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि मार्केट के बिचौलिये इसका विरोध कर रहे हैं। सेबी का कहना है कि ब्रोकर अभी रिसर्च और सौदे कराने के नाम पर ज्यादा चार्ज वसूलते हैं। चूंकि रिसर्च करना फंड हाउस का अपना काम है। इसलिए निवेशकों से इसके लिए अलग से पैसे लेना गलत है। सेबी के मुताबिक, निवेशकों को अनजाने में एक ही चीज के लिए दो बार पैसे देने पड़ते हैं। आनंद राठी ग्रुप के चेयरमैन आनंद राठी के मुताबिक ब्रोकरेज में प्रस्तावित कटौती लंबे समय में निवेशकों के हित में नहीं हो सकती है। किसी भी म्यूचुअल फंड का प्रदर्शन इस बात पर निर्भर करता है कि ब्रोकर्स उन्हें कितनी अच्छी सेल-साइड रिसर्च मुहैया कराते हैं।

### अतिरिक्त चार्ज हो सकते हैं खत्म

सेबी टैक्स को फंड की फीस से बाहर रखने और फंड हाउस की ओर से लिए जाने वाले कुछ अतिरिक्त चार्ज को खत्म करने पर भी मुहर लगा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर ये बदलाव लागू होते हैं, तो म्यूचुअल फंड कंपनियों की कमाई थोड़ी कम हो सकती है, लेकिन आम निवेशकों के लिए यह एक बड़ी राहत होगी।



भारत मुण्डा समाज के द्वारा मंगलवार को बिरसा मुण्डा के प्रधान सेनापति वीर शहीद गया मुण्डा जी के गांव एटकेयडीह प्रखण्ड मुरहू जिला खूंटी में एक प्रतिनिधिमंडल उपस्थित होकर शहीद गया मुण्डा जी के वंशजों, ग्रामीणों और वहां के स्कूली बच्चों आदि के बीच गरम कपड़ों का वितरण किया गया। इसके पहले प्रतिनिधिमंडल के द्वारा गया मुण्डा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में भारत मुण्डा समाज के एतवा मुण्डा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सुशील पहान, प्रदेश अध्यक्ष, रूपलक्ष्मी मुण्डा, उपाध्यक्ष, बुधराम मुण्डा, उपाध्यक्ष, विशेश्वर सिंह मुण्डा, उपाध्यक्ष, भीम मुण्डा, यूवा प्रदेश अध्यक्ष, आशा कच्छप मुण्डा, महिला प्रदेश अध्यक्ष, प्रकाश नाग मुण्डा, वंशज रमय मुण्डा एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्वर्ण पदक विजेता झोंगो पाहन लौटे खूंटी

**□उपायुक्त एवं डीडीसी से की शिष्टाचार मुलाकात □पदाधिकारी द्वय ने दी बधाईयां**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025, दुबई में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण एवं रजत पदक जीतने के पश्चात खूंटी लौटने पर जिले के प्रतिभाशाली तीरंदाज झोंगो पाहन ने आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आर रॉनिटा एवं उप विकास आयुक्त आलोक कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की।



इस अवसर पर उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त ने झोंगो पाहन को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपायुक्त श्रीमती रॉनिटा ने कहा कि झोंगो पाहन ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश, राज्य एवं खूंटी जिले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन की ओर से भविष्य में भी उन्हें हर संभव सहयोग एवं प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा, ताकि वे आगे भी इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

उप विकास आयुक्त आलोक कुमार ने भी झोंगो पाहन की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सफलता जिले के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है और इससे खेल के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

मुलाकात के दौरान झोंगो पाहन ने दुबई में आयोजित प्रतियोगिता के अनुभव साझा किए तथा बताया कि किस प्रकार कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच उन्होंने देश के लिए पदक हासिल किया।

इस मौके पर कोच आशीष कुमार एवं दानिश अंसारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 50 दिवसीय एम्ब्रॉयडरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड का आयोजन**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** जिले के खूँटी प्रखंड अंतर्गत जिला उद्योग केन्द्र, खूंटी कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड द्वारा प्रायोजित कौशल उन्नयन योजना के तहत 50 दिवसीय एम्ब्रॉयडरी कला प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक द्वारा किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को उन्नत एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें उद्यमी बनाना, स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाना तथा उनकी आय में वृद्धि करना है। कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को स्वरोजगार के लिए आवश्यक कौशल एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड की जिला उद्यमी समन्वयक आतेन विशवासी तोपनो, प्रखंड उद्यमी समन्वयक किरण लता भेंगरा, खूँटी, पंकज कुमार शर्मा, आशीष वर्मा सहित प्रशिक्षण एजेंसी उद्यमी आदिवासी विकास केंद्र से शमीर्ला मिश्रा एवं नेहा झा उपस्थित थीं।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को छात्रवृत्ति की सुविधा प्रदान की जाएगी, जिसकी राशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं प्रशिक्षणार्थी कार्यक्रम को लेकर काफी खुश हैं और इसे आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर मान रही हैं।

# प्रशिक्षण के दूसरे दिन छात्र हितकारी योजनाओं पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले का प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अनुग्रह इण्टर स्कूल के सभागार में प्रशिक्षण के दूसरा दिन चेतना - सत्र के साथ शुरू हुई। सत्र में प्रतिभागियों द्वारा बिहार राज्य प्रार्थना ,सर्व धर्म प्रार्थना व राष्ट्रगान की प्रस्तुति से सभी प्रतिभागियों में उत्साह भर आया। मुख्य मास्टर प्रशिक्षक डॉ. शशि भूषण कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के दूसरे दिन निम्नलिखित बिंदुओं पर जानकारी साझा की गई - बिहार शिक्षा प्रोत्साहन योजनाएं जैसे - मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री साइकिल योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री पोशाक योजना, किशोरी स्वास्थ योजना, निःशुल्क पाठय पुस्तक योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृत्ति योजना, वित्तीय सहायता योजना इत्यादि। विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों के लिए चेकलिस्ट के बारे में भी जानकारी साझा की गई।



प्रशिक्षण में रोचकता लाने के लिए एक गतिविधि कराई गई जिससे सभी प्रतिभागियों में नई ताजगी आ गई। प्रतिभागियों को छोटे - छोटे समूह बनकर चार्ट पेपर वर्क करवाया गया। पुनः सभी समूहों के द्वारा बारी - बारी से प्रस्तुति करवाई और बड़े सदन से उसमे सुझाव ली गई।मुख्य रूप से मास्टर प्रशिक्षक डॉ शशि भूषण कुमार सिंह (पीएमश्री मवि बालूगंज, देव), दिव्य रेशमी कुमारी (मवि रतिखाप), अरविंद कुमार (उत्प्रेरक), सूर्यकांति कुमारी (उत्प्रेरक) ने सहभागिता निभाई। मौके पर रंजीत कुमार सिंह, सुनील कुमार प्रजापति, राजकुमार प्रसाद गुप्ता, इंदु कुमारी, सुदामा कुमार, नेयाज अहमद, परशुराम कुमार सिंह, अभय कुमार सिंह, विद्या सिंह, ज्योत्सना मिश्रा, प्रियंका कुमारी, तारा कुमारी,अभय कुमार, शंभू कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, उपेन्द्र कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, पंकज कुमार, सरोज कुमार,प्रदीप कुमार सहित कुल 90 शिक्षक व उत्प्रेरक प्रशिक्षण में शामिल हुए।

# ट्रीक्स ने जसप्रीत बुमराह को बनाया ब्रांड एंबेसडर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** हाइजीनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट (एचआरआई) के भारत के अग्रणी हेयर कलर और केयर ब्रांड स्ट्रीक्स ने अपने इनोवेटिव प्रोडक्ट स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर के लिए भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी एक ऊजार्वान नए कैंपेन मैं फास्ट, स्ट्रीक्स सुपरफास्ट के साथ लॉन्च की जा रही है, जो आत्मविश्वास, गति और सहज स्टाइल का जश्न मनाता है। जसप्रीत बुमराह अपनी स्पीड, उच्च प्रदर्शन और निरंतरता के लिए मशहूर स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर के स्पीड और गुणवत्तापूर्ण प्रदर्शन के वादे का सटीक प्रतिनिधित्व करते हैं। कैंपेन का नया टीवी विज्ञापन, विचार मैं फास्ट, स्ट्रीक्स सुपरफास्ट पर आधारित है, जो इस दर्शन को एक तेज-तर्रार, परफॉर्मेंस-ड्रिवन कहानी के रूप में प्रस्तुत करता है। बुमराह के साथ यह नैरेटिव सिर्फ सुविधा तक सीमित नहीं रहता बल्कि स्मार्ट ग्रूमिंग सुपीरियोरिटी और आधुनिक, आसान स्टाइल को नया बेंचमार्क देता है। स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर जिसकी कीमत केवल 15 रूपए से शुरू होती है, शैंपू की तरह लगाने में आसान है और सिर्फ 5 मिनट में बालों को कलर करता है। हाइजीनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट झ्र मार्केटिंग, प्रियंका पुरी ने इस सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, हम स्ट्रीक्स परिवार में जसप्रीत बुमराह का स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं। इस साझेदारी पर प्रतिक्रिया देते हुए, भारत के गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, जिनका प्रतिनिधित्व राइज वर्ल्डवाइड द्वारा किया जाता है, ने कहा, स्ट्रीक्स के साथ यह सहयोग स्वाभाविक लगा क्योंकि इसका शैंपू हेयर कलर बिल्कुल वही दशार्ता है जिसकी मैं कद्र करता हूँः गति, आत्मविश्वास और भरोसेमंद परिणाम।

# ब्लॉपंक्ट ने बीपीआईएन के साथ ब्रांड पार्टनरशिप को 15 वर्षों के लिए बढ़ाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** कार इन्फोटेनमेंट एवं ऑडियो एक्सेसरीज के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर भरोसेमंद नाम ब्लॉपंक्ट ने बीपीआईएन प्राइवेट लिमिटेड के साथ अपनी पार्टनरशिप को 2041 तक बढ़ाने का एलान किया है। यह इनोवेशन, भरोसे एवं भारतीय कस्टमर्स को विश्वस्तरीय ऑटोमोटिव सॉल्यूशंस प्रदान करने के साझा विजन पर बने 27 साल के गठजोड़ को आगे बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है। रीन्यू किए गए इस एग्रीमेंट से भारत के तेजी से बदलते ऑटोमोटिव इकोसिस्टम को लेकर ब्लॉपंक्ट की प्रतिबद्धता को मजबूती मिली है।

कार ऑडियो एवं कार एक्सेसरीज दोनों को कवर करने वाली इस पार्टनरशिप का उद्देश्य ओईएम एवं आफ्टरमार्केट गठजोड़ को बढ़ाना है, जिससे उत्पादों की उपलब्धता बेहतर हो और हाई परफॉर्मेंस इन्फोटेनमेंट सिस्टम की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। बीपीआईएन प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज जगवानी ने कहा कि ब्लॉपंक्ट के लिए भारत सबसे रोमांचक एवं संभावनाओं वाला बाजार बना हुआ है।

यह कदम भारतीय ग्राहकों को वैश्विक इनोवेशन उपलब्ध कराने के हमारे साझा मिशन का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य ब्लॉपंक्ट को परफॉर्मेंस, भरोसा एवं प्रीमियम क्वालिटी चाहने वाले ओईएम एवं कार मालिकों के लिए पसंदीदा विकल्प बनाना है। ब्लॉपंक्ट मुख्यालय की तरफ से डायरेक्टर लाइसेंसिंग थॉर्स्टन गेबहार्ट ने कहा कि बीपीआईएन के साथ रीन्यू की गई यह पार्टनरशिप भारत में हमारी पार्टनरशिप की मजबूती दशार्ती है। करीब तीन दशक में बीपीआईएन ने दुनिया के सबसे डायनामिक ऑटोमोटिव मार्केट में शुमार भारत में क्वालिटी, इनोवेशन एवं ग्राहकों के भरोसे के मामले में ब्लॉपंक्ट की मजबूत छवि बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

# होमगार्ड जवान के साथ मारपीट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** खैरा थाना क्षेत्र के बानपुर के समीप कुछ बदमाशों ने एक होमगार्ड जवान पर हमला किया। इस दौरान बदमाशों ने होमगार्ड जवान के साथ मारपीट की तथा उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और उसकी बाइक को नहर में फेंक दिया।

घटना को लेकर पीड़ित होमगार्ड जवान थाना क्षेत्र के कहरडीह निवासी रविंद्र कुमार सिंह ने खैरा थाना में केस दर्ज कराया।

पुलिस को दिए आवेदन में रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मैं होमगार्ड का जवान हूं तथा वर्तमान में जमुई जेल में पदस्थापित हूं। विगत सोमवार देर शाम 8:00 बजे मैं अपनी ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर जा रहा था। जब मैं बानपुर के समीप से गुजर रहा था तब एक बाइक पर सवार तीन युवक आए और मेरा रास्ता रोक दिया तथा मेरे साथ गाली-गलौज करने लगे।

इस दौरान उन्होंने मेरी बाइक को नहर में धक्का देकर फेंक दिया और लात घूंसे से मारकर मुझे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# समारोह आयोजित कर किया गया नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों का स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** जिला भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर गुप्ता की अध्यक्षता में एक समारोह आयोजित कर खूंटी जिले के नव निर्वाचित मण्डल अध्यक्षों का स्वागत पार्टी का पट्टा व पुष्प माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। समारोह में सर्व प्रथम संगठन के प्रणेता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया तत्पश्चात सामुहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम का गायन किया गया।

स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश कराते हुए जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने कहा कि आज जिले के नव निर्वाचित मण्डल अध्यक्षों का घोषणा किया जा रहा है। पूर्व के मण्डल अध्यक्षों ने संगठन के लिए बहुत ही अच्छा कार्य किया है। उनके सहयोग से ही खूंटी जिला प्रदेश से मिले कार्यों को करके अवल रहा है। संगठनात्मक दृष्टि से सभी मण्डलों में सक्रिय सदस्यों के सभी कोरम पूरा किया है।

संगठन को मजबूती प्रदान करने के निमित्त बड़े मण्डलों को दो भागों में बांटा गया है। आज 9 मण्डल अध्यक्षों का घोषणा किया जाएगा।





जिला अध्यक्ष ने सभी निर्वाचित मण्डल अध्यक्षों को शुभकामनाएं दी। खूंटी जिला के सह चुनाव प्रभारी संतोष साहू ने मण्डल अध्यक्षों की घोषणा करते हुए कहा कि रनिया मण्डल अध्यक्ष - सुशीला देवी, मारंगहादा मण्डल अध्यक्ष - मुचीराय मुन्डा ,गोविन्दपुर मण्डल अध्यक्ष - सुधीर सिंह, तोरपा मण्डल अध्यक्ष - सुबोध कुमार,कर्रा मण्डल अध्यक्ष - किशोर बड़ाईक, मुरहू मण्डल अध्यक्ष - विजय राम, अड़की मण्डल अध्यक्ष - परशुराम दास, तपकरा मण्डल अध्यक्ष- मुस्कू स्वाँसी, बीरबांकी मण्डल अध्यक्ष - शिंगा पूर्ति। साथ ही प्रत्येक मण्डल से एक-एक मण्डल प्रतिनिधि भी निर्वाचित किए गए।

कर्रा- कैलाश राम, तोरपा - भागीरथ राय, अड़की - संजय सिंह मुंडा, बीरबांकी- संतोष कुमार साहू, मुरहू- सुबोध माँझी, तपकरा- अजीत कुमार राय, मरांगहदा- लदुरा मुंडा और रनिया - युवराज सिंह। समारोह के मुख्य अतिथि दक्षिण प्रमंडलीय के चुनाव प्रभारी माननीय गणेश मिश्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि नये मण्डल अध्यक्षों से संगठन में नई ऊर्जा का संचार होगा। उनके नेतृत्व में खूंटी जिले के दोनों विधानसभा खूंटी और तोरपा क्षेत्र में संगठन और अधिक मजबूत होगा, जिससे आगामी चुनावों में सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों से पार्टी के प्रति अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वाहन करने की बात कही।

कार्यक्रम में मंच संचालन जिला महामंत्री संजय साहू ने किया धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री निखिल कन्डुलना ने किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष कृपा सिंधु बेहरा, कैलाश राम, जगन्नाथ मुंडा, भागीरथ राम, बिनोद नाग जिला मंत्री मंजु देवी, गोपाल स्वर्णकार, जिला मिडिया अनुप साहू, महावीर राम, जिला सोशल मीडिया रूपेश जयसवाल, जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत जिला मोर्चा अध्यक्ष क्रमशः संजय मुंडा, सीमा देवी, श्याम सोनी, संतोष त्रिपाठी, परमेश्वर प्रसाद, सुभाष हलधर, छोटराय मुंडा, मदन मोहन गोप, कलिंदर राम, सीताराम नाग, बालकिशुन महतो, सुबोध माँझी, प्रीति सिंह, सुरेन्द्र नाथ सिंह, सुदन मुंडा, विनय गुप्ता, शिवम कुमार, शंकर दास, जिला कार्यालय मंत्री राजेश महतो, किशनचंद कश्यप, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खस्सी चोरी के आरोप में दो को पोल में बांधकर पीटा

**क्षेत्र में लगातार बकरी और खस्सी की हो रही थी चोरी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लखीकुंडी में लोगों ने खस्सी चोरी के आरोप में बंगाल के दो युवकों को पकड़ लिया और पोल में बांधकर जमकर पीटा, जबकि एक युवक भाग निकला। पुलिस ने दोनों के कब्जे से एक कार भी बरामद की है। कार में मवेशियों को बेहोश करने वाली दवा भी मिली है। मंगलवार को आरोपित वीरभूम जिले के दुबराजपुर निवासी फिरदौस और लाल बाबू को जेल भेजा जाएगा।

दरअसल, लखीकुंडी एरिया से लगातार बकरी और खस्सी चोरी हो रहे थे। दोपहर को कार में सवार तीन लोग आए। उनकी कार में पहले से ही एक खस्सी था। तीनों खस्सी की तलाश में थे, तभी लोगों की नजर पड़ गए। लोगों ने दो को कार समेत घर दबोचा और तीसरा भाग निकला।

लोगों ने दोनों को पोल में बांधा और जमकर पिटाई की। सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को हिरासत में लिया। मुहल्ले की महिलाएं चोरी हुए खस्सी का



मुआवजा लेने के लिए थाना पहुंच गई। थाना में बढ़ती भीड़ को देखते हुए दोनों को नगर थाना भेज दिया गया। दोनों से थाना में पूछताछ की जा रही है।

नगर थाना क्षेत्र के हिजला रोड में 27 अक्टूबर को नाश्ता दुकानदार पिंटू कुमार साव के घर से करीब तीन लाख की चोरी कर भागे आरोपित कुमुद पासी उर्फ कुमुद मंडल को पुलिस ने बांका से गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। पिंटू घटना के दिन पूरे परिवार के साथ छठ मनाने के लिए बिहार गए हुए थे। उन्होंने घर की देखभाल के लिए बेटे को छोड़ रखा था। बेटा भी छठ पूजा मनाने के लिए दूसरे रिश्तेदार के घर चला गया। करीब एक बजे रात को वापस आया तो घर में कुछ लोगों को चोरी करते देख लिया। उसके शोर मचाने पर दो चोर तो भाग गए लेकिन नुनु लाल पकड़ में आ गया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चांदी के जेवरात और कुछ सामान भी बरामद किया। उसने स्वीकार किया कि उसके साथ चोरी में कुमुद भी शामिल था। पुलिस को पता चला कि आरोपित बौंसी के भीखनपुर गांव में है। पुलिस ने स्थानीय थाना के सहयोग से उसे धर दबोचा। थाना प्रभारी ने बताया कि वारदात में शामिल सभी लोगों की पहचान हो गई है। जल्द ही बाकी आरोपित गिरफ्त में होंगे।

# एयरपोर्ट निर्माण को ले भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रक्सौल।** सीमावर्ती शहर रक्सौल में प्रस्तावित हवाई अड्डे के निर्माण एवं विकास के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज करने तथा अधिग्रहित भूमि का विवरण भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को सौंपने की दिशा में सकारात्मक पहल की गई है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के माध्यम से डॉ. स्वयम्भू शलभ ने दी। बताया कि इस सबंध में पीएमओ को मेल किया था। उस मेल रिपोर्ट के अनुरूप नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

इसी क्रम में भू-अर्जन विभाग ने अधिग्रहित की गई भूमि से संबंधित रैयतदारों (भूमि स्वामियों) के बीच नोटिस वितरण का कार्य प्रारंभ कर दिया है। इससे भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के व्यावहारिक चरण में प्रवेश करने का संकेत मिल रहा है।

पीएमओ को भेजी गई रिपोर्ट में डॉ. शलभ ने भूमि अधिग्रहण की प्रगति की समीक्षा कर मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि भूमि अधिग्रहण का कार्य समय पर पूरा हो जाता है तो अधिग्रहित भूमि का विवरण शीघ्र ही भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को सौंपा जा सकेगा, जिससे हवाई अड्डा निर्माण से जुड़ी आगे की प्रक्रिया सुगम हो जाएगी।।

इससे पूर्व भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने जानकारी दी थी कि रक्सौल हवाई अड्डे के लिए ह्यउड़ान योजना 5.2 के तहत छोटे विमानों (2-बी श्रेणी) के संचालन हेतु विमान सेवा प्रदाता कंपनियों से बिड प्राप्त हो चुकी है। भविष्य में रक्सौल हवाई अड्डे को 3-सी श्रेणी के बड़े विमानों के संचालन योग्य बनाने की भी योजना है।

रक्सौल हवाई अड्डा शुरू होने के बाद बड़ी संख्या में नेपाली यात्रियों को भी इसका लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे भारतझ्रनेपाल सीमा क्षेत्र का समग्र विकास होगा और साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भी यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# हार के बाद सीता सोरेन सार्वजनिक जीवन से हुईं गुम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजनीति में कभी प्रभावशाली मानी जाने वाली सीता सोरेन इन दिनों राजनीतिक नेपथ्य में दिखाई दे रही हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) से अलग होकर भाजपा का दामन थामने और 2024 के चुनावी मैदान में उतरने के बाद मिली हार ने उनके राजनीतिक कद और सक्रियता दोनों पर असर डाला है। चुनावी शोर थमते ही उनकी सार्वजनिक मौजूदगी, पार्टी कार्यक्रमों और आक्रामक बयानों में स्पष्ट कमी देखी जा रही है।

भाजपा में शामिल होने के समय सीता सोरेन को आदिवासी महिला चेहरे के रूप में आगे बढ़ाने की चर्चा थी। पार्टी ने उनसे संगठनात्मक मजबूती और चुनावी लाभ की अपेक्षा की थी, लेकिन चुनावी नतीजे अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहे। इसके बाद वे न तो पार्टी के प्रमुख कार्यक्रमों में नियमित दिखीं और न ही प्रदेश राजनीति की बहसों में उनकी मुखर भूमिका नजर आई।सीता सोरेन की सक्रियता सीमित हो गई है। जहां चुनाव के दौरान वे विरोधियों पर तीखे हमले और तात्कालिक प्रतिक्रियाएं देती थीं।

अब एक्स पर उनके पोस्ट अधिकतर प्रतीकात्मक जयंती, पुण्यतिथि या सांस्कृतिक अवसरों तक सिमट गए हैं। यह बदलाव बताता है कि वे फिलहाल आक्रामक राजनीति से दूरी बनाए हुए हैं।संभव है कि यह स्थिति एक रणनीतिक विराम भी हो सकता है। चुनावी हार के बाद कई नेता संगठन के भीतर अपनी भूमिका तय करने, नए समीकरण साधने और सही मौके की प्रतीक्षा करते हैं। सीता सोरेन के मामले में भी भाजपा के भीतर उनकी भविष्य की भूमिका चाहे वह संगठनात्मक हो या चुनावी, अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। झामुमो से अलगाव के बाद वह पारंपरिक राजनीतिक आधार भी नहीं रहा, जो पहले उनकी ताकत माना जाता था। इससे उनकी राजनीतिक पुनर्स्थापना की राह और चुनौतीपूर्ण हो गई है। वे राजनीति में रहेंगी या नहीं, बल्कि यह है कि क्या वे किसी नए रोल, नए मुद्दे या नए राजनीतिक प्रयोग के साथ वापसी कर पाएंगी।

अंडर 19 एशिया कप



# अभिज्ञान कुंडू का दोहरा शतक

- वैभव सूर्यवंशी का रिकॉर्ड ध्वस्त, अंडर 19 एशिया कप में रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अंडर 19 टीम के विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू ने एशिया कप में धमाका ही कर दिया है. 17 साल के इस खिलाड़ी ने मलेशिया के खिलाफ दोहरा शतक ठोक दिया. इस टूर्नामेंट में ये किसी भी खिलाड़ी का बेस्ट स्कोर है और अपने करियर में पहली बार कुंडू ने डबल



सेंचुरी मारी है. अभिज्ञान ने महज 121 गेंदों में डबल सेंचुरी लगाई, उनके बल्ले से 26 छक्के-चौके निकले.

**अभिज्ञान कुंडू का ऐतिहासिक दोहरा शतक–** अभिज्ञान कुंडू के दोहरे शतक की सबसे खास बात ये है कि वो पांचवें नंबर पर उतरकर दोहरा शतक लगाने में कामयाब रहे हैं. वैभव सूर्यवंशी के आउट होने के बाद कुंडू ने क्रीज पर कदम रखा और उन्होंने आते ही धमाकेदार शॉट्स खेलने शुरू कर दिए. बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने महज 44 गेंदों में अर्धशतक लगाया और फिर अगली 36 गेंदों में वो शतक तक पहुंच गए. कुंडू यहीं नहीं रुके और इस खिलाड़ी ने छक्के-चौकों की बरसात करते हुए महज 121 गेंदों में दोहरा शतक लगाया. वो छक्के से दोहरे शतक तक पहुंचे. इस खिलाड़ी ने 9 छक्के और 16 चौकों के दम पर अपनी डबल सेंचुरी पूरी की.

### अभिज्ञान कुंडू ने रचा इतिहास

अभिज्ञान कुंडू ने अंडर 19 एशिया कप में दोहरा शतक लगाकर इतिहास रच दिया है. वो अंडर 19 वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले इंडियन हैं. ये खिलाड़ी 125 गेंदों में 209 रन पर नाबाद रहा.इस पारी के साथ ही कुंडू ने बांग्लादेश के सौम्य सरकार को पीछे छोड़ दिया. सौम्य सरकार अंडर 19 लेवल पर दोहरा शतक लगाने वाले इकलौते एशियाई खिलाड़ी थे, उन्होंने भी 2012 में 209 रन बनाए थे लेकिन कुंडू ने 209 रन पर नाबाद रहकर ये रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. बता दें अभिज्ञान कुंडू की इस तूफानी पारी के दम पर भारत ने 50 ओवर में 408 रन बनाए.

### अभिज्ञान कुंडू ने जड़े हैं 122 शतक!

अभिज्ञान कुंडू का जन्म साल 2008 में हुआ था. इस खिलाड़ी ने मुंबई में छोटी सी उम्र से क्रिकेट का ककहरा सीखा. 8 साल की उम्र से ही कुंडू क्रिकेट के मैदान पर उतर गए और जल्द ही वो मुंबई की अंडर 14 टीम तक पहुंच गए. अभिज्ञान कुंडू के बचपन के कोच का दावा है कि इस खिलाड़ी ने 50 लाख से ज्यादा गेंद खेली हैं और उनके नाम 122 शतक हैं. वो लगभग 25 हजार रन भी बना चुके हैं.

दुबई एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025

# भारतीय खिलाड़ियों ने जीते 8 स्वर्ण पदक

- भारत की तरफ से जतिन आजाद ने एसयू5 श्रेणी में 2 स्वर्ण पदक जीते। पहले उन्होंने पुरुष एकल का खिताब जीता और फिर शिवम यादव के साथ पुरुष डबल्स में स्वर्ण पदक जीता।



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुबई में 7 से 14 दिसंबर तक आयोजित युवा एशियाई पैरा गेम्स में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 मेडल जीते। इसमें 8 स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य पदक थे। भारत की तरफ से जतिन आजाद ने एसयू5 श्रेणी में 2 स्वर्ण पदक जीते। पहले उन्होंने पुरुष एकल का खिताब जीता और फिर शिवम यादव के साथ पुरुष डबल्स में स्वर्ण पदक जीता। जतिन आजाद ने कहा, 'मैं सभी चैंपियनशिप में खेलना चाहता हूं, और ज्यादा अनुभव और एक्सपोजर हासिल करना चाहता हूं। मुझे पता है कि मुझे लॉस एंजिल्स 28 पैरालिंपिक के लिए चुना जाएगा। 'आजाद ने कहा, 'हर किसी में शुरू करने की हिम्मत नहीं होती, लेकिन बस खेलो, अपना बेस्ट दो, अच्छी ट्रेनिंग करो, नतीजे मिलेंगे। '

**हर्षित चौधरी ने भी स्वर्ण पदक जीता–** हर्षित ने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि हम हर चीज के लिए तैयार थे। मैं और मेरे साझीदार सकारात्मक रहे। ' दुबई 2025 सभी भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए पहला एशिया युवा खेल था। इस इवेंट ने खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच उपलब्ध कराया है। लॉस एंजिल्स 2028 पैरालिंपिक के पहले पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए यह एक अहम इवेंट था। भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी ऐतिहासिक सफलता का जश्न मनाया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार अच्छा कर रहे हैं। कॉमनवेल्थ गेम्स हो या फिर ओलंपिक, भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों को जोरदार टक्कर दे रहे हैं और पदक जीत रहे हैं। ऐसे में पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों का दुबई में शानदार प्रदर्शन भारतीय बैडमिंटन की मजबूती और गहराई को दिखाता है। एशियाई पैरा गेम्स में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखने के बाद इस बात की उम्मीद की जा सकती है कि लॉस एंजिल्स 2028 पैरालिंपिक में भी बैडमिंटन में भारतीय टीम का प्रदर्शन अच्छा रहेगा।

## पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेट कप्तान अर्जुन रणतुंगा की होगी गिरफ्तारी



**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका को वर्ष 1996 में क्रिकेट विश्व कप जिताने वाली टीम के कप्तान और पूर्व पेट्रोलियम मंत्री अर्जुन रणतुंगा को भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जाएगा। यह जानकारी बीबीसी न्यूज़ सिंहला के हवाले से सामने आई है। सोमवार को कोलंबो मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सिलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (सीपीसी) के पूर्व अध्यक्ष और अर्जुन रणतुंगा के भाई धम्मिका रणतुंगा को रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। धम्मिका रणतुंगा को भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोपों की जांच के लिए गठित आयोग ने गिरफ्तार किया था। जांच आयोग ने अदालत को बताया कि इस मामले में पूर्व पेट्रोलियम मंत्री अर्जुन रणतुंगा को संदिग्ध के रूप में पहचाना गया है और उन्हें गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जाएगा। धम्मिका रणतुंगा पर आरोप है कि उन्होंने 2017-2018 के दौरान ईंधन की खरीद के लिए जारी तीन दीर्घकालिक (लॉन्ग-टर्म) टेंडरों को रद्द कर दिया और उनकी जगह अधिक कीमत वाले स्थानीय टेंडर लागू किए। इसके कारण सिलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन को लगभग 80 करोड़ श्रीलंकाई रुपये का नुकसान हुआ। फिलहाल मामले की जांच जारी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की प्रतीक्षा की जा रही है।

# बुमराह ने बीच में ही क्यों छोड़ दी T20 सीरीज?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह की धर्मशाला में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से अनुपस्थिति ने तुरंत सवाल खड़े कर दिए, खासकर तब जब वह पांच मैचों की करीबी श्रृंखला में भारत की गेंदबाजी आक्रमण की रीढ़ माने जाते हैं. सीनियर तेज गेंदबाज रविवार को मैदान पर नहीं उतरे, जिससे हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए इस अहम मुकाबले के लिए भारत को अपने तेज गेंदबाजी संसाधनों में बदलाव करना पड़ा.

### सूर्या ने टॉस के बाद दी जानकारी

टॉस के दौरान भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने स्पष्ट किया कि बुमराह व्यक्तिगत कारणों से चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे, जबकि अक्षर पटेल भी बीमार पड़ने के कारण मैच से बाहर रहे. बाद में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुष्टि की कि बुमराह एक पारिवारिक मामले के चलते मुंबई लौट गए हैं, जिसके कारण उन्हें श्रृंखला के बीच में ही टीम छोड़नी पड़ी.



### आखिर क्या है मामला

एक रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह को घर लौटना पड़ा क्योंकि उनके एक बेहद करीबी पारिवारिक सदस्य फिलहाल अस्पताल में भर्ती हैं. स्थिति ऐसी थी कि उनकी तत्काल मौजूदगी जरूरी हो गई, और पूरा ध्यान इस निजी आपात स्थिति से निपटने पर केंद्रित रहा. नाम न बताने की शर्त पर बात करने वाले बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संकेत दिया कि बुमराह की श्रृंखला में वापसी पूरी तरह इस बात पर निर्भर करेगी कि हालात कैसे आगे बढ़ते हैं. बुमराह की गैरमौजूदगी के बावजूद भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रृंखला में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली. कटक में पहला टी20 जीतने के बाद भारत को मुल्लांपुर में खेले गए दूसरे मैच में 51 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा था, जिससे धर्मशाला का मुकाबला बेहद अहम बन गया था.

## आखिरी 2 मुकाबलों से अक्षर पटेल बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर अक्षर पटेल बीमारी की वजह से साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के शेष 2 मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। हालांकि, अक्षर लखनऊ में टीम के साथ हैं,



जहां उनका मेडिकल चेकअप किया जाएगा। पुरुष चयन समिति ने लखनऊ और अहमदाबाद में होने वाले टी20 मुकाबलों के लिए शाहबाज अहमद को उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल किया है। भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ कटक में खेले गए सीरीज के पहले मैच को 101 रन से अपने नाम किया था। इस मुकाबले में मेजबान टीम ने 6 विकेट खोकर 175 रन बनाने के बाद मेहमान टीम को 12.3 ओवरों में 74 रन पर समेट दिया।

# एशेज : बॉन्डी बीच गोलीबारी की घटना के बाद एडिलेड टेस्ट में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**एडिलेड, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच बुधवार से एडिलेड ओवल में खेला जाना है। इससे पहले प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी करने का ऐलान किया है। यह फैसला सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुई गोलीबारी की घटना के बाद लिया गया है। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के स्टेट प्रीमियर पीटर मलिनाउस्कस ने बताया कि स्टेडियम के आसपास अतिरिक्त सुरक्षा नियम लागू किए जाएंगे। इनमें राइफल से लैस पुलिसकर्मियों की तैनाती भी शामिल होगी। उन्होंने कहा कि सिडनी की घटना को देखते हुए यह कदम एहतियात के तौर पर उठाया गया है और फिलहाल सतर्क रहना जरूरी है। डेली



मेल के हवाले से मलिनाउस्कस ने कहा, 'सिडनी में हुई घटनाओं को देखते हुए, एडिलेड ओवल में अतिरिक्त प्रोटोकॉल लागू किए जाएंगे। यह सिर्फ़ एहतियात के तौर पर किया जा रहा है, लेकिन यह सही है कि इस समय हम ज़्यादा सतर्क रहें। 'बॉन्डी बीच पर यह हमला एक यहूदी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुआ था, जिसमें दो लोगों ने गोलीबारी की। इस घटना में 16 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए। हमलावरों को जल्द ही पकड़ लिया गया, जिनमें से एक की मौत हो गई और दूसरा अस्पताल में गंभीर हालत में है। इस घटना के बाद दक्षिण ऑस्ट्रेलिया पुलिस आयुक्त ग्रांट स्टीवंस ने बताया कि मैच के दौरान एडिलेड ओवल के आसपास विशेष रूप से प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे, जो किसी भी आपात स्थिति से निपटने में सक्षम हैं।

# कैमरन ग्रीन को 25.20 करोड़ में केकेआर ने खरीदा

### स्टार्क और कमिंस का रिकॉर्ड टूटा, बने सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 के मिनी ऑक्शन में कैमरन ग्रीन पर ताबड़तोड़ बोली लगी है। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर के लिए पहले राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच जंग हुई। उसके बाद सीएसके की इसमें एंट्री हुई। बाद में बाजी केकेआर ने मारी और ग्रीन को 25.20 करोड़ में अपने साथ जोड़ा। कैमरन ग्रीन अब आईपीएल इतिहास के तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी और सबसे महंगे विदेशी बन गए हैं। कैमरन ग्रीन की इस बोली से पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क का रिकॉर्ड टूट गया है। कमिंस को आईपीएल 2024 में हुए ऑक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ में खरीदा था। वहीं स्टार्क पर केकेआर ने ही 2024 ऑक्शन में 24.75 करोड़ की बोली लगाई थी। अब केकेआर ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा और कैमरन ग्रीन पर करोड़ों की बारिश हुई।



### आईपीएल इतिहास के पांच सबसे महंगे खिलाड़ी

- **ऋषभ पंत**– 27 करोड़ (लखनऊ सुपर जायंट्स)
- **श्रेयस अय्यर**– 26.75 करोड़ (पंजाब किंग्स)
- **कैमरन ग्रीन**– 25.20 करोड़ (केकेआर), 2025 मिनी ऑक्शन
- **मिचेल स्टार्क**– 24.75 करोड़ (कोलकाता नाइट राइडर्स)
- **वेंकटेश अय्यर**– 23.75 करोड़ (कोलकाता नाइट राइडर्स)

### नहीं मिलेंगे 18 करोड़ से ज्यादा रुपए

गौरतलब है कि आईपीएल 2026 ऑक्शन के लिए मैक्सिमम फीस नियम लागू किया गया है। इस नियम के तहत किसी भी विदेशी खिलाड़ी को 18 करोड़ रुपये से ज्यादा का पेमेंट नहीं किया जा सकता, जो 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए सबसे बड़ा स्लैब था। अगर बोली 18 करोड़ रुपये से ज्यादा होती है तो अतिरिक्त पैसे का इस्तेमाल बीसीसीआई खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए करेगा। यह नियम भारतीय खिलाड़ियों पर लागू नहीं होगा।

# शेफाली वर्मा ने जीता आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ का खिताब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को नवंबर 2025 के लिए 'आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया है। शेफाली वर्मा ने बीते महीने संपन्न हुए महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ यादगार पारी खेली थी। शेफाली ने थाईलैंड की थिपत्चा पुथावोंग और यूएई की ईशा ओझा को पछाड़कर अपना पहला 'प्लेयर ऑफ द मंथ' अवॉर्ड जीता है। शेफाली वर्मा को महिला वनडे विश्व कप में चोटिल प्रतिका रावल के स्थान पर टीम में शामिल किया गया था। शेफाली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में महज 10 रन की पारी खेली, जिसके बाद खिताबी मुकाबले में 78 गेंदों का सामना करते हुए 2 छक्कों और 7 चौकों के साथ 87 रन बनाए। यह वर्ल्ड कप फाइनल में किसी भारतीय महिला ओपनर का सबसे बड़ा स्कोर है। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। आईसीसी की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में शेफाली ने कहा, 'मेरा पहला आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप का अनुभव वैसा नहीं रहा जैसा मैंने सोचा था, लेकिन यह सफर उससे कहीं



बेहतर तरीके से खत्म हुआ जैसा मैंने कभी सोचा या कल्पना की थी। मैं शुक्रगुजार हूं कि फाइनल में टीम की सफलता में योगदान दे पाई और पहली बार वर्ल्ड कप जीतने और घरेलू दर्शकों के सामने इतिहास रचने का हिस्सा बन पाई। उन्होंने कहा, 'मुझे नवंबर के लिए 'महिला प्लेयर ऑफ द मंथ' चुने जाने पर बहुत गर्व है। मैं यह अवॉर्ड अपनी टीम के साथियों, कोच, परिवार और उन सभी को समर्पित करती हूं जिन्होंने अब तक यात्रा में मेरा साथ दिया है। हम एक टीम के तौर पर जीतते और हारते हैं। यह बात इस अवॉर्ड पर भी लागू होती है। खराब फॉर्म के बाद शेफाली वर्मा ने भारतीय महिला टीम से अपनी जगह गंवा दी थी, लेकिन विश्व कप में उन्हें गोल्डन चांस मिल गया। इस मौके का भरपूर फायदा उठाते हुए शेफाली वर्मा ने आलोचकों को करारा जवाब दिया। शेफाली अब 21 दिसंबर से विशाखापत्तनम में शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज में श्रीलंका के खिलाफ खेलते हुए नजर आएंगी।

## वंतारा दौरे के साथ मेसी ने भारत को कहा अलविदा, यादों और सम्मान के साथ G.O.A.T इंडिया टूर समाप्त

**जामनगर, एजेंसी।** स्टेडियमों से दूर, जामनगर में वंतारा का दौरा मेसी के भारत प्रवास का शांत और सार्थक समापन रहा। इसके साथ ही मेसी यादों, सम्मान और भारतीय प्रशंसकों के असीम प्रेम के साथ भारत से विदा हुए। फुटबॉल जगत के महान खिलाड़ी लियोनल मेसी ने मंगलवार को गुजरात के जामनगर एयरपोर्ट से भारत से विदाई ली। इससे पहले मेसी ने अनंत अंबानी के आमंत्रण पर वंतारा वन्यजीव बचाव और संरक्षण केंद्र का दौरा किया। जामनगर, मेसी के GOAT इंडिया टूर 2025 का अंतिम पड़ाव रहा, जिसके साथ उनका बहुप्रतीक्षित भारत दौरा औपचारिक रूप से समाप्त हो गया।

**चार शहरों का ऐतिहासिक दौरा–** GOAT इंडिया टूर 2025 के दौरान मेसी ने भारत के चार प्रमुख शहरों, कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली का दौरा किया।

संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली के जाफराबाद में डबल मर्डर, देर रात 2 सगे भाईयों की गोलियों से भूनकर हत्या

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद में सोमवार देर रात दो सगे भाईयों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर इस डबल मर्डर की जांच शुरू कर दी है। हमलावरों का सुराग तलाशने को पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार सुबह इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आज तड़के करीब 1-40 बजे जाफराबाद थाना पुलिस को इलाके में फायरिंग की घटना की सूचना मिली। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति मृत पाया गया, जिसकी पहचान फजील (31 साल), पिता अब्दुल, निवासी गली नंबर 30/8, जाफराबाद के रूप में हुई। उसके भाई नदीम (33 साल) को परिवार वाले पास के जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले गए थे, जहां डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा थाना जाफराबाद में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1)/3(5) और आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत इकट्ठा किए हैं। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगाई गई हैं। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है। इस हत्याकांड की वजह अभी पता नहीं चल रही है। हालांकि पुलिस आपसी रंजिश का नतीजा मानकर चल रही है।

## शांति को बढ़ावा देने के लिए व्यापार का इस्तेमाल करने की कोई धमकी नहीं दी गई थी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार यह दावा करते रहे हैं कि उन्होंने मई में भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष को रोकने के लिए व्यापार का इस्तेमाल किया था। अब कांग्रेस नेता शशि थरूर ने सोमवार को कहा कि शांति को बढ़ावा देने के लिए व्यापार का इस्तेमाल करने की कोई धमकी नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि न ही भारत को 'यह करो या वह करो' कहने की कोई कोशिश की गई थी। उन्होंने सरकार के अलग-अलग स्तर के अधिकारियों के साथ अपनी बातचीत का हवाला देते हुए ये बातें कहीं। गैर सरकारी संगठन 'कट्स इंटरनेशनल' द्वारा आयोजित एक टॉक में, थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर पर ट्रंप के दावों पर अपने रुख को दोहराया, जो कांग्रेस के आधिकारिक रुख से अलग है। ट्रंप के दावों के बारे में पूछे जाने पर थरूर ने कहा, 'जब मैं वॉशिंगटन में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहा था, तब मुझसे इसके बारे में पूछा गया था। मैंने कहा कि भारत को कभी मनाने की जरूरत नहीं पड़ी... हमने 6-7 मई की रात को पहले ही हमले से यह संकेत दे दिया था कि हम पाकिस्तान के साथ लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष में दिलचस्पी नहीं रखते हैं।' उन्होंने सरकार के अलग-अलग स्तर के अधिकारियों के साथ अपनी बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि न तो शांति को बढ़ावा देने के लिए व्यापार का इस्तेमाल करने की कोई धमकी दी गई थी और न ही भारत को 'यह करो या वह करो' कहने की कोई कोशिश की गई थी। उन्होंने कहा, 'हम बहुत ही सटीक तरीके से आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर मार कर रहे थे। हम पाकिस्तानी नागरिकों की जगह, सरकारी स्थानों और यहां तक कि सैन्य क्षेत्रों में हमला करने के लिए पर्याप्त सावधानी बरत रहे थे। अगर पाकिस्तानी ने जवाबी कार्रवाई करने का फैसला नहीं किया होता, तो हमारा काम पूरा हो गया होता।' उन्होंने कहा कि अब जब पाकिस्तानी ने कार्रवाई की, तो 'उस समय हमें भी जवाब देना था, लेकिन जिस पल वो रुके हम रुक गए थे।' उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान ने आकर कहा कि इस रोका जाए, तो हमने इसे रोक दिया था। उन्होंने कहा, 'दूसरी और जैसा कि मैंने कहा कि मैं यहां बगैर किसी जानकारी के बात कर रहा था, क्योंकि मुझे सरकार से कोई ब्रीफिंग नहीं मिली थी। हमें नहीं पता कि वॉशिंगटन और इस्लामाबाद में क्या बात हुई थी।

# एक आदमी औरत का नकाब हटा सकता है, तो कल; नीतीश कुमार के हिजाब वाले वीडियो पर आप प्रवक्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक मुस्लिम महिला डॉक्टर का हिजाब हटाने के कथित प्रयास का वीडियो सामने आने के बाद, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने उनकी कड़ी आलोचना की है। यह घटना मुख्यमंत्री कार्यालय में 1,283 आयुष डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के एक समारोह के दौरान हुई। इसपर आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने निंदा करते हुए कहा कि एक आदमी औरत का नकाब हटा सकता है, तो कल कौन तय करेगा कि मेरे ढके हुए हाथ उसे ठेस पहुंचाते हैं?



प्रियंका कक्कड़ ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि अगर आज सत्ता में बैठा एक आदमी किसी महिला का नकाब हटा सकता है, तो कल कौन तय करेगा कि मेरे ढके हुए हाथ उसे ठेस पहुंचाते हैं? नियंत्रण कभी कपड़े के एक टुकड़े पर नहीं रुकता। समानता का मतलब सहमति है। हमेशा।÷ कांग्रेस पार्टी ने भी इस घटना को ÷शर्मनाक÷ बताते हुए एक आधिकारिक ङ्ग पोस्ट किया और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस के किए गए पोस्ट में कहा गया कि यह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। एक महिला डॉक्टर अपना नियुक्ति पत्र लेने आई थीं, और नीतीश कुमार ने उनका हिजाब खींच दिया। बिहार में सर्वोच्च पद पर बैठा व्यक्ति खुलेआम ऐसा घिनौना कृत्य कर रहा है। सोचिए राज्य में महिलाएं कितनी सुरक्षित होंगी? इस घिनौने व्यवहार के लिए नीतीश कुमार को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। यह नीचता अक्षम्य है।÷ बता दें कि यह घटना संवाद में हुई, जो मुख्यमंत्री का सचिवालय है। यह वह जगह थी जहां 1,000 से अधिक आयुष डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जा रहे थे। इस घटना का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, जिन डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र दिए गए उनमें आयुर्वेद डॉक्टर-685, होम्योपैथ डॉक्टर-393, यूनानी चिकित्सा डॉक्टर-205 शामिल थे। इनमें से, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 10 नियुक्त डॉक्टरों को व्यक्तिगत रूप से नौकरी के पत्र सौंपे, जबकि बाकी डॉक्टरों को ये पत्र ऑनलाइन दिए गए। जब नुसरत परवीन नाम की डॉक्टर की बारी आई, जो अपने चेहरे पर हिजाब पहनकर आई थीं। 75 वर्षीय मुख्यमंत्री ने भौंहें चढ़ाकर आश्चर्य से पूछा, ÷यह क्या है?÷। इसके बाद मंच पर खड़े मुख्यमंत्री नीचे झुके और उन्होंने हिजाब को नीचे खींच दिया।

## किसानों की बल्ले-बल्ले! गौतमबुद्धनगर-बुलंदशहर सहित यूपी के 6 जिलों के किसानों को मिलेगा अतिरिक्त मुआवजा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** यमुना एक्सप्रेसवे के लिए जमीन देने वाले किसानों के लिए अच्छी खबर है। उत्तर प्रदेश के छह जिलों के करीब 4500 किसानों को नए साल में अतिरिक्त मुआवजा देने के लिए प्रदेश सरकार ने हरी झंडी दे दी है। यमुना विकास प्राधिकरण अब किसानों को 1689 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि का भुगतान करेगा। यह मुआवजा चरणबद्ध तरीके से दिया जाएगा।

किसान लंबे समय से बढ़े हुए मुआवजे की मांग कर रहे थे। अतिरिक्त मुआवजा उन किसानों को मिलेगा, जिन्होंने एक्सप्रेसवे निर्माण के लिए अपनी कृषि भूमि दी और जिनके मामलों में मुआवजा पुनरीक्षण को मंजूरी दी गई। गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा और आगरा जिलों के किसानों को अतिरिक्त मुआवजे का लाभ मिलेगा। इन जिलों से होकर गुजरने वाले यमुना एक्सप्रेसवे के निर्माण में हजारों एकड़ भूमि का उपयोग किया गया था। जेपी इंफ्राटेक को टेकओवर करने वाली सुरक्षा कंपनी 1334 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी।

# दिल्ली की सड़कों पर पुलिस का ऑपरेशन चक्रव्यूह

### नियम तोड़ने कटे 24 हजार चालान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने नियम तोड़ने वालों पर सख्ती दिखाते हुए एक खास अभियान चलाया। इस अभियान का नाम था ऑपरेशन चक्रव्यूह। इस पखवाड़े भर चले अभियान में हजारों चालान कटे और कई वाहन जब्त हुए। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई जानलेवा गलतियों को रोकने के लिए जरूरी थी। दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा के निर्देश पर शुरू हुए इस ऑपरेशन में ट्रैफिक पुलिस, लोकल थाने और पीसीआर वैन की टीमें साथ मिलकर काम कर रही थीं। रोजाना दो घंटे के लिए व्यस्त चौराहों, बाजारों और दुर्घटना वाली जगहों के प्रवेश-निकास पर घेराबंदी की जाती थी। डीसीपी ट्रैफिक शशांक जायसवाल ने बताया कि यह सुनियोजित कार्रवाई थी, ताकि कोई उल्लंघनकर्ता बचकर न निकल सके। अभियान में कुल 24,841 चालान विभिन्न ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के लिए काटे गए। गंभीर मामलों में 144 वाहनों को जब्त किया गया। एक चौंकाने वाली घटना में चेकिंग के दौरान एक वाहन से नशीले पदार्थ बरामद हुए, जिसके बाद तिमारपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने खास तौर पर उन उल्लंघनों पर कार्रवाई की जो सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनते हैं। इसमें हेलमेट के बिना दोपहिया वाहन चलाना, ट्रिपल राइडिंग, नशे में वाहन चलाना, लापरवाही से ड्राइविंग, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल और रेड लाइट तोड़ना शामिल है।

# कोहरे ने सताया, पलूशन ने रुलाया

### ● वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की बैठक में क्या हुआ?

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
हर तरफ सफेद मोटी चादर सी धुंध... धुंध कहें या कोहरा समझ नहीं आ रहा। बाहर निकलों तो मानो सांस पर बन आए... पलूशन का मीटर देखो स्थिति काफी गंभीर है। 450 से 500 एक्यूआई होते ही ग्रैप-4 तक लागू कर दिया,स्कूल के बच्चों को पांचवी तक ऑनलाइन पढ़ने का आदेश है पर मंगलवार सुबह मामूली सुधार के बाद भी स्थिति ऐसी नहीं जिसमें आप खुली सांस ले सको। डॉक्टर तो पहले ही इसे हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर चुके हैं पर हालत जस की तस। लखनऊ, हैदराबाद, मुंबई तक की हवा दिल्ली से ज्यादा साफ है। पलूशन का असर यह रहा कि सोमवार को पीएम मोदी विदेश दौरे पर जाने से पहले मशहूर फुटबॉलर जीओएटी लियोनेल मैसी तक से नहीं मिल पाए। मैसी का पलूशन के चलते विमान लेट हो गया और पीएम चले गए। इसके अलावा फ्लाइट्स को भी उड़ान भरने में देरी हो रही है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, सुबह 8 बजे के आस-पास शहर का कुल वायु गुणवत्ता सूचकांक 378 रहा, जो इसे बहुत खराब श्रेणी में आता है। सोमवार को एक्यूआई शाम 4 बजे के आस-पास 427 तक पहुंच गया था, जो गंभीर श्रेणी में था, जिसकी तुलना में वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार देखने को मिला है। इस हल्की गिरावट के बावजूद, राजधानी के बड़े हिस्सों में प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप से ऊंचा बना हुआ है। पूरे शहर को जहरीली धुंध की एक घनी चादर ने ढंक रखा



है, जिससे विजिबिलिटी (दृश्यता) बहुत कम हो गई है और निवासियों को परेशानी हो रही है। इंडिया गेट जैसे प्रमुख क्षेत्रों में एक्यूआई 380 दर्ज किया गया, जबकि सराय काले खां में यह लगभग 359 रहा। सीपीसीबी के अनुसार, ये दोनों बहुत खराब श्रेणी में थे। वहीं, गाजीपुर और आनंद विहार में एक्यूआई लगभग 410 दर्ज किया गया।

दिल्ली के प्रदूषण के चलते फ्लाइट्स को भी उड़ान भरने में परेशानी हो रही है। दिल्ली एयरपोर्ट ने ताजा जानकारी देते हुए बताया कि फ्लाइट परिचालन धीरे-धीरे ठीक हो रहा है, लेकिन कुछ जाने वाली और आने वाली उड़ानों में बाधाएं आ सकती हैं। सटीक और समय पर जानकारी (अपडेट) के लिए, कृपया सीधे अपनी एयरलाइन से संपर्क करें। यात्रियों की सहायता करने और आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए हमारे कर्मचारी सभी टर्मिनलों पर उपलब्ध हैं। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर में वाहनों के उत्सर्जन से होने वाले वायु प्रदूषण को रोकने के लिए गठित विशेषज्ञ समिति की पहली बैठक सोमवार को आयोजित की थी। यह बैठक अशोक झुनझुनवाला की अध्यक्षता में और प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया के सह-अध्यक्षता में हुई। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ङ्ग पर एक पोस्ट में बताया कि इस बैठक में दिल्ली-एनसीआर में वाहनों से होने वाले उत्सर्जन के स्रोतों से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अनुसार, ÷विचार-विमर्श में सेगमेंट-वार वाहनों के उत्सर्जन के योगदान का आकलन, स्वास्थ्य जोखिम इलेक्ट्रिक वाहन की तैयारी और बुनियादी ढांचे की जरूरतों को शामिल किया गया।

# मॉस्को पर पर्ल हार्बर जैसा हमला टला

**मास्को एजेंसी।**
रूस की राजधानी मॉस्को में पर्ल हार्बर जैसा हमला टल गया है। दरअसल ड्राइवर्स की कमी की वजह से यूक्रेन को मॉस्को के बॉम्बर फ्लीट पर अपना बड़ा हमला टालना पड़ा। एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। यह हमला पर्ल हार्बर स्टाइल का था, जो रूस की हवाई ताकत को नुकसान पहुंचाने और क्रेमलिन को शर्मिंदा करने के लिए प्लान किया गया था।

कीव ने इस साल की शुरुआत में गुपचुप तरीके से ड्रोन्स रूस में भेजे थे। हमले की तारीख रूसी विक्ट्री डे, यानी 9 मई तय थी। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, यह ऑपरेशन स्पाइडरवेब का हिस्सा था, जो स्क्र की अब तक की सबसे साहसिक मिशन थी।

इस मिशन की प्लानिंग में 18 महीने लगे, जिसमें छल-कपट, हाई-टेक टेक्नोलॉजी का सहारा लिया गया। हमले के लिए ड्रोन्स को लॉन्च पॉइंट्स तक पहुंचाने की जिम्मेदारी रूसी ट्रक



ड्राइवर्स पर थी, जो अनजाने में लकड़ी के केबिन्स समझकर उन्हें ट्रांसपोर्ट कर रहे थे। लेकिन विक्ट्री डे, रूसी लेबर डे और ऑर्थोडॉक्स ईस्टर जैसे छुट्टियों की वजह से एक्टिव ड्राइवर्स की कमी हो गई। स्क्र अधिकारियों ने बताया कि ड्राइवर्स का पूल इतना छोटा था कि मिशन को रिस्की मानकर टालना पड़ा। आखिरकार मई के आखिर में सही ड्राइवर्स मिले। ऑपरेशन के दौरान कई मुश्किलें आईं। एक बार एक ड्राइवर ने केबिन की छत गिरी हुई देखी और अंदर ड्रोन्स नजर आ गए। उसने तुरंत अपने एम्प्लॉयर आर्टेम टिमोफीव से संपर्क किया, जो 37 साल का यूक्रेनी था और रूस में रहता था। टिमोफीव स्क्र के साथ काम कर रहा था और उसने ड्रोन्स को अपनी पत्नी के साथ असेंबल किया था। स्क्र की सलाह पर उसने अनजान बनते हुए बहाना बनाया कि ये केबिन्स हंटिंग लॉज हैं और ड्रोन्स जानवरों को ट्रैक करने के लिए इस्तेमाल होते हैं। एक ट्रक में मैकेनिकल खराबी आ गई, जिसे स्क्र और टिमोफीव ने मिलकर ठीक किया। उन्होंने कार्गो को दूसरे वाहन में शिफ्ट कर दिया। इसके अलावा, दो ड्रोन-लोडेड केबिन्स से कम्युनिकेशन टूट गया। रिमोट इंस्ट्रक्शन्स देने की कोशिश नाकाम रही और डर था कि मिशन फेल हो जाएगा। फिर रिपोर्ट्स से पता चला कि उन केबिन्स में आग लग गई थी, जिससे ड्रोन्स फट गए और ड्राइवर की मौत हो गई। इन सबके बावजूद ऑपरेशन कामयाब रहा। 1 जून की सुबह चार ट्रकों से 100 से ज्यादा ड्रोन्स लॉन्च किए गए, जो चार रूसी एयरफील्ड्स पर हमला करने के लिए भेजे गए।

## नशे की लत में किया किया अपने ही पिता फिल्ममेकर रॉब रेनर का कत्ल

**लॉस एंजिल्स एजेंसी।** लॉस एंजिल्स के पॉश इलाके ब्रेंटवुड में रविवार को एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। मशहूर हॉलीवुड डायरेक्टर रॉब रेनर और उनकी पत्नी मिशेल सिंगर रेनर को उनके घर में चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिया गया।

पुलिस के मुताबिक, इस जघन्य अपराध के लिए जिम्मेदार उनका अपना 32 साल का बेटा निक रेनर है। निक को हत्या के शक में गिरफ्तार कर लिया गया है और वह बिना जमानत के जेल में बंद है। घटना की शुरुआत शनिवार रात से हुई।

एक सूत्र के हवाले से सीएनएन ने बताया कि निक को कॉमेडियन कोनन ओब्रायन के घर पर आयोजित हॉलिडे पार्टी में अपने पिता रॉब से झगड़ते देखा गया था। अगले दिन रविवार को उनकी बेटी ने घर पहुंचकर माता-पिता के शव देखे। पुलिस को बुलाया गया तो पता चला कि दोनों को कई चाकू के घाव लगे थे। लॉस एंजिल्स पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। रविवार शाम को ही निक को साउथ लॉस एंजिल्स में यूएससी यूनिवर्सिटी के पास से पकड़ लिया गया। पुलिस चीफ जिम मैकडॉनेल ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि निक को हत्या के आरोप में बुक किया गया है। केस मंगलवार को प्रॉसिक्यूटर्स को सौंपा जाएगा, जहां औपचारिक चार्ज पर फैसला होगा। पुलिस ने अभी मोटिव का खुलासा नहीं किया है। परिवार की ओर से कोई बयान नहीं आया है। निक का वकील भी सामने नहीं आया। हॉलीवुड में यह खबर आग की तरह फैली और हर कोई सदमे में है। निक रेनर रॉब और मिशेल के तीन बच्चों में दूसरे नंबर का बेटा है। बड़ा बेटा जेक (1991 में जन्म), निक (1993) और छोटी बेटी रोमी (1997)। निक की जिंदगी बचपन से ही मुश्किलों भरी रही।

## अरब देश किंग की मॉडर्न दुनिया: न पर्दा न हिजाब..फैशन आइकन पत्नी दुनिया की सबसे खूबसूरत[ ीन! बेटी फाइटर जेट पायलट

**अमान, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जॉर्डन की आधिकारिक यात्रा पर पहुंच चुके हैं, जहां उनकी मुलाकात किंग अब्दुल्ला द्वितीय से होनी है। इस दौरे के बीच जॉर्डन के शाही परिवार की आधुनिक जीवनशैली दुनिया भर में चर्चा का विषय बन गई है। जब किसी मुस्लिम देश के राजा की कल्पना की जाती है, तो अक्सर पारंपरिक लिबास, पर्दा और सख्त धार्मिक नियमों की तस्वीर सामने आती है। लेकिन जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय का शाही परिवार इस सोच को पूरी तरह तोड़ता है। क्वीन रानिया अल-अब्दुल्ला दुनिया की सबसे खूबसूरत और प्रभावशाली रानियों में गिनी जाती हैं। वे शायद ही कभी हिजाब या बुर्के में नजर आती हैं। पश्चिमी और आधुनिक परिधानों में आत्मविश्वास के साथ सार्वजनिक मंचों पर अपनी बात रखना उनकी पहचान है। क्वीन रानिया साफ कह चुकी हैं कि इस्लाम में पर्दा ज़बरदस्ती नहीं, बल्कि व्यक्तिगत पसंद का विषय है। किंग अब्दुल्ला और क्वीन रानिया के चार बच्चे हैं, जिनकी परवरिश आधुनिक और वैश्विक माहौल में हुई है। अमेरिका की जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी और ब्रिटेन की सैंडहर्स्ट मिलिट्री एकेडमी से प्रशिक्षित, जॉर्डन सेना में कैप्टन और भविष्य के राजा। शिक्षा और खेलों में अव्वल, 2023 में विवाह। जॉर्डन की पहली महिला फाइटर जेट पायलट, जिन्होंने मुस्लिम दुनिया में महिलाओं की भूमिका को नया आयाम दिया।

# खतरनाक प्लान की खुली पोल: अमेरिका में सैंकड़ों बच्चों का पिता बना चीनी अरबपति! बोला-'सिर्फ हाई क्वालिटी बेटे चाहिए'

**बीजिंग, एजेंसी।**
दुनिया के अरबपतियों के अजीब शौक अब नैतिक और सामाजिक सीमाएं तोड़ते नजर आ रहे हैं। चीन के गेमिंग उद्योग के अरबपति शू बो एक बार फिर वैश्विक चर्चा में हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल और साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्टों के अनुसार, शू बो अमेरिका में सरोगेसी के जरिए 100 से अधिक बच्चों का पिता बन चुका है। वह खुद को खुले तौर पर चीन का पहला पिता कहता है।शू बो, चीन की ऑनलाइन गेमिंग कंपनी डुओयी नेटवर्क का संस्थापक है। उसका दावा है कि वह केवल बड़ा परिवार नहीं, बल्कि एक वंश साम्राज्य तैयार करना चाहता है।

2023 में शू बो ने कहा था कि वह कम से कम 50 हाई क्वालिटी बेटे चाहता है। उसका मानना है कि लड़के लड़कियों से बेहतर होते हैं और वही उसके



व्यापार व तथाकथित वंश साम्राज्य को आगे बढ़ाएंगे। इस बयान के बाद उसे दुनियाभर में तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा और उस पर लैंगिक भेदभाव फैलाने के आरोप लगे।

चीन में सरोगेसी पूरी तरह गैरकानूनी है। इसी कारण शू बो ने अमेरिका की सरोगेसी एजेंसियों का सहारा लिया। रिपोर्टों के अनुसार, उसके अधिकतर बच्चे कैलिफोर्निया के इरविन शहर में एक बड़े आवासीय परिसर में रहते हैं, जहां उनकी देखभाल के लिए नैनियां और स्टाफ नियुक्त हैं।शू बो की पूर्व प्रेमिका तांग जिंग ने दावा किया है कि वह 100 नहीं, बल्कि 300 से अधिक बच्चों का पिता है। दोनों के बीच दो बेटियों की कस्टडी और पैसों को लेकर कानूनी लड़ाई चल रही है। तांग जिंग के अनुसार, बच्चों की परवरिश में करोड़ों रुपये खर्च हो चुके हैं और कई बच्चों का अब तक आधिकारिक पंजीकरण नहीं हुआ। शू बो का दावा है कि उसने तांग जिंग को 800 करोड़ रुपये से अधिक ट्रांसफर किए, लेकिन उस पर अभी भी 300 करोड़ रुपये बकाया हैं। इसी विवाद को लेकर उसने 2024 में मुकदमा दायर किया। डुओयी नेटवर्क ने बयान जारी कर कहा कि 300 बच्चों का आंकड़ा गलत है और शू बो के सिर्फ 100 से कुछ अधिक बच्चे हैं, जो सभी अमेरिका में सरोगेसी से जन्मे हैं। शू बो के सोशल मीडिया पोस्ट्स ने विवाद और बढ़ा दिया। उसने लिखा कि ज्यादा बच्चे होने से हर समस्या हल हो जाती है और यहां तक कल्पना की कि उसके बच्चों की शादी एलन मस्क के बच्चों से होनी चाहिए।

# सेक्टर 12 पुलिस ग्राउंड मैदान में नव-प्रशिक्षित चौकीदारों की पारण परेड संपन्न








## झारखंड ग्रामीण पुलिस के 101 प्रशिक्षुओं ने किया अनुशासन और समर्पण का प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में मंगलवार को झारखंड ग्रामीण पुलिस के चौकीदारों का पारण परेड समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में उपायुक्त अजय नाथ झा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

**चौकीदार सुरक्षा और विश्वास की पहली कड़ी : उपायुक्त**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने अपने संबोधन में कहा कि चौकीदार केवल वदीर्धारी कर्मी नहीं, बल्कि समाज की सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक है। जब नागरिक निश्चिंत होकर विश्राम करते हैं, तब चौकीदार जागकर उनकी सुरक्षा करता है। आधुनिक चुनौतियों से निपटने के लिए चौकीदारों का समुचित और व्यावहारिक प्रशिक्षण आवश्यक है।

**पासिंग आउट परेड अनुशासन और सेवा भावना का प्रतीक**

उन्होंने कहा कि पारण परेड केवल प्रशिक्षण पूर्ण होने का संकेत नहीं, बल्कि अनुशासन, कर्तव्य और सेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। लिया गया शपथ अत्यंत महत्वपूर्ण है, आज से सभी प्रशिक्षु समाज की सुरक्षा व्यवस्था के अभिन्न अंग बन गए हैं।

**थाना – अंचल की बुनियादी इकाई हैं चौकीदार**

उपायुक्त ने कहा कि गांव, टोला या मोहल्ले में होने वाली किसी भी घटना की पहली जानकारी प्रायः चौकीदार को ही मिलती है। चौकीदार थाना - अंचल का बुनियादी इकाई है, उनकी सतर्कता और स्थानीय जानकारी से समय रहते अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है।

**अनुशासन, ईमानदारी और संवेदनशीलता पर दिया जोर**

उन्होंने चौकीदारों से अनुशासन, ईमानदारी और संवेदनशीलता को अपने कार्य का आधार बनाने की अपील की। गरीब, वृद्ध, महिला और बच्चों के प्रति मानवीय व्यवहार अपनाने पर विशेष बल दिया।

**101 प्रशिक्षुओं ने किया सटीक परेड प्रदर्शन : एसपी**

पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने कहा कि समारोह में 101 प्रशिक्षुओं ने दुरुस्त और समन्वित परेड का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि चौकीदार संस्था सदियों से सूचना संकलन, सत्यापन, नोटिस तामिला तथा प्रशासन-पुलिस और ग्रामीणों के बीच बेहतर समन्वय में अहम भूमिका निभाती रही है। इसे बखूबी आगे भी बेहतर ढ़ंग से अनुपालन करना है।

**प्रशिक्षकों और प्लाटूनों को मिला सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों, पुलिस पदाधिकारियों, सिविल वोलेंटियर्स तथा सभी पुरुष-महिला प्लाटूनों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

**जिले की सुरक्षा को और मजबूत करने का आह्वान**

समारोह के अंत में डीसी - एसपी ने नव-प्रशिक्षित चौकीदारों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई और उनसे जिले व राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने का आह्वान किया गया। मौके पर जैफ 04 कमांडेंट शम्भु कुमार सिंह, वन पदाधिकारी संदीप सींदे, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सिविल डिफेंस के एस पी वर्मा, सर्जेंट मेजर प्रणव कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## जनता को सुनना उनकी समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकताः उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनता की आवाज सुनना और उनकी समस्याओं का समाधान करना ही प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। यह बातें मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार के दौरान उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने कहीं। उन्होंने कहा कि जनता दरबार शासन-प्रशासन और आम नागरिकों के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम है। इससे नहीं केवल लोगों की समस्याओं का प्रत्यक्ष समाधान होता है, बल्कि जनता का विश्वास भी प्रशासनिक तंत्र में मजबूत होता है। उपायुक्त ने कहा कि, केवल जिला स्तर पर ही नहीं प्रखंडों में भी आज जनता दरबार आयोजित है। सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित होता है।

**54 मामलों की हुई सुनवाई – कई का हुआ मौके पर निष्पादन**

आज आयोजित जनता दरबार में कुल 54 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें भूमि विवाद, पेंशन, पारिवारिक कलह, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, आवास, राशन कार्ड और जनसुविधा से संबंधित विषय प्रमुख रहे। उपायुक्त ने सभी आवेदनों पर गंभीरता से सुनवाई की और कई मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई के साथ काम करें, ताकि जनता को अनावश्यक चक्कर नहीं लगाना पड़े।

**आवेदनों का करें आन लाइन इंट्री, कंप्यूटर आपरेटर बैठाएं**

उपायुक्त ने जन शिकायत के प्रभारी पदाधिकारी को अगले जनता दरबार से कंप्यूटर आपरेटर बैठाकर आवेदनों की आन लाइन इंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ताकि आवेदनों के निष्पादन की निगरानी आसानी से हो सके। इस बाबत सभी जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। मौके पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष, डीएसओ शालिनी खालखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सीएसआर नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार आदि उपस्थित थे।

## मुंह में कठोर और उभरा हुआ घाव कैंसर का लक्षण हो सकता है : जिला परामर्शी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के आदेशानुसार जवाहर नवोदय विद्यालय तेनुघाट एवं कस्तूरबा बालिका विद्यालय तेनुघाट जिला बोकारो में तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दोनों स्कूल के प्राचार्य द्वारा अपने संबोधन के साथ किया गया तत्पश्चात जिला परामर्शी मोहम्मद असलम के द्वारा बच्चों को तम्बाकू से स्टाफ नर्स पूनम लकड़ा द्वारा बताया गया कि भारत में मुंह का कैंसर एक बढता हुआ गम्भीर समस्या है जो मौत का कारण बनता है। मुंह में लगातार दर्द होना, मुंह के घाव जो ठीक नही हो रहा हो, मुंह में घाव होने पर अनायास ही खून बहना, मखमली, सफेद, लाल असामान्य धब्बे, मुंह में स्पष्ट रक्तस्राव, मुंह के अन्दर होंठों पर या अन्य जगहों पर कठोर, उभरा हुआ घाव, पपडी आदि दिखाई देना मुंह के कैंसर का मुख्य कारण है। इसपर जिला



होने वाले जनित रोगों से अवगत कराया गया साथ ही सभी को तम्बाकू छोड़ने हेतु परामर्शी सेवा के साथ साथ तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया गया।

**नशे की लत व्यक्ति को विनाश की ओर ले जाता है-**

जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य विपिन कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है जो व्यक्ति के शरीर, मन और समाज को बुरी तरह प्रभावित करता है। नशे की लत व्यक्ति को विनाश की ओर ले जाता है, इससे सिर्फ व्यक्ति ही नही बल्कि उसका पूरा परिवार प्रभावित होता है। ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी है कि खुद तो बचे और दूसरो को भी इससे दूर रहने के लिये प्रेरित करें।

मुंह में कठोर और उभरा हुआ घाव कैंसर का लक्षण हो सकता है-

जवाहर नवोदय विद्यालय तेनुघाट की परामर्शी ने बताया कि उपरोक्त लक्षणों में से कोई भी लक्षण दिखाई दे तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर तुरन्त डेन्टल डाक्टर को दिखाना चाहिए ताकि समय रहते समस्या की पहचान कर समय पर उपचार किया जा सके कार्यक्रम के अंत में दोनों स्कूल में क्विज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विजेता बच्चों को टी-शर्ट व बैग देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रचार विपिन कुमार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तेनुघाट की वार्डन सावित्री हेंब्रम स्टाफ नर्स पूनम लकड़ा के साथ शिक्षकगण, स्वास्थ्य विभाग के जिला परामर्शी मो असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, सोशल वर्कर छोटेलाल दास, स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

## जयंत सिंह अपहरण हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

### शव गिरिडीह से बरामद, विनोद खोपड़ी सहित छह गिरफ्तार




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी का चर्चित जयंत सिंह अपहरण और हत्या कांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में मुख्य आरोपी विनोद खोपड़ी के साथ-साथ पांच अन्य आरोपियों को भी इस हत्याकांड में शामिल होने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। जिनका नाम मनोज कुमार उर्फ लुसी,संजय कुमार उर्फ संजय डोम आनंद कुमार, संजय सिंह उर्फ कट्टा और वरुण पासवान शामिल है। इसकी जानकारी बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने दी है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि विनोद खोपड़ी एक बोकारो का गुंडा है। जिसका बोकारो में वर्चस्व है। इसके खिलाफ बोकारो में 19 मामले दर्ज है। हत्याकांड का मास्टरमाइंड विनोद खोपड़ी है। जिसकी जयंत से फोन में किसी बात को लेकर विवाद हुई थी। इसके बाद ऑडियो वायरल हुआ और ऑडियो वायरल होने के बाद प्रतिशोध में उसका अपहरण कर हत्या लाठी से पीट-पीटकर कर दी गई। एसपी ने बताया कि विनोद खोपड़ी के कहने पर संजय सिंह ने जयंत के करीबी वरुण पासवान के साथ संपर्क सदा उसके बाद वरुण ने 10 दिसंबर को जयंत के भागलपुर मोड पर होने की जानकारी विनोद खोपड़ी को दी। जहां से उसका अपहरण किया गया ।उसके बाद सेक्टर 8 स्थित खंडहर स्कूल में ले जाकर जयंत की लाठी से पिटाई की की गई।उसकी मौत होने के कारण एक काले रंग के अल्टो गाड़ी से उसे ले जाकर गिरिडीह जिले के पीरटांड थाना क्षेत्र के जिलेबिया घाटी के पास फेंक दिया गया। विनोद खोपड़ी के गिरफ्तार होने के बाद उसकी निशानदेही पर जयंत का शव बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि गाड़ी और डंडा भी बरामद किया गया है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी विनोद खोपड़ी पावर और पैसे का इस्तेमाल करता है। उन्होंने कहा कि इस मामले में अनुसंधान में चूक न हो इसका ध्यान रखा जाएगा और आरोपी को सजा दिलाई जाएगी। अन्य आरोपी की भी तलाश की जा रही है और जल्द उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा।

### आक्रोशित लोगों ने जयंत के हत्यारों को फांसी की मांग को लेकर घंटों सड़क जाम रखी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ठेका मजदूर जयंत सिंह हत्याकांड को लेकर लोगों में गुस्सा देखा जा रहा है। सेल की जमीन का अतिक्रमण कर अपराध की फैक्ट्री चलाने वाले विनोद खोपड़ी को फांसी देने की मांग कर रहे थे। कब्जा की जमीन पर बने ऑफिस को ध्वस्त करने की मांग को लेकर आज नया मोड़ को लोगों ने जाम कर दिया। लोगों की मांग है कि पहले प्रशासन अपराध की फैक्ट्री को ध्वस्त करें और बोकारो को अपराध मुक्त करें। जाम कर रहे लोगों ने कहा कि जब तक उसके सेक्टर 6 स्थित ऑफिस को ध्वस्त नहीं किया जाता है तब तक वे लोग जयंत का शव परिवार रिसीव नहीं करेगा। जाम के कारण सड़क पर गाड़ियों की लाइन लग गई। आक्रोशित लोग विनोद खोपड़ी को फांसी देने की मांग कर रहे हैं। इस जाम का नेतृत्व कर रहे करणी सेवा के लोगों ने कहा कि विनोद खोपड़ी किसी भी मामले को लेकर लोगों को धमका कर अपने सेक्टर 6 ऑफिस बुलाकर टॉर्चर और पिटाई करने का काम करता था। बोकारो स्टील की जमीन पर अगर कोई गुमटी लगता है तो प्रशासन उसे तोड़ देती है। लेकिन इतना बड़ा अपराध की फैक्ट्री वह सेक्टर 6 कार्यालय से चला रहा था। उसे पर किसी की नजर नहीं है। कहा गया कि जब तक ऑफिस में बुलडोजर की कार्रवाई नहीं होती है तब तक सड़क जाम रहेगा। घंटों बाद पल्स प्रशासन ने जाम हटवाया।

## जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता में उभरती प्रतिभाओं का भव्य प्रदर्शन





### व्यावसायिक शिक्षा से बोकारो के 9,000 से अधिक छात्र हो रहे सशक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समग्र शिक्षा एवं झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में मंगलवार को शिबू सोरेन स्मृति भवन (टाउन हॉल), बोकारो में जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से जिले में संचालित व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों की गुणवत्ता, उपयोगिता एवं छात्रों की रचनात्मक क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला।

**32 विद्यालयों में संचालित है व्यावसायिक शिक्षा**

जिले के 32 सरकारी विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा संचालित की जा रही है, जिससे लगभग 9,000 छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं। यह कार्यक्रम छात्रों को प्रारंभिक स्तर से ही रोजगारोन्मुख एवं व्यवहारिक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**82 विजेता टीमों ने प्रदर्शित किए मॉडल व प्रोटोटाइप**

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 82 छात्र टीमों ने भाग लिया, जो विद्यालय स्तर पर अपने-अपने ट्रेड में विजेता रही थीं। विद्यार्थियों ने ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, हेल्थ केयर, एग्रीकल्चर सहित विभिन्न ट्रेडों में तैयार किए गए मॉडल एवं प्रोटोटाइप प्रस्तुत किए, जिनमें नवाचार, तकनीकी समझ और समस्या समाधान कौशल स्पष्ट रूप से झलका।

**दीप प्रज्वलन के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ**

कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि व्यावसायिक शिक्षा छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ स्थानीय एवं वैश्विक श्रम बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार कर रही है।

**विशेषज्ञ जूरी ने किया मॉडलों का मूल्यांकन**

प्रदर्शनी में प्रस्तुत सभी मॉडलों का मूल्यांकन विभिन्न विभागों से आए विशेषज्ञ जूरी सदस्यों द्वारा किया गया। जूरी में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, राज्य कर पदाधिकारी, मोटर यान निरीक्षक, आईटीआई बोकारो के प्रशिक्षण पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कौशल विकास, नियोजन, जनसंपर्क पदाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारी शामिल थे।

**विभिन्न ट्रेडों में घोषित हुए विजेता**

**– ऑटोमोटिव ट्रेड**

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, नावाडीह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, चंदनक्यारी द्वितीय तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गोमिया तृतीय स्थान पर रहा।

**– इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हार्डवेयर ट्रेड**

प्लस टू उच्च विद्यालय, धातु ने प्रथम स्थान हासिल किया। श्रमिक प्लस टू उच्च विद्यालय, तुपकाडीह द्वितीय एवं मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (बालिका), नावाडीह तृतीय स्थान पर रहा।

## विजय दिवस 1971 के शहीदों को किया गया नमन, सिटी पार्क स्थित शहीद उद्यान में दी गई श्रद्धांजलि



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विजय दिवस भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, बलिदान और रणनीतिक कुशलता की याद दिलाता है। यह विजय लोकतंत्र, स्वतंत्रता और मानवता की रक्षा के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।। विजय दिवस हमें उन सैन्यकर्मियों का सम्मान और समर्थन करने की याद दिलाता है, जिनके बलिदान देश की अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखते हैं। ये बातें चिन्मय विद्यालय बोकारो के प्राचार्य सूरज शर्मा ने मंगलवार को कही। श्री शर्मा पूर्व सैनिक सेवा परिषद बोकारो इकाई की ओर से सिटी पार्क के शहीद उद्यान में आयोजित "विजय दिवस 1971" कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. विजय दिवस पर शहीदों को नमन किया गया. सिटी पार्क के शहीद उद्यान में बोकारो के पूर्व सैनिकों व शहरवासियों ने श्रद्धांजलि दी. भारतमाता की जय... वंदे मातरम... आदि के उद्घोष से स्टील सिटी बोकारो गूंज उठा.

**भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी : एके सिंह**

विशिष्ट अतिथि बीएसएल नगर सेवा विभाग-एलआरए के महाप्रबंधक एके सिंह ने कहा : भारत की 1971 में पाकिस्तान पर प्राप्त सैन्य विजय को हर साल 16 दिसंबर का दिन विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है. वर्ष 1971 में आज के दिन भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी. भारतीय सेना की वीरता के आगे पाकिस्तान की सेना ने आत्मसमर्पण किया.

## बीएसएल में पर्यावरण माह के अंतर्गत विविध जागरूकता गतिविधियों का आयोजन




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट द्वारा दिनांक 19 नवंबर से 18 दिसंबर तक पर्यावरण माह का आयोजन किया जा रहा है. इस अवसर पर संयंत्र एवं बोकारो नगर में पर्यावरण संरक्षण, सतत औद्योगिक प्रथाओं को प्रोत्साहित करने तथा पर्यावरणीय जागरूकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है. इसी क्रम में पर्यावरण माह की गतिविधियों की श्रृंखला के अंतर्गत दिनांक 16 दिसंबर 2025 को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के कॉन्फ्रेंस कक्ष संख्या - 01 में 'प्रदूषण नियंत्रण एवं अपशिष्ट प्रबंधन' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक (ईसीएस) श्री राजेश श्रीवास्तव द्वारा मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास) सुश्री नीता बा की उपस्थिति में किया गया. इस अवसर पर महाप्रबंधक (ईसीएस) श्रीमती प्रीति झा, उप महाप्रबंधक (ईसीएस) श्री नितेश रंजन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे. प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों से कुल 35 प्रतिभागियों ने सहभागिता की. उद्घाटन संबोधन में वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, सतत औद्योगिक विकास तथा वैधानिक पर्यावरणीय अनुपालन सुनिश्चित करने में कर्मचारियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला. प्रशिक्षण सत्रों का संचालन ईसीएस विभाग की महाप्रबंधक (ईसीएस) श्रीमती प्रीति झा एवं उप महाप्रबंधक (ईसीएस) श्री नितेश रंजन द्वारा किया गया. सत्रों के दौरान प्रदूषण नियंत्रण प्रणालियों, अपशिष्ट प्रबंधन प्रक्रियाओं, वैधानिक प्रावधानों तथा औद्योगिक संचालन में अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं पर विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई. कार्यक्रम का समन्वयन प्रबंधक (मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास) श्री जय नारायण यादव तथा कनीय प्रबंधक (मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास) श्री एस. के. डी. भौमिक द्वारा किया गया. इसके अतिरिक्त, दिनांक 15 दिसंबर 2025 को संयंत्र के मुख्य द्वार के समीप सहभागिता उद्यान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन्स) श्री अनूप कुमार दत्त, मुख्य महाप्रबंधक (सेवाएं) श्री अरविंद कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) श्री शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (आरएमएचपी) श्री धनंजय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) श्री कुंदन कुमार तथा मुख्य महाप्रबंधक (ईसीएस) श्री राजीव श्रीवास्तव द्वारा वृक्षारोपण किया गया. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री प्रिय रंजन ने संयंत्र के समस्त कर्मियों से संचालन एवं अनुरक्षण गतिविधियों में पर्यावरण-अनुकूल एवं सतत प्रथाओं को अपनाने का आह्वान करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक दायित्व की आवश्यकता पर बल दिया. गौरतलब है कि पर्यावरण माह के अंतर्गत प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों की प्रभावी स्थापना, संचालन एवं अनुरक्षण, ऊर्जा दक्षता एवं कार्बन फुटप्रिंट में कमी तथा अपशिष्ट उपयोगीकरण से संबंधित उत्कृष्ट पहलों पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है. ये प्रतियोगिताएं संयंत्र, टाउनशिप एवं बोकारो जनरल अस्पताल में क्रियान्वित पर्यावरणीय पहलों पर आधारित हैं. इन समस्त गतिविधियों के माध्यम से बीएसएल पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास तथा कर्मचारियों एवं समाज में पर्यावरणीय चेतना को सुदृढ़ करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सशक्त कर रहा है.

## वाहन जांच अभियानः डीटीओ ने वसूला 5 लाख 31 हजार रुपए का जुर्माना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत रेलवे साइड में जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज द्वारा आज चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 21 वाहनों से 5 लाख 31 हजार 850 रुपए का जूमार्ना लिया गया। उपायुक्त के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज द्वारा जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 21 वाहन से 5 लाख 31 हजार 850 रुपए जुमार्ना वसूला गया। डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 40 वाहनों की जांच की गई, जिसमें फिटनेस सर्टिफिकेट, रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग, इंश्योरेंस फेल एवं टैक्स फेल होने को लेकर 21 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला लिया गया। डीटीओ मारुति मिंज ने चंद्रपुरा प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहों पर दो पहिया वाहनों सहित चार पहिया वाहनों की जांच की गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK